✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 318 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना स्थित आवास पर जनप्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात करते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### विजय कुमार चौधरी ने ग्रहण किया पदभार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** उपमुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दीं। उपमुख्यमंत्री ने विभागीय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने मौजूदा योजनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग की प्रभावी कार्यप्रणाली राज्य के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

### भ्रष्टाचार मामले के अभियुक्तों ने किया आत्मसमर्पण

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी की कार्रवाई से घबराकर 13 अभियुक्तों ने स्पेशल कोर्ट में सरेंडर किया। ये सभी अभियुक्त लंबे समय से न्यायिक प्रक्रिया में उपस्थित नहीं हो रहे थे। इन्हें बार-बार चेतावनी दी जा रही थी कि आत्मसमर्पण कर दें लेकिन ये फरार चल रहे थे। आखिरकार आज इन अभियुक्तों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इनमें सात लोग पद का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार में लगे हुए थे वहीं छह को रंगेहाथ घूस लेते पकड़ा गया था।

### विधान परिषद की एक और सीट पर उपचुनाव का ऐलान

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधान परिषद की एक सीट पर उपचुनाव की घोषणा कर दी गई है। इसके लिए 12 मई को मतदान कराया जाएगा। यह सीट पूर्व मंत्री मंगल पांडेय के विधायक निर्वाचित होने के बाद 16 नवंबर 2025 से खाली है। उनका कार्यकाल 6 मई 2030 तक था लेकिन अब इस पद के लिए नए सदस्य का चुनाव होगा, जिसका कार्यकाल शेष अवधि यानी करीब 4 साल का होगा। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार इस उपचुनाव के लिए 23 अप्रैल को अधिसूचना जारी होगी और उसी दिन से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

### सहकारी बैंक के ग्राहकों को मिली यूनिक खाता संख्या

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार राज्य सहकारी बैंक बैंकिंग सुविधाओं में लगातार सुधार कर रहा है। बैंक ने अपने सभी ग्राहकों तथा जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के खातों को एकीकृत करते हुए प्रत्येक ग्राहक को यूनिक खाता संख्या प्रदान किया है। बैंक ने सुविधाओं को आधुनिक बनाने के लिए फिनाकल 10.25 प्लेटफॉर्म का माइग्रेशन पूरा कर लिया है। यह बैंक की तकनीकी दक्षता और कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करेगा। इससे बैंकिंग सेवाओं में पारदर्शिता, सटीकता एवं सुगमता सुनिश्चित होगी। भविष्य में डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार का मार्ग प्रशस्त होगा। जनरल लेजर कोड एवं ट्रायल बैलेंस से लेखा प्रणाली अधिक सुदृढ़, त्रुटिरहित एवं ऑडिट के अनुकूल बनी है।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई : सम्राट

## मुख्यमंत्री ने उप मुख्यमंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों से किया विचार-विमर्श

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के 24वें मुख्यमंत्री और भाजपा के पहले सीएम बने सम्राट चौधरी ने पद संभालते ही कामकाज की रफ्तार तेज कर दी है। शपथ लेने के बाद से ही वह लगातार एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। गुरुवार को लगातार दूसरे दिन वह सचिवालय पहुंचे और अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों के प्रधान सचिवों को तलब कर स्पष्ट निर्देश दिया कि विकास कार्यों में तेजी लाई जाए और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता से समझकर उनका जल्द समाधान करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। सम्राट चौधरी ने अधिकारियों को दो टूक कहा कि केवल फाइल आगे बढ़ाने या पत्राचार करने की



प्रवृत्ति खत्म होनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर स्तर पर काम तेजी से हो और जनता को राहत मिले। खासतौर पर भूमि विवाद जैसे मामलों में किसी तरह की जटिलता नहीं होनी चाहिए। बैठक के दौरान नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव नवीन कुमार ने विभागीय योजनाओं पर प्रजेंटेशन दिया। मुख्यमंत्री ने सचिवालय का निरीक्षण भी किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज 4, देशरत्न मार्ग स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और उनके साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने अपने कार्यालय कक्ष में अधिकारियों के साथ मुलाकात के दौरान वहां की कार्य पद्धति के संबंध में विभिन्न बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया। साथ ही मुख्यमंत्री सचिवालय के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, गृह विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी संजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बिहार को नई राह दिखाएंगे सीएम सम्राट चौधरी : निशांत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में नई सरकार बनने के बाद पहली बार नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार मीडिया के सामने आए। गुरुवार को 12.45 बजे वो जदयू कार्यालय पहुंचे। इस दौरान जदयू कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी मेरे बड़े भाई हैं। उन्हें बधाई देता हूं। विजय चौधरी अंकल को बधाई देता हूं। उम्मीद है सम्राट जी बिहार को नई राह दिखाएंगे। हम उनके नेतृत्व में काम करेंगे। मेरे पिताजी और मेरा सम्राट को पूरा सहयोग है। मैं जनता के बीच में जाऊंगा। पार्टी को मजबूत करने का काम करूंगा। पिता जी के अधूरे सपनों को पूरा करूंगा। निशांत कुमार ने गुरुवार को जदयू दफ्तर में अपने पिता नीतीश कुमार पर बनी शॉर्ट फिल्म 'मेरा नेता मेरा अभिमान' की लॉन्चिंग की। फिल्म में नीतीश के 20 साल के काम को दिखाया गया है। उन्होंने नीतीश पर बने एक गाने को भी रिलीज किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अशोक चौधरी भी मौजूद थे। मूवी लॉन्च होने के बाद अशोक चौधरी रो



पड़े। निशांत ने कंधे पर हाथ रखकर ढांढस बंधाया। निशांत ने कहा कि उनकी प्राथमिकता पार्टी संगठन को मजबूत करना और जनता का आशीर्वाद लेना रहेगा। उन्होंने कहा कि उनके पिताजी नीतीश कुमार ने 20 सालों में बिहार के लिए बहुत काम किए हैं। वहीं अशोक चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार का राज्यसभा जाने का फैसला उनका अपना था। उन्होंने माना कि उनके साथ काम करने का अनुभव बेहद खास रहा है। अशोक चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार सिर्फ मुख्यमंत्री नहीं बल्कि पूरे बिहार के अभिभावक हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे भी उनका मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

## पीएम मोदी एवं नीतीश कुमार लोकनायक के सपनों को कर रहे साकार : सीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को कदमकुआं स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आवास (महिला चरखा समिति) परिसर में स्थापित लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं उनकी धर्मपत्नी स्व. प्रभावती देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उन्होंने महिला चरखा समिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने जयप्रकाश अध्ययन एवं शोध केंद्र, प्रभावती-स्मृति कक्ष, शयन कक्ष, सम्पूर्ण क्रांति सभागार आदि का जायजा लिया। महिला चरखा समिति के फोटो गैलरी कक्ष में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के प्रारंभिक जीवन, स्वतंत्रता आंदोलन एवं 1974 के जेपी आंदोलन से संबंधित लगाई गई तस्वीरों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने महिला चरखा समिति से जुड़ी महिलाओं से बातचीत की। उन्होंने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं नीतीश कुमार साकार कर रहे हैं। उन्होंने महिला चरखा समिति के विजिटर्स बुक में हस्ताक्षर कर अपनी उपस्थिति दर्ज की। महिला चरखा समिति से जुड़ी महिलाओं ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया तथा उनके साथ सामूहिक तस्वीर खिंचवाई। स्थानीय लोगों ने भी मुख्यमंत्री को फूल माला भेंटकर ढोल-नगाड़ों के साथ अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े पत्रकारों के सवाल पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार लोकसभा एवं विधानसभाओं में इस देश की सभी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने जा रही है। पूरा बिहार उनके इस फैसले के साथ खड़ा है।

## घूस लेते शिक्षा विभाग का जेई गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पूर्णिया।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) ने पूर्णिया में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। गुरुवार को निगरानी की टीम ने शिक्षा विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) भूषण प्रसाद को दस हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। यह गिरफ्तारी तब हुई जब इंजीनियर एक ठेकेदार से काम के बदले अवैध राशि की मांग कर रहा था। इस मामले का सबसे हैरान करने वाला पहलू यह है कि आरोपी जूनियर इंजीनियर भूषण प्रसाद का तबादला 15 अप्रैल को ही कटिहार जिले में हो गया था। स्थानांतरण के बावजूद वह पुराने काम के निपटारे के नाम पर ठेकेदार पर रुपये के लिए दबाव बना रहा था। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि इंजीनियर ने काम के बदले भारी-भरकम राशि की मांग की थी जिसके



बाद उसने थक-हारकर पटना स्थित विशेष निगरानी इकाई को इसकी गुप्त सूचना दी। शिकायतकर्ता पहले भी भूषण प्रसाद को बहलाने के लिए पांच और आठ हजार रुपये जैसी छोटी राशियां तीन-चार किस्तों में दे चुका था लेकिन जब इंजीनियर की मांग बढ़ती गई तो निगरानी विभाग ने जाल बिछाया। जैसे ही दस रुपये की अगली किस्त दी गई, टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के तुरंत बाद विशेष निगरानी इकाई के डीएसपी राज कुमार के नेतृत्व में टीम ने आरोपी के जिला स्कूल रोड स्थित निजी आवास पर धावा बोल दिया। टीम में एसआई अविनाश झा समेत कई अन्य सदस्य शामिल हैं जो घर के दस्तावेजों और संपत्तियों की बारीकी से जांच कर रहे हैं।

## सीबीआई ने कुख्यात भोला सिंह को किया गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के कुख्यात अपराधी भोला सिंह को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने गुजरात के सूरत से गिरफ्तार किया है। पटना जिले के पंडारक निवासी भोला सिंह अपना बदलकर गौतम और अमित शर्मा बनकर वहां रह रहा था। उसकी गिरफ्तारी पश्चिम बंगाल के दो व्यक्तियों के अपहरण से जुड़े 12 साल पुराने मामले में हुई है। भोला सिंह बिहार के विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज मामलों में भी वांछित है। इन मामलों में अपहरण, हत्या का प्रयास, हत्या तथा अवैध हथियार और विस्फोटक अपने कब्जे में रखने से संबंधित अपराध की धाराएं लगी हैं। बिहार पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक भोला सिंह पर दर्ज मामलों में पूछताछ को लेकर उसे रिमांड पर लिया जायेगा। इसको लेकर संबंधित न्यायालय में आवेदन किये जाने की तैयारी चल रही है।

## सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर डॉ. निर्मल कुशवाहा ने दी बधाई, विकास के नए युग की जताई उम्मीद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद/पटना।** वरिष्ठ जदयू नेता एवं पूर्व प्रभारी (औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र) डॉ. निर्मल कुशवाहा ने सम्राट चौधरी के बिहार के मुख्यमंत्री बनने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार में विकास का एक नया अध्याय प्रारंभ होगा और राज्य प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि सम्राट चौधरी जमीन से जुड़े नेता हैं, जिन्होंने मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के रूप में अपनी योग्यता, प्रतिभा और कुशल नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है। उनके अनुभव और प्रशासनिक समझ का लाभ अब पूरे राज्य को मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि नई सरकार पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश



कुमार के मूल मंत्र 'न्याय के साथ विकास' को आगे बढ़ाते हुए राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि यह सिद्धांत बिहार की राजनीति और प्रशासन की मजबूत नींव रहा है, जिसे नई सरकार और अधिक प्रभावी तरीके से लागू करेगी। डॉ. कुशवाहा ने उम्मीद जताई कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार सामाजिक न्याय, बुनियादी ढांचे के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में ठोस एवं सकारात्मक कदम उठाएगी। साथ ही राज्य के पिछड़े एवं वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में भी सार्थक पहल की जाएगी। डॉ. कुशवाहा ने नवगठित सरकार में उपमुख्यमंत्री बने विजय चौधरी एवं बिजेंद्र यादव को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं का प्रशासनिक अनुभव और राजनीतिक समझ राज्य के विकास को नई दिशा देगा। अंत में उन्होंने आशा व्यक्त की कि नई सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।

## पंचायत चुनाव को लेकर आरक्षण रोस्टर निर्धारण की प्रक्रिया शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पंचायत चुनाव को लेकर आरक्षण रोस्टर निर्धारण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में विस्तृत गाइडलाइन जारी करते हुए सभी जिलों को प्रपत्र-एक के प्रकाशन का कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया है। इस प्रक्रिया के तहत वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाकर आरक्षण रोस्टर तैयार किया जाएगा और उसी के अनुसार पंचायत चुनाव की रूपरेखा तय होगी। आयोग ने स्पष्ट किया है कि प्रपत्र-एक का प्रकाशन पूरी तरह त्रुटिरहित होना चाहिए और सभी कार्य डिजिटल माध्यम से किए जाएंगे। इससे डेटा की पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित की जा सकेगी। आयोग का कहना है कि पूर्व में वर्ष 2015 में भी प्रपत्र-एक का प्रकाशन किया गया था और वर्ष 2016 के पंचायत चुनाव उसी आधार पर कराए गए थे। लेकिन इसके बाद नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा कई ग्रामीण क्षेत्रों को नगर निकायों में शामिल कर दिया गया जिससे पंचायतों की संरचना में बदलाव आया है। इसी कारण अब नए सिरे से डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से प्रपत्र-एक का प्रकाशन किया जा रहा है। जारी कार्यक्रम के अनुसार 27 अप्रैल को वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर प्रपत्र-एक का प्रारूप प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 11 मई तक इस पर आपत्तियां दाखिल की जा सकेंगी। प्राप्त आपत्तियों का निष्पादन 14 मई तक किया जाएगा। इसके बाद 18 से 22 मई के बीच अपील वादों का निपटारा होगा। सभी प्रक्रियाओं के पूरा होने के बाद 25 मई को प्रपत्र-एक का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। वहीं 29 मई को इन आंकड़ों को जिला गजट में प्रकाशित किया जाएगा जिससे इसे आधिकारिक मान्यता मिल सके। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य पंचायत चुनाव में आरक्षण व्यवस्था को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाना है, ताकि सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व मिल सके। राज्य निर्वाचन आयोग ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि किसी भी स्तर पर गलती या तकनीकी त्रुटि न हो, जिससे आगे चलकर चुनाव प्रक्रिया प्रभावित हो। इसी के साथ बिहार में 2026 में प्रस्तावित पंचायत चुनाव की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला परिषद से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक सभी पदों के लिए नियमों को सख्ती से लागू किया जाएगा। इसके अलावा चुनाव से पहले अधिकारियों और कर्मियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल से चुनावी प्रशिक्षण की शुरुआत हो चुकी है। अलग-अलग प्रमंडलों के लिए अलग-अलग तिथियां निर्धारित की गई हैं। पटना और तिरहुत प्रमंडल में 12 अप्रैल से प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है जबकि मगध, मुंगेर और भागलपुर प्रमंडल में 16 अप्रैल से प्रशिक्षण शुरू हो गया है। वहीं कोसी, पूर्णिया, दरभंगा और सारण प्रमंडल में आज 17 अप्रैल से अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग का मानना है कि प्रशिक्षित अधिकारियों की मौजूदगी से चुनाव प्रक्रिया अधिक सुचारु और निष्पक्ष होगी।



# भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप होगी जनगणना : मुख्य सचिव


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में 17 अप्रैल से शुरू होने वाले स्व-गणना कार्य की समीक्षा को लेकर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय सभागार में बैठक आयोजित की गई जिसमें वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति (एसएलसीसीसी) के सदस्य और प्रधान जनगणना अधिकारी शामिल हुए। मुख्य सचिव ने 'जनगणना 2027' के तहत 17 अप्रैल से शुरू होने वाले स्व-गणना (सेल्फ एनुमेरेशन) से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को कई अतिआवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह एक राष्ट्रहित का कार्य है और सभी को भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही कार्य करना है। जनगणना का कार्य दो चरणों में प्रस्तावित है। प्रथम चरण की शुरूआत 2 मई से होगा जिसमें मकानों की सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व 17 अप्रैल से स्व-गणना का कार्य प्रारंभ होगा जो 1 मई 2026 तक चलेगा। उन्होंने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव और राज्य के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि इस अभियान को सफलता पूर्वक संपन्न कराया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी जिलाधिकारी, अनुमंडल और प्रखंड स्तर पर गणमान्य व्यक्तियों की एक सूची तैयार करें और उनसे स्व-गणना करवाएं, ताकि जिलावासियों को भी इस अभियान में भाग लेने की प्रेरणा मिले। उन्होंने कहा कि विभागवार यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी निदेशालयों, प्रभागों, निगमों और जिलों के विभिन्न विभागों में कार्यरत सभी पदाधिकारी एवं कर्मी अपनी स्व-गणना समय से पूर्ण करें। मुख्य सचिव ने कहा कि स्व-गणना हेतु प्रभावी जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए और ग्रामीण क्षेत्रों में इस अभियान से सभी को जोड़ने के लिए 'जीविका दीदियों' की मदद ली जाए। सभी जिलों में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण चल रहा है उसके अनुश्रवण की आवश्यकता है। उन्होंने तकनीकी कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश देते हुए कहा कि सीएमएमएस पोर्टल पर हाउस मकान सूचीकरण के कार्य को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण किया जाए। वहीं, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव ने भी स्वगणना को लेकर सभी विभागों के प्रधान सचिव, सचिव और सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनगणना कार्य निदेशक सह मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी ने अधिकारियों का स्वागत करते हुए स्व-गणना की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।




## नारी वंदन अधिनियम सशक्त भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत नारी वंदन अधिनियम का स्वागत करते हुए इसे भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाने वाला ऐतिहासिक और दूरदर्शी निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम देश की आधी आबादी को राजनीतिक रूप से सशक्त करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। लंबे समय से महिलाओं को विधानसभाओं और संसद में पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी जिसे यह अधिनियम वास्तविक रूप प्रदान करता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि नारी वंदन अधिनियम के माध्यम से संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया जाना, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे न केवल महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ेगी, बल्कि नीति निर्माण में उनके दृष्टिकोण को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण तथा जन-धन योजना के माध्यम से वित्तीय समावेशन जैसे प्रयासों ने महिलाओं के जीवन स्तर में व्यापक सुधार किया है और उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है। डॉ. प्रेम कुमार ने विश्वास जताया कि इस अधिनियम के लागू होने से देश की राजनीति में नई ऊर्जा और संतुलन आएगा। निर्णय प्रक्रिया अधिक समावेशी और संवेदनशील बनेगी, जिससे समाज के सभी वर्गों का समुचित विकास सुनिश्चित होगा। अंत में उन्होंने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

## अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय, हाजीपुर में वैशाली रेल प्रेक्षागृह में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में पूमरे के प्रधान विभागाध्यक्षों व उच्चाधिकारियों सहित, यूनियन, एस.सी.एस.टी.एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा भी बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने समाज में समानता, न्याय एवं समरसता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। बाबा साहब के जयंती दिवस को विश्व में समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में भी मनाया जाता है क्योंकि जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले बाबा साहब को समानता और ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। बाबा साहब के बनाए संविधान के कारण ही भारत किसी जाति, धर्म, क्षेत्र संप्रदाय आदि में बंधा हुआ नहीं है, बल्कि यह एक जीवंत लोकतंत्र है। बाबा साहेब ने अर्थव्यवस्था, महिला उत्थान एवं सामाजिक सुधारों के क्षेत्र में भी अनेक कार्य किए जिससे हमारी आर्थिक व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक क्षेत्र में काफी सुधार हुआ । महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि बाबा साहब के जयंती के उपलक्ष्य में हमें यह प्रण लेना है कि उनके बताए गए संवैधानिक मूल्यों का पालन करते हुए हम देश, समाज को ज्यादा समावेशी, ज्यादा प्रगतिशील बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करते रहेंगे ।



## निरीक्षण में कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा की व्यवस्थाएं दुरुस्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जंदाहा (वैशाली)।** बिहार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित केवाईपी केंद्र कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा का निरीक्षण जिला कौशल प्रबंधक प्रेम कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान केंद्र की शैक्षणिक व्यवस्था, बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली, कंप्यूटर लैब, प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं छात्रों की उपस्थिति का गहन अवलोकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं संतोषजनक पाई गईं। जिला कौशल प्रबंधक ने केंद्र के संचालन, अनुशासन एवं प्रशिक्षण की गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र युवाओं को तकनीकी एवं कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर केंद्र संचालक डॉ. आनंद रंजन झा ने जिला कौशल प्रबंधक के समक्ष कुछ महत्वपूर्ण समस्याओं को भी रखा। उन्होंने बताया कि पिछले लगभग 6 महीनों से भुगतान लंबित होने के कारण केंद्र संचालन में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही बैच प्रारंभ में अनिश्चितता एवं कुछ तकनीकी बाधाओं के कारण प्रशिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। जिला कौशल प्रबंधक प्रेम कुमार ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए यथाशीघ्र समाधान हेतु संबंधित विभाग से पहल करने का आश्वासन दिया।



## पोस्टर और स्लोगन से गूंजा बी.डी. कॉलेज का पर्यावरण संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और संवेदना जगाने के उद्देश्य से आज बी.डी. कॉलेज में जंतु विज्ञान विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में किया गया जिसका थीम ऊर्जा संरक्षण, वन्य जीव सुरक्षा, जल संरक्षण, प्लास्टिक का उपयोग बंद करना और वनीकरण रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और आने वाली पीढ़ियों के लिए यह संबसे बड़ा उपहार है। पोस्टर प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. अनिल कुमार (विभागाध्यक्ष, भौतिकी) और डॉ. सुजन दत्ता (रसायन विज्ञान विभाग) द्वारा किया गया। दोनों निर्णायकों को जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. कविता परमार ने सम्मानित किया। चुने गए प्रतिभागियों को 22 अप्रैल को आयोजित होने वाले सेमिनार में पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. कविता परमार के साथ शिक्षिका गीतांजलि, रौशनी परवीन, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विशाल विजय, स्टार्टअप सेल के सचिन राज और कृतिका कुमारी की सक्रिय भूमिका रही।




## महिला चरखा समिति की संस्थापिका प्रभावती देवी की पुण्यतिथि पर सामूहिक प्रार्थना का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** महात्मा गांधी की अनुयायी और महिला चरखा समिति की संस्थापिका प्रभावती देवी की पुण्य तिथि के अवसर पर सामूहिक प्रार्थना तथा भजन का आयोजन गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में महिला चरखा समिति, जगत नारायण रोड, कदमकुआं, पटना में किया गया। शिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया जिसमें आर्ट एण्ड क्राफ्ट से संबंधित वस्तुओं तथा बड़ी-तिलौड़ी, आचार-पापड़, सत्तु-बेसन, निमकी, खजूर, पेड़किया और भी अन्य तरह की खाद्य सामाग्रियों का स्टॉल लगाया गया। अपराह्न 3:30 बजे समिति सभागार में प्रभा स्मृमि पर्व के अवसर पर स्मृति-व्याख्यान का आयोजन समिति की अध्यक्षा प्रो. तारा सिन्हा की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। सभा में उपस्थित आगन्तुकों का स्वागत एवं मंच संचालन समिति की मंत्री डा. मृदुला प्रकाश ने किया। मुख्य अतिथि सह वक्ता, ज्योति बहन-विनोबा भावे आश्रम, पवनार ने महिला शक्ति प्राचीन और अर्वाचीन समय संदर्भ में विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

# नितिन नवीन के अनुभव एवं जनसेवा के प्रति समर्पण से आमजन की अपेक्षाओं को नई दिशा : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, महामंत्री विनोद तावड़े, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा, जदयू के वरिष्ठ नेता रामनाथ ठाकुर, भाजपा प्रदेश महामंत्री शिवेश राम के राज्यसभा सांसद के शपथ ग्रहण में शामिल हुए और बधाई दी। इस क्रम में उन्होने सभी के उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नए दायित्व को लेकर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि उनका यह नया दायित्व देश एवं बिहार के विकास को नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने भरोसा जताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का अनुभव एवं जनसेवा के प्रति समर्पण से निश्चित रूप से आमजन की अपेक्षाओं को नई दिशा मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के सफल, प्रभावी एवं जनहितकारी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं भी दी। बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने महाराष्ट्र से राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ग्रहण करने पर राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार प्रभारी विनोद तावड़े को भी बधाई दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े का राजनीतिक अनुभव देश के उच्च सदन में देश के विकास के लिए मिलता रहेगा। संसद में राष्ट्रहित एवं जनकल्याण के मुद्दों को पूरी मजबूती के साथ उठाते हुए वे विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने प्रदेश महामंत्री शिवेश राम, जदयू के वरिष्ठ नेता रामनाथ ठाकुर और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा के बिहार से राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ग्रहण करने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने विश्वास के साथ कहा कि मुझे विश्वास है कि आप सभी सदन में बिहार के हितों को सर्वोपरि मानते हुए जन-आकांक्षाओं को नई दिशा देंगे।



## बिहार के 150 कृषि पदाधिकारियों का सात दिवसीय विशेष साहसिक प्रशिक्षण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के कृषि क्षेत्र में नई ऊर्जा और कुशल नेतृत्व के संचार के उद्देश्य से आयोजित किया गया सात दिवसीय विशेष एडवेंचर प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। उत्तराखंड के उत्तरकाशी स्थित नेहरू पर्वतारोहण संस्थान में आयोजित इस शिविर में बिहार कृषि विभाग के 150 पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के समापन समारोह में विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल शामिल हुए। 8 अप्रैल से 14 अप्रैल 2026 तक चले इस प्रशिक्षण में कृषि विभाग के सहायक निदेशक, उप निदेशक, उप सचिव और जिला कृषि पदाधिकारी स्तर के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य पदाधिकारियों का शारीरिक एवं मानसिक क्षमता विकास के साथ-साथ नेतृत्व की क्षमता का विकास करना था। समापन समारोह को संबोधित करते हुए कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने कहा एक सुदृढ़ प्रशासन के लिए अधिकारियों का मानसिक और शारीरिक रूप से फिट होना अनिवार्य है। इस कठिन प्रशिक्षण से प्राप्त आत्मविश्वास का उपयोग हमारे पदाधिकारी बिहार के किसानों की सेवा और कृषि योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में करेंगे। नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के विशेषज्ञों द्वारा दिए गए इस प्रशिक्षण के बाद सभी 150 पदाधिकारी अब वापस अपनी जिम्मेदारियों पर लौट रहे हैं।

## जैन धर्मावलंबियों ने भगवान नमिनाथ का मोक्ष कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जैन समाज द्वारा श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं सहित मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह एवं अन्य जैन मंदिरों में जैन धर्म के 21वें तीर्थंकर भगवान नमिनाथ का मोक्ष कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया गया। जैन संघ के मीडिया सचिव एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर जैन समाज के लोगों ने भगवान नमिनाथ की पूजा-अर्चना की और उनके जीवन एवं उपदेशों को याद किया। भगवान नमिनाथ के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा के बाद निर्वाण लाडू चढाया गया। उनके जीवन एवं उपदेशों को याद करने और उनके संदेशों को अपने जीवन में लागू करने के बारे में बताया गया। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं, मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर एवं अन्य दिगम्बर जैन मंदिरों में अभिषेक शांतिधारा किया गया। मौके पर बिहार राज्य दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मानद मंत्री पराग जैन ने बताया कि 21वें तीर्थंकर भगवान नमिनाथ स्वामी का गर्भ, जन्म, तप एवं ज्ञान कल्याणक बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी द्वारा संचालित बिहार के मिथिलापुरी तीर्थ, जिला सीतामढ़ी में हुआ है तथा मोक्ष कल्याणक शिखरजी में हुआ है।



## निवेशकों के लिए नया विकल्प एसआईएफ, मिलेगा ज्यादा लचीलापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एसबीआई म्यूचुअल फंड ने अपनी निवेशक शिक्षा एवं जागरूकता पहल के तहत बताया कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा शुरू किए गए स्पेश्यलाइज्ड इन्वेस्टमेंट फंड्स निवेशकों के लिए एक नया और उन्नत विकल्प हैं। एसआईएफ म्यूचुअल फंड्स और पीएमएस के बीच की खाई को पाटते हैं। इनमें म्यूचुअल फंड जैसी पारदर्शिता और सुरक्षा के साथ अधिक लचीली निवेश रणनीतियां जैसे सीमित शॉर्ट सेलिंग, डेरिवेटिव्स और एक्टिव एसेट एलोकेशन की सुविधा मिलती है। इन फंड्स में न्यूनतम निवेश 10 लाख रुपये रखा गया है जिससे अनुभवी निवेशकों को एडवांस्ड रणनीतियों तक पहुंच मिल सके। एसआईएफ मुख्य रूप से इक्विटी, डेट और हाइब्रिड रणनीतियों के तहत काम करते हैं और बाजार की अलग-अलग परिस्थितियों में बेहतर रिटर्न देने का प्रयास करते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार एसआईएफ को पारंपरिक म्यूचुअल फंड का विकल्प नहीं, बल्कि अतिरिक्त निवेश के रूप में देखा जाना चाहिए। यह खासतौर पर उन निवेशकों के लिए उपयुक्त है जो बाजार के जोखिम को समझते हैं और लंबी अवधि के लिए निवेश करना चाहते हैं।

## अनुशासनिक कार्रवाई में अब नहीं होगी चूक, सीसीए नियमों पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सरकारी सेवक के खिलाफ दर्ज अनुशासनिक कार्रवाई कई बार न्यायालय से प्रक्रिया में त्रुटि के कारण खारिज हो जाते हैं। इसके पीछे मुख्य वजह यह है कि संचालन या प्रस्तुतिकरण अधिकारी प्रकरण की जांच और कार्रवाई में सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम 2005 के प्रावधानों का ठीक ढंग से पालन नहीं करते। ये बातें गुरुवार को महानिदेशक-सह- मुख्य जांच आयुक्त दीपक कुमार सिंह ने सरकारी विभागों और कार्यालयों में पदास्थापित बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। वह पुराना सचिवालय स्थित अधिवेशन भवन में सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से आयोजित अनुशासनिक कार्यवाही से संबंधित उन्मुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री सिंह ने कहा कि सरकारी सेवक के खिलाफ लगे आरोपों में न्यायालय अक्सर दो महत्वपूर्ण बातों को संज्ञान में लेते हैं। इसमें पहले उक्त सरकारी सेवक के खिलाफ नैसर्गिक न्याय का अनुपालन हुआ कि नहीं और दूसरा अनुशासनिक कार्रवाई में सरकारी सेवक वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील (सीसीए) नियमावली 2005 के तकनीकी पक्षों का ख्याल रखा गया है कि नहीं। उन्होंने बताया कि सरकारी सेवक के खिलाफ दर्ज प्रकरण में सीसीए रूल का पालन करने से नैसर्गिक न्याय का खुद-ब-खुद अनुपालन होगा। महानिदेशक-सह- मुख्य जांच आयुक्त ने कहा कि सचिवालय में पदास्थापित पदाधिकारियों की भूमिका सामान्य रूप से बदलती रहती है।



# भूजल आंकड़ों का प्रसार विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना द्वारा 16 अप्रैल 2026 को बिहार के नवादा जिले में डीआरडीए सम्मेलन कक्ष, नवादा में एनएक्यूआइएम अध्ययन के उपरांत निष्कर्षों पर के एवं भूजल आंकड़ों का प्रसार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। जिलाधिकारी रवि प्रकाश नवादा तथा नीलिमा साहू उप विकास आयुक्त, नवादा ने भूजल प्रबंधन तथा एनएक्यूआइएम के अंतर्गत किए गए वैज्ञानिक अध्ययनों के लिए केंद्रीय भूमि जल बोर्ड के प्रयासों की सराहना की। जिलाधिकारी, नवादा ने विशेष रूप से जल-संकटग्रस्त नवादा जिले में भूजल संसाधन प्रबंधन हेतु केंद्रीय भूमि जल बोर्ड द्वारा किए गए कार्यों के महत्व पर बल दिया। कार्यशाला के दौरान राजीव रंजन शुक्ला, क्षेत्रीय निदेशक, सीजीडब्ल्यूबी, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना द्वारा नवादा जिले की एनएक्यूआइएम 1.0 एवं एनएक्यूआइएम 2.0 रिपोर्ट तथा जिला पुनर्भरण योजना जिलाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त को साझा की गई। केंद्रीय भूमि जल बोर्ड की विभिन्न गतिविधियों का विस्तृत परिचय राजीव रंजन शुक्ला, क्षेत्रीय निदेशक, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, केंद्रीय भूमि जल बोर्ड पटना द्वारा प्रस्तुत किया गया। नवादा जिले में एनएक्यूआइएम 1.0 एवं एनएक्यूआइएम 2.0 के अंतर्गत किए गए अध्ययनों के परिणामों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण डॉ. सिपर्णा नायक, वैज्ञानिक-ख द्वारा किया गया। देबोज्योति मंडल, वैज्ञानिक-ग ने भूजल आंकड़ों की उपलब्धता के लिए के सीजीडब्ल्यूबी डेटा पोर्टल के विषय में तथा बिहार के डायनेमिक भूजल संसाधन और भूजल प्राधिकरण विषय पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में विभिन्न राज्य विभागों के अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी की जिनमें लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी), मनरेगा, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए), कृषि विभाग, जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार तथा अन्य संबद्ध विभाग शामिल थे।




## शाओमी ने भारत में नई एस मिनी एलइडी टीवी सीरीज लॉन्च की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** शाओमी इंडिया ने भारत में अपनी नई शाओमी टीवी एस मिनी एलईडी सीरीज लॉन्च की है जो कंपनी की पहली मिनी एलईडी टीवी श्रृंखला है। यह सीरीज बेहतर होम एंटरटेनमेंट अनुभव देने के उद्देश्य से पेश की गई है। नई सीरीज में क्यूडी मिनी एलईडी तकनीक, 1200 निट्स तक की पीक ब्राइटनेस और 4के अल्ट्रा एचडी रेजोल्यूशन दिया गया है जिससे गहरे काले रंग, बेहतर कंट्रास्ट और अधिक स्पष्ट दृश्य मिलते हैं। साथ ही डॉल्बी विज़न, एचडीआर10 प्लस और फिल्ममेकर मोड जैसे फीचर्स कंटेंट को वास्तविक रूप में दिखाते हैं।

## डॉ. अंबेदकर का योगदान सदैव याद रखेगा भारत : डॉ भवेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एम्स द्वारा एस/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ, पटना के सहयोग से डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर संस्थान के सभागार में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य संरक्षक प्रो. (ब्रि.) डॉ. राजू अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ, एम्स पटना द्वारा की गई जिन्होंने डॉ. अंबेडकर के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। अतिथि विशेष के रूप में श्याम रजक, विधायक एवं पूर्व मंत्री, तथा पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश, प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार उपस्थित रहे। डॉ. भवेश ने कहा कि डॉ. अंबेदकर के योगदान को यह देश कभी भूल नहीं सकता। उनके संघर्ष से देश के युवा पीढ़ी सदैव प्रेरणा लेती रहेगी। अपने विचारों के माध्यम से समानता, गरिमा एवं सामाजिक न्याय के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अन्य विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों में डॉ. पूनम प्रसाद भदानी, डीन डॉ. संजय पांडेय, डीन डॉ. अरुण प्रसाद, संयोजक डॉ. रथीश नावर, प्राचार्य, कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं सीएनओय तथा डॉ. संजीव घोष, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं डॉ. अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात डॉ. प्रमोद कुमार मांझी द्वारा डॉ. अंबेडकर के जीवन एवं योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला गया जिसने उपस्थित जनसमूह को अत्यंत प्रेरित किया।



# रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य का डॉ. प्रेम कुमार ने किया स्थल निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने एनएच-82 गया-हिसुआ-राजगीर-नालंदा मार्ग पर स्थित रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण कर प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति लगभग 2138.16 करोड़ रुपये (संशोधित) की है जबकि संविदा राशि लगभग 925.87 करोड़ रुपये से बढ़कर 992.91 करोड़ रुपये (संशोधित) हो चुकी है। परियोजना की कुल लंबाई लगभग 92.935 किलोमीटर है और निर्माण अवधि 36 माह निर्धारित की गई थी। उन्होंने जानकारी दी कि परियोजना का कार्यारंभ 7 नवंबर 2016 को हुआ था और संविदा के अनुसार इसकी पूर्णता तिथि 6 नवंबर 2019 निर्धारित थी जबकि विस्तारित अवधि के तहत अब इसकी पूर्णता 31 जुलाई 2026 तय की गई है। वर्तमान में निर्माण कार्य की भौतिक प्रगति लगभग 97 प्रतिशत तथा वित्तीय प्रगति 93.81 प्रतिशत हो चुकी है। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज निर्माण से संबंधित सभी आवश्यक तकनीकी और प्रशासनिक स्वीकृतियां प्राप्त की जा चुकी हैं। सामान्य व्यवस्था आरेख की स्वीकृति 3 जनवरी 2020 को मिली जबकि डिजाइन और चित्रांकन को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दुर्गापुर से सत्यापन के बाद 26 अगस्त 2022 को अनुमोदित किया गया। साथ ही गुणवत्ता आश्वासन और कार्य पद्धति प्रणाली को 19 मार्च 2021 को स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि हिसुआ साइड में पियर कैप और पियर शाफ्ट का कार्य पूर्ण हो चुका है जबकि शेष कार्यों में बाउस्ट्रिंग गर्डर का असेंबलिंग कार्य प्रगति पर है। रेलवे से संबंधित विभिन्न स्वीकृतियां जैसे पीओटी पीटीएफई बेयरिंग तथा चरणीय स्वीकृति प्रमाणपत्र (ए-1 और ए-2 साइड) भी वर्ष 2025 में प्राप्त हो चुके हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया एक विश्व प्रसिद्ध धार्मिक और पर्यटक स्थल है जहां देश-विदेश से वर्षभर श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। गया, राजगीर और नवादा को जोड़ने वाला यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस रेलवे ओवरब्रिज के पूर्ण होने से यातायात व्यवस्था सुगम होगी, जाम की समस्या से राहत मिलेगी और पर्यटन को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी चार माह के भीतर निर्माण कार्य हर हाल में पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। साथ ही गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न करने और सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस मौके पर पप्पू चंद्रवंशी, सूरज राणा, राजनंदन गांधी, शिवा मांझी, वेद प्रकाश, उपेंद्र पासवान, राजेश मस्तान सहित योजना से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**महाप्रबंधक स्तर पर सम्मानित 16 रेलकर्मियों का अभिनंदन**


# डीडीयू मंडल के 14 हजार रेलकर्मियों के लिए कोई लक्ष्य कठिन नहीं : मंडल रेल प्रबंधक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल, पूर्व मध्य रेल के मुख्यालय स्थित बाकले अधिकारी क्लब सभागार में 70वें रेल सप्ताह समारोह के अंतर्गत रेल सेवा पुरस्कार-2025 के वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, डीडीयू की अध्यक्षा चित्रा सिंह रहीं हैं। समारोह में मंडल के अधिकारीगण, कर्मचारी यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी, महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं तथा बड़ी संख्या में रेलकर्मी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, शंखनाद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण प्रदान किया है। तत्पश्चात मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय रेल ने आज 173 गौरवशाली वर्ष पूरे कर लिए हैं तथा यह देश के लाखों परिवारों की आजीविका का आधार है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल देश के विभिन्न हिस्सों, दिलों और समाज को जोड़ने वाली सशक्त कड़ी है। उन्होंने कहा कि डीडीयू मंडल उत्तर, उत्तर-पूर्व, पश्चिम एवं दक्षिण भारत को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण परिचालन केंद्र है जहां प्रतिदिन यात्री व मालगाड़ी मिलकर लगभग 600 से 700 ट्रेनों का संचालन किया जाता है। गत वर्ष मंडल ने समयपालन, संरक्षा, यात्री सुविधा, मेंटेनेंस, राजस्व अर्जन एवं परिचालन दक्षता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि कर्मचारियों की सतर्कता एवं कड़ी मेहनत के कारण मंडल ने उत्कृष्ट संरक्षा प्रदर्शन दर्ज किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि डीडीयू मंडल के 14 हजार रेलकर्मियों लिए कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं है। उन्होंने हाल ही में महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल द्वारा डीडीयू मंडल को प्रदान की गई ओवरऑल एफिशिएंसी शील्ड एवं 12 विभागीय शील्ड को पूरे मंडल परिवार की उपलब्धि बताया तथा कहा कि इन सम्मानों पर मंडल के प्रत्येक कर्मचारी का अधिकार है।

## सीबीएसई 10वीं में श्रेयस कुमार ने लहराया परचम, 95% अंक लाकर बढ़ाया प्रखंड का मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच (गया)।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित होते ही प्रखंड क्षेत्र के अंसारा गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। गौहरपुर पंचायत के अंसारा निवासी छात्र श्रेयस कुमार ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। श्रेयस की इस शानदार सफलता पर उनके परिवार सहित पूरे गांव में उत्साह का माहौल है। उनके पिता, भारतीय वायु सेना में सार्जेंट अखिलेश कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय पुत्र की कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन को दिया। श्रेयस के दादा व वरिष्ठ समाजसेवी गनौरी यादव, डॉ. मुकेश कुमार तथा राकेश कुमार राधे ने भी उनकी सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प की होती है। गौरतलब है कि श्रेयस कुमार इससे पहले इसरो के स्टूडेंट इवेंट में गोल्ड मेडल भी हासिल कर चुके हैं।

## महुआ शराब बरामदगी मामले में फरार महिला गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना कांड संख्या 48/26 के तहत बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम में नामजद प्राथमिक अभियुक्त तेतरी देवी (49 वर्ष), पति विजय चौधरी, निवासी काबर, थाना आंती, जिला गया को महिला पुलिस बल ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि उक्त मामले में 10 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की गई थी जिसके बाद से अभियुक्त फरार चल रही थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त को गुरुवार को न्यायालय गया में पेश करने के लिए भेज दिया गया।

## जमीन मुआवजा राशि को लेकर विवाद, सामाजिक बहिष्कार का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के बरई गांव निवासी रामकेवट ने गुरुवार को थाना में आवेदन देकर गांव के कुछ लोगों पर जबरन मुआवजा राशि दिलवाने और सामाजिक बहिष्कार करने का आरोप लगाया है। आवेदन में रामकेवट ने बताया कि उनकी मां स्वर्गीय दुखनी देवी के नाम पर कुल 61 डिसमिल जमीन थी जिसमें से 16.5 डिसमिल जमीन उत्तर कोयल नहर परियोजना के तहत अधिग्रहित की गई। इस जमीन के बदले उनके खाते में 4,90,000 रुपये की मुआवजा राशि आई। रामकेवट का आरोप है कि गांव की कमिटी द्वारा बैठक कर दबाव बनाया गया कि उक्त राशि उनके चाचा वंशी केवट को दी जाए। विरोध करने पर कमिटी के लोगों ने जबरन हस्ताक्षर कराकर फैसला लिखवा लिया और कहा कि चारों भाइयों को केवल दस-दस हजार रुपये दिए जाएंगे। इसके बाद उनके खाते से 55,000 रुपये निकलवाकर चाचा के पुत्र निरंजन कुमार को दे दिया गया। उन्होंने आगे बताया कि शेष राशि देने से इनकार करने पर पुनः गांव में बैठक बुलाई गई जिसमें उनके पूरे परिवार के सामाजिक बहिष्कार और हुक्का-पानी बंद करने का निर्णय लिया गया।

## अग्निशमन सुरक्षा जागरुकता अभियान का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** यशवंत हाई स्कूल, खिजरसराय में गुरुवार को अग्निशमन विभाग द्वारा लोगों को आग से बचाव के प्रति सतर्क करने के लिए विभिन्न गतिविधियां एवं दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रखंड के कई युवाओं एवं छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सतीश कुमार (कुड़वा मिशन फिजिकल अकादमी) ने प्रथम जबकि अंजय कुमार दूसरे स्थान पर रहे। वहीं यशवंत उच्च विद्यालय के छात्र सूरज कुमार एवं छात्रा शिवानी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को अग्निशमन विभाग के अनुमंडल प्रभारी तेजन राम द्वारा मेडल और टोपी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य लता सिन्हा एवं अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम में 1944 के मुंबई डॉकयार्ड विस्फोट में शहीद हुए 66 वीर अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई।

## जय मंगलपुर से कुशा तक सड़क निर्माण अधूरा, आवागमन में परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** प्रखंड क्षेत्र की कुश बीजा पंचायत अंतर्गत जय मंगलपुर ग्राम से कुशा जाने वाली सड़क का निर्माण अधूरा रहने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय तक संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं गया जिसके कारण ग्रामीण पगडंडियों के सहारे आने जाने को मजबूर थे। लगभग छह महीने पहले सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया था जिससे ग्रामीणों में उम्मीद जगी थी कि अब उनकी समस्या का समाधान हो जाएगा, लेकिन निर्माण कार्य बीच में ही रुक गया और सड़क अधूरा पड़ा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है। कीचड़ और जल जमाव के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है वहीं स्कूली बच्चों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## प्रगणकों व पर्यवेक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** डिजिटल व पेपरलेस भारत की जनगणना 2027 के सफल संचालन को लेकर गुरुवार से प्रगणकों व पर्यवेक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रखण्ड के सभी 22 पंचायत में होने वाली जनगणना को लेकर टिकारी राज स्कूल के सभागार में व नगर परिषद के सभी 26 वार्ड में जनगणना को लेकर नगर परिषद कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। टिकारी राज स्कूल के सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत चार्ज पदाधिकारी सह बीडीओ योगेंद्र पासवान व अन्य फील्ड ट्रेनर ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में आये प्रगणक व पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए श्री पासवान ने कहा कि देश का पहला डिजिटल व पेपरलेस जनगणना के हम सभी भागीदार बन रहे है यह अपने आप में गौरव की बात है। श्री पासवान ने उम्मीद जताई कि जनगणना में सभी प्रगणक व पर्यवेक्षक बेहतर प्रदर्शन करेंगे। जानकारी हो कि प्रखण्ड के 22 पंचायत में 404 प्रगणक व 64 पर्यवेक्षक कार्य करेंगे। पहले चरण में मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। प्रशिक्षण का कार्यक्रम तीन बैच में सम्पन्न कराया जाएगा।




# भूजल एक सीमित संसाधन, संरक्षण आवश्यक : डीएम





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** 16 अप्रैल 2026 को केंद्रीय भूजल बोर्ड, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना द्वारा नवादा जिला अंतर्गत डीआरडीए सभागार में "राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण एवं प्रबंधन के परिणाम एवं भूजल डेटा के प्रसार" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि यह कार्यशाला नवादा जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिले के मेसकौर जैसे प्रखंड जल संकट की स्थिति का सामना कर रहे हैं, जो भविष्य में और गंभीर हो सकती है। उन्होंने बताया कि पूर्व के सर्वेक्षणों से यह स्पष्ट हुआ है कि कई क्षेत्रों में भूजल का अत्यधिक दोहन हो चुका है। भूजल एक सीमित संसाधन है, जिसका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि आगामी वर्षों में तीव्र शहरीकरण, नगर निकायों का विस्तार तथा जल की बढ़ती मांग को देखते हुए अभी से समेकित एवं भविष्य उन्मुख योजना बनाना आवश्यक है, ताकि संभावित जल संकट का समय रहते समाधान किया जा सके। जिला पदाधिकारी ने विशेष रूप से भविष्य में संभावित गन्ना उत्पादन क्षेत्र में होने वाली वृद्धि को ध्यान में रखते हुए सिंचाई के लिए वैकल्पिक संसाधनों के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से अपील की कि जल संकटग्रस्त क्षेत्रों की पहचान करें, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दें, भूजल उपयोग की निगरानी सुनिश्चित करें तथा जन-जागरूकता अभियान चलाएं। कार्यक्रम में केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा भूजल प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों एवं राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण एवं प्रबंधन के अंतर्गत किए गए वैज्ञानिक अध्ययनों की सराहना की गई। कार्यशाला के दौरान राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण एवं प्रबंधन 1.0 एवं के अंतर्गत नवादा जिले से संबंधित प्रतिवेदन तथा जिला रिचार्ज योजना प्रस्तुत की गई। साथ ही सीजीडब्ल्यूबी डेटा पोर्टल के माध्यम से भूजल डेटा के प्रसार एवं उपयोग की जानकारी साझा की गई। तत्पश्चात सभी ने जल संरक्षण एवं सतत भूजल प्रबंधन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए "जल शपथ" ग्रहण की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त नीलिमा साहू, क्षेत्रीय निदेशक, सीजीडब्ल्यूबी राजीव रंजन शुक्ल सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# सीता शरण मेमोरियल स्कूल के 90% विद्यार्थी सीबीएसई परीक्षा में सफल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बुधवार को सीबीएसई द्वारा वर्ग दशम् का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया। जिसमें सीता शरण मेमोरियल स्कूल, भतहर, थरथरी, नालन्दा के दशम् वर्ग के 90% विद्यार्थियों ने सभी विषयों में सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले वर्ग दशम् के छात्र प्रथम स्थान आर्यन राज 96.6%, द्वितीय स्थान शिवम कुमार 96% एवं तृतीय स्थान सारा रानी 95.6% अंक के साथ सफलता हासिल किए। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ० संजय कुमार एवं प्राचार्य संजय कुमार एवं कैरियर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ई० संदीप कुमार, उपप्राचार्य अणुप्रिया भारती ने सभी सफल परीक्षार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिए। 95% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 05 रही एवं 90 से 95 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्रों की संख्या 25 रही। प्राचार्य संजय कुमार एवं कैरियर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ई० संदीप कुमार ने संबोधन में कहा कि जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति व लक्ष्य प्राप्ति हेतू दिशा व दशा देने का कार्य छात्र को खुद करना पड़ता है। सभी शिक्षकगण एवं शिक्षिकाएं ने बच्चो को आशीर्वाद देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार में पहली बार भारतीय जनता पार्टी के नेता सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने की खुशी में गुरुवार को बिहारशरीफ के अस्पताल चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य उत्सव मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने रंग-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी और अपनी खुशी का इजहार किया। उत्सव के दौरान चारों ओर अबीर-गुलाल उड़ते रहे, वहीं ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा क्षेत्र उत्साह और उमंग से भर उठा। कार्यकर्ता होली के अंदाज में जश्न मनाते नजर आए। इस ऐतिहासिक क्षण को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, तेजस्विता राधा, नीरज कुमार (डब्लू), डॉ. आशुतोष कुमार, शैलेन्द्र कुमार, जिला मंत्री रजीब रंजन, अमरकांत भारती, रुचि श्रीवास्तव, प्रविला देवी, शंभू कश्यप, रीना राज, अमित शान, सोनू कुमार हिंदू, आलोक कुमार, प्रेम सागर, राहुल कुमार, संजीव कुमार, रौशन यादव, गोपाल कुमार, धीरज पाठक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मॉडर्न इंग्लिश स्कूल का शानदार प्रदर्शन, 98% के साथ भव्या भारती जिला टॉपर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** उत्कृष्टता की परंपरा को बनाए रखते हुए मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, नवादा के विद्यार्थियों ने एक बार फिर सीबीएसई दसवीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर जिले में अपनी पहचान मजबूत की है। बुधवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित परिणाम में विद्यालय का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा, जिससे छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों में उत्साह का माहौल है। इस वर्ष परीक्षा परिणाम जारी होने को लेकर पूर्व सूचना नहीं होने के कारण विद्यार्थियों में असमंजस की स्थिति थी। हालांकि, जैसे ही परिणाम घोषित हुआ, विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय की न्यू एरिया शाखा की भव्या भारती ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं आयुष आनंद 97 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के कई अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ऋषभ राज एवं सचिन ने 96 प्रतिशत, जबकि हर्षवर्धन, शिवानी, शिवम, आर्यन, साक्षी वर्मा सहित कई विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। गणित विषय में हर्षवर्धन और शुभम समेत कई छात्रों ने 100 में 100 अंक हासिल कर विशेष उपलब्धि दर्ज की। विद्यालय के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 100 से अधिक छात्रों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किए। शेष सभी विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक स्तर को प्रमाणित किया। निदेशक डॉ. अनुज सिंह ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। प्राचार्य गोपाल चरण दास ने भी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।




# फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल ने सीबीएसइ बोर्ड परीक्षा में फिर रचा इतिहास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल, आनंद नगर, चातर, नवादा ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 के परिणाम में एक बार फिर नवादा जिले में अपनी सर्वोच्च स्थिति को मजबूत कर लिया है। स्कूल का कुल पास प्रतिशत बेहद उत्कृष्ट रहा और जिले भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष भी छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से शानदार प्रदर्शन किया, जिससे स्कूल परिवार गर्व से सराबोर है।

**स्कूल के मेधावी टॉपर्स की सूचीः**


शुभम कुमार — 96%
मोनिका कुमारी — 95%
स्नेहा शर्मा — 94.4%
ऋतुराज ऋषभ — 94%
सौरव कुमार — 94%
सनी देओल — 93.4%
वंशिका प्राची — 93%
आर्यन राज — 92%
आकांक्षा कुमारी — 91%
साक्षम कुमार — 90%




स्कूल प्रबंधन ने इन सभी मेधावी विद्यार्थियों का हार्दिक अभिनंदन किया। स्कूल के चेयरमैन प्रो. बिजय कुमार, प्राचार्य राजेश कुमार तथा उप-प्राचार्य नवदीप कुमार सिन्हा ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रो. विजय कुमार ने कहा कि "यह सफलता सिर्फ बच्चों की नहीं, बल्कि पूरे स्कूल परिवार की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। हमारे छात्र-छात्राएं ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से न केवल व्यक्तिगत सफलता हासिल की है, बल्कि फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल का नाम नवादा जिले में एक बार फिर सबसे उपर कर दिया है। हमारा स्कूल हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सर्वांगीण विकास पर जोर देता आया है।" "संस्कार के साथ शिक्षा अनुशासन के साथ परीक्षा" ही हमारा नारा है।

# जनगणना 2027 के लिए मकान सूचीकरण प्रशिक्षण का शुभारंभ




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण' को लेकर गुरुवार को नगर परिषद कार्यालय के सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सहायक चार्ज पदाधिकारी मिथिलेश प्रसाद एवं सहायक नगर योजना पर्यवेक्षक रणवीर कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनगणना कर्मी कोचिंग के शिक्षक मधुकेंद्र कुमार ने की। मुख्य प्रशिक्षक अविनाश चंद्र पांडे और मुकेश कुमार ने प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित कर्मियों को जनगणना की प्रक्रिया, मकान सूचीकरण, डेटा संग्रहण तथा अन्य आवश्यक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण तीन दिनों तक चलेगा और इसे चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जा रहा है, ताकि सभी कर्मियों को कार्य की समुचित समझ विकसित हो सके। इस अवसर पर कार्यपालक पदाधिकारी सह चार्ज पदाधिकारी रविशंकर कुमार समेत कई पर्यवेक्षक और गणनाकर्मी मौजूद रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चंद्र भूषण, नागेंद्र कुमार, विजयलक्ष्मी, हरेंद्र कुमार, साजन कुमार, देवकांत पांडे, जितेंद्र कुमार, पंकज कुमार, अमरजीत कुमार और राजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में प्रगणकों ने भाग लिया।

# टी.एस. कॉलेज के विद्यार्थियों का गया जी एवं बोधगया शैक्षणिक भ्रमण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ।** नगर परिषद क्षेत्र स्थित मगध विश्वविद्यालय, बोधगया की अंगीभूत इकाई टी.एस. कॉलेज, हिसुआ (नवादा) के एनसीसी एवं वाणिज्य संकाय के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत गया जी एवं बोधगया का दौरा किया। यह भ्रमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

भ्रमण पर रवाना होने से पूर्व महाविद्यालय परिसर से प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा, एनसीसी पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार दुबे तथा प्रधान सहायक राजेश कुमार ने बस को हरी झंडी दिखाकर छात्रों को रवाना किया।

महाविद्यालय के पीटीआई सह मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को गया जी स्थित विष्णुपद मंदिर, बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर, बोधगया विज्ञान केंद्र सहित कई ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण कराया गया।

प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण छात्रों को कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर प्रदान करता है। इससे छात्रों में जिज्ञासा बढ़ती है, टीम वर्क की भावना विकसित होती है और सीखने की प्रक्रिया अधिक रोचक एवं प्रभावी बनती है। एनसीसी पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार दुबे ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण, जिसे फील्ड ट्रिप भी कहा जाता है, छात्रों को कक्षा से बाहर निकलकर वास्तविक दुनिया से जोड़ने का माध्यम है। यह उन्हें उनके पाठ्यक्रम से जुड़े व्यावहारिक अनुभव प्रदान करता है। मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि इस भ्रमण कार्यक्रम को लेकर छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा, एनसीसी पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार दुबे, मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार, संगीता देवी तथा अशोक कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# साइबर क्राइम मामले में आगरा पुलिस की नगरनौसा में छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)।** साइबर क्राइम से जुड़े एक मामले की जांच के सिलसिले में उत्तर प्रदेश के आगरा साइबर थाना की पुलिस गुरुवार को नगरनौसा पहुंची। स्थानीय थाना पुलिस के सहयोग से आगरा पुलिस ने थाना क्षेत्र के उस्मानपुर गांव में छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस टीम का उद्देश्य उस्मानपुर निवासी कृत रविदास के पुत्र मंटू कुमार को गिरफ्तार करना था, जो साइबर अपराध के एक मामले में वांछित बताया जा रहा है। हालांकि, छापेमारी के दौरान आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लग सका और फरार हो गया। इस अभियान में आगरा से आए साइबर थाना के दरोगा रजनीश चौधरी, भगवान सिंह, आशीष पुंडीर तथा कांस्टेबल अभिषेक कुमार शामिल थे। नगरनौसा पुलिस की सहायता से पूरे क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया गया।

# प्रवेशोत्सव अभियान से गांव-गांव में शिक्षा का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय केनाडीह टोला में नामांकन से संबंधित 'प्रवेशोत्सव' विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य हर बच्चे को विद्यालय से जोड़ना और शिक्षा के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के तहत विद्यालय के प्रधान शिक्षक आनंदी कुमार के नेतृत्व में शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा गांव में रैली निकाली गई। रैली के दौरान बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर लोगों को शिक्षा के महत्व का संदेश दिया। 'हर स्कूल में हर बच्चा' और 'कोई बच्चा छूटे नहीं' जैसे नारों के माध्यम से अभिभावकों को प्रेरित किया गया कि वे अपने बच्चों का नामांकन विद्यालय में अवश्य कराएं। विशेष रूप से बच्चियों की शिक्षा पर जोर देते हुए ग्रामीणों से अपील की गई कि वे बेटियों को भी स्कूल भेजें। इस अवसर पर शिक्षकों ने घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया और शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए बच्चों के नामांकन में सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी अजय कुमार, नाजिया प्रवीण, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूरे अभियान के दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला और गांव का माहौल शिक्षा के रंग में रंगा नजर आया। यह अभियान न केवल बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति नई चेतना भी जगाने में सफल रहा।

# मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नालंदा मद्यनिषेध विभाग को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर मानपुर थाना क्षेत्र के सर्वहदी और इटौरा गांव की सीमा पर कुम्हरी नदी किनारे छापेमारी कर एक मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। जानकारी के अनुसार तस्करों ने सुनसान इलाके में स्थित दो कमरों के एक मकान को किराए पर लेकर वहां ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली विदेशी शराब का निर्माण और पैकेजिंग का संगठित नेटवर्क चला रखा था। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में कच्चा माल और उपकरण बरामद किए गए। मद्यनिषेध अधीक्षक लाला अजय कुमार सुमन ने बताया कि मौके से 140 लीटर स्पिरिट, 50 लीटर तैयार शराब, 188 बोतलों में पैक 141 लीटर नकली शराब, दो मिनी बॉटलिंग मशीन, एक कैपिंग मशीन, करीब दो किलो नकली होलोग्राम एवं स्टिकर, 322 कैप और 70 खाली बोतलें जब्त की गई हैं। तस्कर शराब को असली जैसा दिखाने के लिए हाइड्रोमीटर, थर्मामीटर, मापन फ्लास्क और कलरिंग एजेंट का इस्तेमाल कर रहे थे। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

# जनगणना की तैयारी हेतु डीएम ने की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** जनगणना 2027 के सफल आयोजन को लेकर जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला सांख्यिकी विभाग के तत्वावधान में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य की तैयारियों, समय-सीमा और विभिन्न प्रक्रियाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में संपन्न होगा। प्रथम चरण 2 मई से 31 मई 2026 तक चलेगा, जिसमें मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी। वहीं द्वितीय चरण 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण से पूर्व 17 अप्रैल से 1 मई 2026 तक स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिसके तहत आम नागरिक se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर अपने परिवार से संबंधित 33 बिंदुओं की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि स्व-गणना के दौरान दर्ज आंकड़ों का सत्यापन 2 मई से 31 मई तक प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा घर-घर जाकर किया जाएगा। प्रत्येक 700-800 की आबादी पर एक प्रगणक तथा छह प्रगणकों पर एक पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने जानकारी दी कि जिले में जनगणना को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला एवं चार्ज स्तर पर कोषांग का गठन, मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण, फील्ड मास्टर ट्रेनरों की सूची, विशेष एवं स्लम क्षेत्रों की पहचान सहित सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। साथ ही, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 13 से 24 अप्रैल तक चार चरणों में कराया जा रहा है।

# एक नजर

## 38 लोगों की हुई दिव्यांगता जांच

**पकरीबरावां।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां के परिसर में बुधवार को दिव्यांगता जांच शिविर आयोजित की गई। शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के दिव्यांगजनों को सुलभ चिकित्सा परामर्श प्रदान करना और उनके प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाना बताया गया। शिविर का संचालन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व में किया गया। जांच हेतु तीन सदस्यीय विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम गठित की गई, जिसमें प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशिभूषण कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कविता सिंह एवं डॉ. रोहित राज मुख्य रूप से शामिल थे। मेडिकल टीम ने शिविर में आए लोगों की शारीरिक एवं मानसिक स्थिति की गहनता से जांच की। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि शिविर में कुल 38 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांचोपरांत सभी पात्र लाभार्थियों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया पूरी की गई। शिविर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए यह प्रमाण पत्र अत्यंत आवश्यक है। शिविर में अस्पताल के अन्य स्वास्थ्य कर्मियों लेखा प्रबंधक विशाल मोहन, लिपिक पूनम कुमारी, अमित शेराफीम हेंब्रम, दीपक कुमार, रेणुका कुमारी ने भी अपना सहयोग प्रदान किया ताकि दिव्यांगजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**कौआकोल।** पकरीबरावां थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के समीप एक माह पूर्व हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान कौआकोल प्रखंड के पाली पंचायत अंतर्गत रूपी गांव निवासी 23 वर्षीय हिमांशु कुमार,पिता बिंदेश्वरी यादव के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लगभग एक माह पहले रामपुर गांव के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में हिमांशु कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया था। स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया था। पटना में चल रहे इलाज के दौरान बुधवार की रात उनकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर गांव पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि हिमांशु कुमार मिलनसार स्वभाव के युवक थे। उनके असामयिक निधन से गांव के लोग भी गहरे सदमे में हैं।

## अग्निशमन सप्ताह पर संजीवन हॉस्पिटल में जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** अग्निशमन सप्ताह दिवस के अवसर पर पुरानी पोस्टमार्टम रोड स्थित संजीवन हॉस्पिटल में अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल के सभी कर्मचारियों, मरीजों एवं उनके परिजनों को आग से बचाव और आपात स्थिति में सही कदम उठाने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अग्निशमन विभाग के पदाधिकारियों ने विस्तार से बताया कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय सूझबूझ से काम लेना चाहिए। उन्होंने अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया और बताया कि छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर बड़ी दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को फायर एक्सटिंग्विशर चलाने की विधि, आग लगने के कारणों और उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही अस्पताल परिसर में सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन के डॉ मनोज कुमार ने अग्निशमन विभाग के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से लोगों में जागरूकता बढ़ती है और आपात स्थितियों से निपटने की तैयारी मजबूत होती है। कार्यक्रम सफल एवं उपयोगी रहा।

## दाखिल-खारिज मामलों की साप्ताहिक समीक्षा



**बिहारशरीफ।** अपर समाहर्ता ने राजस्व कर्मचारियों के साथ बैठक कर परिमार्जन प्लस एवं दाखिल-खारिज से संबंधित मामलों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में हल्कावार लंबित प्रकरणों की स्थिति का आकलन करते हुए सभी कर्मचारियों को एक सप्ताह के भीतर लंबित मामलों का विधि-सम्मत निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अपर समाहर्ता ने स्पष्ट कहा कि दाखिल-खारिज से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकारी भूमि पर कायम जमाबंदियों को रद्द करने हेतु आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा अधियाचित भूमि को जल्द उपलब्ध कराने के लिए अंचल अधिकारियों के माध्यम से प्रस्ताव भेजने को कहा गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मई माह से प्रत्येक अंचल स्तर पर राजस्व कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी। समीक्षा के दौरान यदि किसी राजस्व कर्मचारी की ओर से लापरवाही या अनावश्यक देरी पाई जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। अपर समाहर्ता ने सभी कर्मियों को पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ कार्य करने की हिदायत दी, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

## प्रमाण पत्र नहीं बनने से छात्र हो रहे परेशान

**कौआकोल।** अंचल कार्यालय में जाति,आय,निवास सहित विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र नहीं बनने से छात्र-छात्राओं की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार अंचल कार्यालय कौआकोल में सैकड़ों आवेदन लंबित पड़े हैं,जिसके कारण विद्यार्थियों को नामांकन एवं अन्य शैक्षणिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि राजस्व कर्मचारियों के बाद अब पंचायत सचिव भी 8 अप्रैल से हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों की हड़ताल के कारण प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया पूरी तरह प्रभावित हो गई है। इस वजह से छात्र रोज आरटीपीएस कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू- II, दिनांक 15.04.2026;** मंडल रेल प्रबंधक/सियालदह, पूर्व रेलवे, सियालदह, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कमरा सं. 44, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं. : टीएन-08-26-27; कार्य का नामः** सहायक अभियंता/बालीगंज के अधिकार क्षेत्र के अधीन वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (वर्क्स)/बालीगंज के अधीन बालीगंज में मालगाड़ी परीक्षण सुविधा का विकास। **निविदा मूल्यः** रु. 1,54,56,769.68; **ईएमडीः** रु. 3,09,100; **कार्य समापन अवधिः** 04 (चार) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 12.05.2026 को अपराह्न 03.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** 12.05.2026 को अपराह्न 03.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध की सामान्य शर्तें 2022 के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की कीमत शून्य है।

(SDAH-08/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# जनगणना को लेकर डीएम ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के संदर्भ में प्रधान जनगणना अधिकारी सह जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता सह अपर जिला दण्डाधिकारी, असैनिक शल्य चिकित्सक, नगर आयुक्त, नगर निगम सासाराम, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी प्रखण्डों के वरीय पदाधिकारी, संयुक्त आयुक्त वाणिज्य कर, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल सासाराम/डिहरी, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद डिहरी / नोखा / बिक्रमगंज, जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका, अग्रणी बैंक प्रबंधक के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी गणना के क्रम में स्व गणना जो कि 17 अप्रैल 2026 से शुरू होकर 01 मई 2026 तक होगी के संबंध में निम्नांकित निदेश दिये गये। जिला के लिए स्व-गणना से जनगणना कार्य कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कम से कम 40 प्रतिशत गणना स्व-गणना के माध्यम से पूर्ण कराया जाना है। चार्ज स्तर पर सार्वजनिक स्थलों पर स्व-गणना को प्रेरित करने वाले पोस्टर, बैनर लगाये जायें ताकि व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार हो सके। पंचायती राज/नगर निकाय के प्रतिनिधि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने का निदेश दिया गया। स्व-गणना के लिए प्रेरित करने हेतु जीविका, आइसीडीएस, कृषि विभाग, कल्याण विभाग, सहकारिता, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, उर्जा विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर एवं आवास विभाग, वाणिज्य कर विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता विभाग के पदाधिकारियों को अपने अधीनस्थ पदाधिकारी / कर्मी के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने का निदेश दिया गया। इसके साथ-साथ निदेशित किया गया कि अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों / कर्मियों को भी स्व गणना के लिए प्रेरित किया जाय। बैठक में जनगणना की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा गया कि यह अतिमहत्वपूर्ण कार्य है जिसके द्वारा संकलित किये गये आंकड़े देश के नीति निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अतः इसके कार्य को प्राथमिकता दी जाय। जनगणना कार्य में किसी भी कार्य की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई।

## जिलाधिकारी ने जनता दरबार में छह फरियादियों की समस्याओं के समाधान का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी के द्वारा सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत जिलाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में गुरुवार को जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। उक्त जिला जनता दरबार में कुल 6 व्यक्तियों के द्वारा आवेदन पत्र / शिकायत पत्र दिया गया जिसमें आवेदक मनीरंजन कुमार सिंह, पिता-मान सिंह, ग्राम-बकरा, पोस्ट-गुनसेज, थाना-दिनारा के द्वारा गृह निर्माण में व्यवधान एवं मारपीट करने के संबंध में आवेदन पत्र दिया



गया जिसे निष्पादन हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, रोहतास एवं अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज को अग्रसारित किया गया। आवेदक जगनाथ सिंह, ग्राम-भिसड़ा, अंचल-तिलौथू के द्वारा रास्ता अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु आवेदन पत्र दिया गया जिसे शीघ्र जांच कर कार्रवाई हेतु अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी, रोहतास को अग्रसारित किया गया। आवेदक रंजन कुमार (लिपिक), जिला आपदा प्रबंधन शाखा, रोहतास के द्वारा अंतर जिला स्थानान्तरण हेतु आवेदन पत्र दिया गया जिसे निष्पादन हेतु स्थापना उप समाहर्ता, रोहतास को निदेशित किया गया। इसी प्रकार शेष सभी शिकायतों / आवेदन पत्रों को निष्पादन के लिए संबंधित कार्यालयों/पदाधिकारियों को निदेशित किया गया।

## अंग्रेजी शराब बरामद, जीआरपी सोननगर को सौंपा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल ने सतर्कता दिखाते हुए लावारिस हालत में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की। इस कार्रवाई से रेलवे परिसर में अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 अप्रैल 2026 को आरपीएफ पोस्ट डिहरी ऑन-सोन के सहायक उप निरीक्षक शोभनाथ राम, आरक्षी उमेश कुमार सिंह, आरक्षी संतोष कुमार तथा अपराध आसूचना शाखा रेसुब गया के प्रधान आरक्षी सर्वजीत राय एवं आरक्षी दीपक ओझा ने संयुक्त रूप से निरीक्षक प्रभारी रामविलास राम के निर्देशन में अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर गश्त और संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी कर रहे थे। गश्त के दौरान प्लेटफार्म संख्या-1 पर स्थित फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) से लगभग 5 मीटर पूर्व, डोरमेट्री की दीवार से सटे रेलवे किलोमीटर संख्या 538/10-15 के पास दो काले एवं नीले रंग के पिट्ठू बैग संदिग्ध अवस्था में पाए गए। तलाशी लेने पर इन बैगों से कुल 18.750 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई जो लावारिस हालत में रखी गई थी। मौके पर ही आरपीएफ टीम द्वारा जब्ती सूची तैयार की गई तथा बरामद शराब को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए रेल थाना सोननगर (जीआरपी) को सुपुर्द कर दिया गया। जब्त की गई शराब की कुल अनुमानित कीमत 27,980 रुपये बताई गई है। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि रेलवे परिसर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## नीतीश युग के बदलाव को याद कर भावुक हुईं उर्मिला देवी, सम्राट चौधरी से जताईं नई उम्मीदें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल को स्मरण करते हुए सुमन कौशल विकास केंद्र की सचिव उर्मिला देवी ने एक भावुक संदेश साझा किया। उन्होंने कहा कि एक महिला होने के नाते उन्होंने राज्य में आए उस बड़े बदलाव को बेहद करीब से महसूस किया है जिसने लाखों महिलाओं के जीवन में आत्मविश्वास, सम्मान और आत्मनिर्भरता की नई रोशनी जगाई है। उन्होंने बताया कि पहले जहां महिलाओं की भूमिका सीमित हुआ करती थी, वहीं आज वे निर्णय लेने वाली, आत्मनिर्भर और समाज की सशक्त शक्ति बनकर उभरी हैं। इसका श्रेय महिलाओं के लिए चलाई गई योजनाओं, पंचायतों में उनकी बढ़ती भागीदारी और जीविका जैसे प्रयासों को जाता है जिसने सामाजिक बदलाव की मजबूत नींव रखी।



उर्मिला देवी ने एक संस्था की सचिव के रूप में युवाओं के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि 'सात निश्चय' के तहत संचालित कुशल युवा कार्यक्रम ने युवाओं को सिर्फ रोजगारोन्मुखी कौशल ही नहीं दिया, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और पेशेवर सोच को भी नई दिशा दी है। इसके कारण आज बिहार का युवा केवल नौकरी पाने वाला नहीं, बल्कि अवसर सृजित करने वाला बन रहा है। उन्होंने युवाओं की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों ने उनके सपनों को साकार करने का साहस दिया है। वहीं वर्तमान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति अपनी गहरी आशा और विश्वास व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार आज जिस मजबूत विकास की नींव पर खड़ा है, उसे और अधिक सुदृढ़ बनाने की जिम्मेदारी नए नेतृत्व के कंधों पर है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि सम्राट चौधरी इस दायित्व को संवेदनशीलता और दूरदर्शिता के साथ निभाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई सरकार पूर्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं, विशेषकर कुशल युवा कार्यक्रम को और अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाएगी। साथ ही नवाचारों के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे और उन्हें आधुनिक तकनीक, डिजिटल कौशल व उद्यमिता से जोड़ा जाएगा।

## धेनुका इंटरनेशनल स्कूल का 10वीं का रिजल्ट शत-प्रतिशत




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सुअरा चकिया स्थित धेनुका इंटरनेशनल स्कूल ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता की मिसाल पेश करते हुए सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय के उप प्रधानाचार्य कुणाल केशव ने बताया कि छात्रों ने अपनी परंपरा को बरकरार रखते हुए इस वर्ष भी उत्कृष्ट परिणाम दिया है। उन्होंने बताया कि सभी विद्यार्थी सफल रहे जिससे विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्राप्त अंकों के अनुसार एंजेल प्रीति ने 92%, प्रिया कुमारी ने 91%, संजना ने 89%, नैन्सी कुमारी ने 88.4%, तानिश कुमार सिंह और आफसा शमीन ने 88%, मुहम्मद राकीफ आलम ने 86%, प्रदीप कुमार ने 85% तथा पीयूष भारद्वाज ने 84% अंक प्राप्त किए। विषयवार उत्कृष्ट प्रदर्शन में गणित, सामाजिक विज्ञान और हिन्दी में 97 अंक प्राप्त कर एंजेल प्रीति ने विशेष उपलब्धि हासिल की। वहीं प्रिया कुमारी ने विज्ञान में 94 अंक तथा अनामिका ने कंप्यूटर में 97 अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव विनोद कुमार सिंह ने छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस सफलता के लिए बधाई दी। वहीं निदेशक एवं निर्देशिका आनिश सिंह और ईशा राणा ने इसे शिक्षकों की मेहनत, अनुशासन और छात्रों की लगन का परिणाम बताया। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

## आईपीएस अधिकारी विकास वैभव ने मैट्रिक व इंटर के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** सासाराम के करवंदिया के समीप स्थित गायघाट में डा. भीमराव अंबेडकर जयंती के मौके पर एक प्रेरणादायक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एवं लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के मुख्य संरक्षक विकास वैभव द्वारा किया गया।

इस मौके पर मैट्रिक एवं इंटर के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। पहाड़ों के बीच बसे इस गांव में शिक्षा का अलख जगाना और बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना समाज के लिए एक सशक्त संदेश है। मुख्य अतिथि विकास वैभव ने लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से बिहार को शिक्षित, जागरूक और विकसित बनाने के प्रयासों पर प्रकाश डाला। कहा कि जब समाज के अंतिम पंक्ति तक शिक्षा पहुंचेगी तभी वास्तविक परिवर्तन संभव होगा। उन्होंने गार्गी अध्याय के अंतर्गत अमरा तालाब में संचालित गार्गी पाठशाला के कार्यों की विशेष सराहना करते हुए नूतन पांडेय के प्रयासों को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम शिक्षा, सम्मान और सामाजिक जागरूकता का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरा। कार्यक्रम में पूर्व जिला पार्षद एवं बाल संरक्षण आयोग की सदस्या प्रमिला सिंह, लेट्स इंस्पायर बिहार के अंतर्गत संचालित गार्गी अध्याय की जिला मुख्य समन्वयक नूतन पांडेय, मुख्य समन्वयक अश्विनी सिंह, समाजसेवी रामआवतार राय, मदन सिह, आलोक तिवारी, एसपी. जैन कॉलेज के पूर्व प्राचार्य गुरुचरण सिह, अखिलेश सिह, जीएम अंसारी, जदयू नेता अनिल सिह, चंद्रशेखर पासवान, राजद नेता शिवांत कुशवाहा, वीरेन्द्र कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अंबेडकर विचार मंच की ओर से निकली शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर मलियाबाग बाजार में अंबेडकर विचार मंच की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जुलूस में सैकड़ों लोगों की भागीदारी रही। शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए लोग रथ, बाइक और फोर व्हीलर के साथ पूरी तत्परता से जुटे दिखे आयोजकों ने भीड़ के बीच राहगीरों और आने-जाने वाले वाहनों का भी विशेष ध्यान रखा, ताकि लंबी कतारों में किसी को असुविधा न हो। जुलूस दोपहर चार बजे अंबेडकर पार्क, मलियाबाग के प्रांगण से शुरू हुआ। इसके बाद यह मुख्य चौराहों और बाजारों से होते हुए 'जय भीम' के नारों के साथ भ्रमण करता रहा। पूरे मार्ग में बाबा साहब के विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया। शोभायात्रा सेमरी मोड़ से निकलकर मुख्य चौराहे, बीच बाजार और डुमरांव, बिक्रमगंज, आरा, दिनारा चारों रोड तक पहुंची। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर जुलूस का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र प्रसाद ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान निर्माण के साथ-साथ शोषितों, वंचितों और महिलाओं के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया।

## सड़क दुघर्टना में मौत, पसरा मातम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आयरकोठा अकोढ़ीगोला पथ पर गुरुवार को अकोढ़ी गांव के समीप एक बस ने बाइक सवार को सीधी टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक स्व शिवजन्म यादव के 55 वर्षीय बेटा अजय यादव बताया जाता है।

## मध्य विद्यालय धवनी में निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिहार सरकार की निःशुल्क पाठ्य पुस्तक योजना के तहत गुरुवार को मध्य विद्यालय ध्वनी, काराकाट में कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के बीच पुस्तकों का वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक अख्तर जमा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी वर्गों के बच्चों को सत्र की शुरुआत में ही किताबें उपलब्ध कराई गईं। प्रधानाध्यापक अख्तर जमा ने जानकारी दी कि विद्यालय में नामांकित कुल 210 छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें दी गईं। उन्होंने बताया कि कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को सभी विषयों की किताबें एक सेट में दी गईं जबकि कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को विषयवार पुस्तकें वितरित की गईं। पुस्तक मिलने के बाद बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ देखी गई। पुस्तक वितरण कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक श्रीभगवान सिंह, अनिल कुमार पासवान, गौरव कुमार, मो. अब्बास अंसारी, जैनूल आवेदिन और प्रियंका कुमारी मौजूद रहे। शिक्षकों ने पंक्तिबद्ध तरीके से बच्चों को बुलाकर पुस्तकें सौंपी और उन्हें किताबों की देखभाल करने की सलाह भी दी।

## परसा गांव के दो मंदिरों में चोरी, डेढ़ लाख के आभूषण व घंटे ले उड़े चोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के मानपुर पंचायत स्थित परसा गांव में बुधवार रात चोरों ने काली मंदिर और हनुमान मंदिर को निशाना बनाते हुए देवी-देवताओं के सोने के आभूषण तथा पीतल के घंटे चोरी कर लिए जिनकी कुल कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है और घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है क्योंकि गुरुवार सुबह जब ग्रामीण पूजा अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो दोनों मंदिरों के दरवाजे खुले मिले और अंदर से सामान गायब देखकर गांव में हड़कंप मच गया जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर में जमा हो गए और जानकारी मिली कि काली मंदिर से देवी मां के सोने के नेत्र और नथिया चोरी हुई है जबकि हनुमान मंदिर से भी सोने के नेत्र सहित अन्य पूजा सामग्री गायब मिली तथा इसके अलावा करीब 25-25 किलो वजन के दो पीतल के घंटे भी चोर अपने साथ ले गए जिससे ग्रामीणों की आस्था को गहरी ठेस पहुंची है और ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले ही गांव के लोगों ने आपसी सहयोग से दोनों मंदिरों में देवी-देवताओं को सोने के आभूषण चढ़ाए थे जिस कारण यह घटना और भी दुखद हो गई है तथा लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पहले भी मंदिरों में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होने के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं और अब फिर से ऐसी घटना होने पर लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है जबकि घटना की सूचना मिलने पर बिक्रमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों मंदिरों का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने की कोशिश की तथा आसपास के लोगों से पूछताछ भी की गई ताकि चोरों का कोई सुराग मिल सके और प्रभारी थानाध्यक्ष बीटू लाल ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा और चोरी गया सामान बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है ।

---

## सदर अस्पताल परिसर, पलामू-822101

### मोतियाबिन्द ऑपरेशन हेतु गैर सरकारी संस्थानों के साथ MOU किये जाने संबंधि सूचना

राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम का सफल संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए गैर सरकारी संस्थानों के साथ MOU किया जाना है। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए निम्नलिखित शर्त/अहर्ता के अधीन मुहरबंद लिफाफा निबंधित डाक/स्पीड पोष्ट अथवा कार्यालय में स्वंय उपस्थित हो कर जमा किया जा सकता है। मुहरबंद लिफाफा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि–25.04.2026 समय 05:00 बजे अपराह्न तक का है। निर्धारित अन्तिम तिथि एवं समय के बाद प्राप्त डाक/मुहरबंद लिफाफा आदि पर विचार नहीं किया जायेगा।

उक्त दोनों कार्यक्रमों के लिए MOU हेतु निम्नलिखित शर्त/अहर्ता से संबंधित सूचना कार्यालय के सूचना पट पर प्रकाशित किया गया है।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
पलामू

PR 377694 District (26-27)_D

---

## जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा

Email ID :- dddogarhwa@gmail.com mob no- 9934347324

**– दुधारू मवेशी योजनान्तर्गत चयनित/सरकारी अनुदान राशि डी0बी0टी0 किये गये लाभुकों के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण सूचना –**

निदेशानुसार मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2025–26 अन्तर्गत चयनित लाभुकों जिनके खाते में सरकारी अनुदान की राशि डी0बी0टी के माध्यम से हस्तांतरित कर दी गयी है को सूचित किया जाता है की वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभीय राज्यादेश संख्या– 17 रा० (वि०), दिनांकः– 26.08.2025 के द्वारा स्वीकृत योजना मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत् दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम अन्तर्गत 02/05/10 दुधारू गाय/भैंस की योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु स्वयं **चयनित लाभुकों को** गव्य प्रक्षेत्र अन्तर्गत संस्थागत प्रशिक्षण यथा 06 (छः) दिवसीय प्रशिक्षण/फारमर्श अवेयरनेश कार्यक्रम (APDF) में प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है। **निदेश दिया जाता है कि जिनके द्वारा उपर्युक्त वर्णित प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया गया है वे अपना प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र की राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित छायाप्रति एवं मूलप्रति कार्यालय में उपलब्ध कराये ताकि प्रमाण–पत्र की जाँच कर उन्हे योजना का लाभ दिया जा सके। सरकार के आदेशानुसार बिना प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र के दुधारू मवेशी का कय मान्य नहीं है।**

PR 377675 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(26-27)#D

निवेदक
जिला गव्य विकास पदाधिकारी, गढ़वा

---

## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू (खेल शाखा)

Phone no-06562 224033 email id:- palamukhel@gmail.com

### प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारतीय खेल प्राधिकरण और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, खेलों इंडिया योजना के तहत राज्य के सभी जिलों में ेडप्ज। ब्यजल स्मंहनम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। पलामू जिले में आयोजित होने वाले प्रतियोगिताओं की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0सं0 | प्रतियोगिता का नाम | आयोजन स्थल | तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | कुश्ती (बालिका वर्ग अंडर 14/17) | स्त्रोन्नत उ0 वि0, पिपरा। | 23.04.2026 |
| 2 | वॉलीबॉल (बालिका वर्ग अंडर 14/17) | मध्य विद्यालय, लेस्लीगंज। | 24.04.2026 |
| 3 | एथलेटिक्स (बालिका वर्ग अंडर 14/17) Event 200 Mt, 400 Mt, 800 Mt & D.T. , Shot put | जिला एथलेटिक्स स्टेडियम, मेदिनीनगर। | 25.04.2026 |

उपरोक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी दिनांक– 21.06.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक आवेदन जिला खेल कार्यालय, पलामू में हाथों–हाथ जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु जिला खेल समन्वयक, पलामू के मो0न0 7903002586 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु नियम एवं शर्तें :–**

- खिलाड़ियों की आयु अंडर 14 एवं अंडर 17 होना अनिवार्य है।
- सभी खिलाड़ी को आधार कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा।
- एक प्रतिभागी केवल एक ही विद्या में भाग ले सकते हैं।
- निबंधन प्रपत्र जिला खेल कार्यालय, पलामू या पलामू जिले के अधिकारिक Website – www.palamu.nic.in से प्राप्त कर सकते हैं अथवा Google Form- के दिये गए लिंक https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSfp4DET6Y4QcRTYStMmmEHl6SWwe0kE8AQzvJfGZlwRaudy5A/viewform?usp=sharing&ouid=109373754980138063402 से भर सकते है।

जिला खेल पदाधिकारी,
पलामू।

PR.NO.377681 District(26-27):D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–DWSD/03/2026-27 (1st Call)**

1. विभाग का नाम :–पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड़।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर।
3. परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट पर ऑपलोड/ डाउनलोड की तिथि/समय :–**17.04.2026** को 12:30 बजे अपराह्न में।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय :–**24.04.2026** को 3:30 बजे अपराह्न् तक।
5. निविदा खोलने की अंतिम तिथि/समय :–**25.04.2026** को 04.00 बजे अपराह्न में ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download करना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थानः– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।

| क्र0 सं0 | **कार्य की विवरणी** निर्मित जलमीनार एवं पाईप लाईन बिछा हुआ औसतन 30.00 एवं 100.00 मी0 की दूरी पर अवस्थित सरकारी आँगनबाड़ी केन्द्रों (भवन) में पेयजल का व्यवस्था कराने का कार्य वर्ष 2026–27 (टर्न की के आधार पर) | आँगनबाड़ी केन्द्रों की सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | ग्रुप संख्या – MED/ABWA/30.00M-01 | 11 अदद | 231704.00 | 5000.00 | 500.00 | 30 (तीस) दिन |
| 02 | ग्रुप संख्या – MED/ABWA/30.00M-02 | 10 अदद | 210640.00 | 4500.00 | 500.00 | 30 (तीस) दिन |
| 03 | ग्रुप संख्या – MED/ABWA/100.00M-03 | 10 अदद | 307910.00 | 6500.00 | 750.00 | 30 (तीस) दिन |
| 04 | ग्रुप संख्या – MED/ABWA/100.00M-04 | 10 अदद | 307910.00 | 6500.00 | 750.00 | 30 (तीस) दिन |
| 05 | ग्रुप संख्या – MED/ABWA/100.00M-05 | 11 अदद | 338701.00 | 7000.00 | 750.00 | 30 (तीस) दिन |
| 06 | ग्रुप संख्या – MED/ABWA/100.00M-06 | 11 अदद | 338701.00 | 7000.00 | 750.00 | 30 (तीस) दिन |

**नोटः**– निविदा की शर्त्तें एवं परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
मेदिनीनगर

PR 377586 (Drinking Water and Sanitation)26-27*D

---

## कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू)

Email id:-np.hariharganj@gamil.com

**ज्ञापांकः– 307 /दिनांकः– 16.04.2026**

**अल्पकालिन सैरात/व्यवसायिक वाहन पड़ाव शुल्क बंदोबस्ती की आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हरिहरगंज क्षेत्रान्तर्गत सैरात/नगरपालिका व्यवसायिक वाहन पड़ाव शुल्क वसूली हेतु उच्चतम डाकवक्ता के माध्यम से 11 माह के लिए बन्दोबस्त की जानी है। डाक की विवरणी निम्नरूपेण है :–

| क्र0 | डाक की विवरणी | डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि डाक की न्यूनतम राषि का 10 प्रतिषत आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है। | डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों/एजेंसी के लिए आवेदन पत्र जमा करने की तिथि एवं समय | डाक खोलने की तिथि, समय एवं स्थान | बन्दोबस्त में भाग लेने के लिए आवेदन षुल्क जो वापस नहीं किया जायेगा। | निर्धारित वसूली दर 24 घंटा के लिए जो अनुमानतः दोपहर 12 बजे से अगला दिन दोपहर 12 बजे तक। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | नगरपालिका व्यवसायिक वाहन पड़ाव षुल्क | | | | | | |
| 01 | नगरपालिका व्यावसायिक वाहन षुल्क (नगर पंचायत हरिहरगंज का संपूर्ण क्षेत्र) | 16,86,300.00 (सोलह लाख छियासी हजार तीन सौ रूपए मात्र) | 1,68,630.00 (एक लाख अड़सठ हजार छः सौ तीस रूपए मात्र) | दिनांक–04.05.2026 समयः पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन 01:00 बजे तक। | दिनांक–04.05.2026, समयः अपराहन 02:00 बजे से स्थानः कार्यालय सभागार नगर पंचायत हरिहरगंज। | 5000.00 (पांच हजार रुपये) | 1. टोटो/टेम्पु – 20 रु प्रति0 2. ट्रेक्टर, पिकप, कमांडर – 40 रु प्रतिदिन 3. चार चक्का (407/pickup आदि के लिए–40 रू0 प्रतिदिन। 4. 6 चक्का एवं बस के लिए –100 रू0 प्रतिदिन 5. 6 से 10 चक्का वाहन के लिए–150 रू0 प्रतिदिन 6. 10 चक्का से अधिक वाहन के लिए– 200 रू0 प्रतिदिन डाकवक्ता द्वारा बोली में न्यूनतम बोली 5000.00 से कम मान्य नही होगा। |
| | बाजार सैरात बन्दोबस्ती | | | | | | |
| 01 | बाजार सैरात दुकानदार बाजार सैरात फुटपाथ दुकानदार (नगरपालिका अधीन संपूर्ण क्षेत्रों में) | 1100000.00 (ग्यारह लाख रुपये) | 110000.00( एक लाख दस हजार रुपये) | दिनांक–04.05.2026 समयः पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन 01:00 बजे तक। | दिनांक–04.05.2026, समयः अपराहन 04:00 बजे से स्थानः कार्यालय सभागार नगर पंचायत हरिहरगंज। | 5000.00 (पॉच हजार रुपये) | चलन्त ठेला गुम्टी/ठेला/अस्थायी दुकान इत्यादि 1.0–30 वर्ग फीट– 10 रु/दिन 2.30 से 50 वर्ग फीट तक– 20रु /दिन 3.50 से 100 वर्ग फीट तक– 40रु /दिन 4.100 वर्ग फीट से अधिक– 50 रु /दिन (निविदा की षर्तें कंडिका –5 में बोली में न्यून्तम 5000.00 रु नोटः– स्वयं उत्पादन कर बेचने वाले किसानो को दो टोकरी तक समान पर किसी भी तरह का षुल्क नही लगेगा। |

डाकवक्ता के लिए अन्य शर्त्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर किसी कार्यालय अवधि में एवं UD&HD के Website पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत हरिहरगंज

PR 377638 (District)26-27*D

संपादकीय

# नोएडा हिंसा : गंभीर चेतावनी

उत्तर प्रदेश के नोएडा की फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूरों द्वारा न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने की मांग को लेकर सोमवार को जिस तरह से हिंसा की गई, वह विकास की उजली तस्वीर के राजनीतिक दावों का अंधेरा पहलू है। यूपी में फैक्ट्रियों में काम के नाम पर कामगारों का कितना जबर्दस्त शोषण हो रहा है, यह घटना उस हकीकत का प्रमाण है। हालांकि राज्य की योगी सरकार ने इस घटना के बाद चेतते हुए न्यूनतम मजदूरी 3 हजार रू. तक बढ़ा दी है। साथ ही इस औद्योगिक विवाद को सुलझाने के लिए उच्च स्तरीय कमेटी की सिफारिशों पर अमल भी शुरू कर दिया है। उधर पुलिस ने हिंसा, आगजनी और तोड़फोड़ के मामलो में सात एफआईआर दर्ज की हैं और करीब 300 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस का दावा है कि नोएडा में हिंसा बाहरी लोगों ने फैलाई। दरअसल नोएडा के होजियरी कॉम्लेक्स की फैक्ट्रियों में कार्यरत करीब 42 हजार कर्मचारी ज्यादा वेतन और सुविधाओं को लेकर चार दिनों से आंदोलन कर रहे थे। इस क्षेत्र में सौ से अधिक कंपनियां हैं। बताया जाता है कि इन फैक्ट्रियों के कर्मचारियों की उनकी अधिकांश मांगों को लेकर कर्मचारियों, फैक्ट्री मालिकों और सरकार के बीच सहमति बन भी गई थी, लेकिन सोमवार को इस आंदोलन ने हिंसक रूप ले लिया था। पुलिस के मुताबिक सोमवार को 80 से ज़्यादा जगहों पर करीब 40 से 45 हजार मज़दूर इकट्ठा हुए थे। इससे ज़िले के कुछ हिस्सों में यातायात बाधित हुआ और कानून-व्यवस्था की समस्याएँ पैदा हुईं। नोएडा के सेक्टर-63 और मदरसन कंपनी परिसर के पास स्थिति बिगड़ी। भड़के कर्मचारियों ने वहां खड़ी कई गाड़ियों को फूंक दिया, तोड़फोड़ और आगजनी की। कर्मचारी मुख्य रूप से ओवरटाइम का भुगतान दोगुनी दर से करने, हर माह की दस तारीख तक एकमुश्त वेतन देने, हर श्रमिक को सैलरी स्लिप अनिवार्य रूप से देने तथा बिना उचित कारण के कर्मचारियों को नौकरी से नहीं निकालने आदि की मांग कर रहे हैं। इस बीच योगी सरकार ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक क्षेत्रों में हाल ही में उभरे श्रमिक असंतोष के बाद सरकार ने त्वरित कदम उठाते हुए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। समिति की सिफारिशों के आधार पर श्रमिकों को तत्काल राहत देते हुए न्यूनतम मजदूरी दरों में बढ़ोतरी कर दी है। नए आदेश एक अप्रैल 2026 से लागू होंगे। शासनादेश के अनुसार, यह वृद्धि अलग-अलग श्रेणियों में की गई है। अधिकतम करीब 3000 तक का इजाफा हुआ है। इससे बड़ी संख्या में श्रमिकों को सीधा लाभ मिलेगा। हालांकि सरकार का यह भी कहना है कि यह तात्कालिक राहत है। आगे श्रम कानूनों के तहत व्यापक समीक्षा के साथ वेज बोर्ड के माध्यम से स्थायी समाधान की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह श्रमिकों के कल्याण और औद्योगिक विकास दोनों के प्रति प्रतिबद्ध है। इसी संतुलन को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। नोएडा की हिंसा इस बात का अलार्म है कि हमारे उद्योग जगत के भीतर क्या चल रहा है। दरसअल देश मे श्रमिक आंदोलन लगभग मृतप्रायः होने के बाद मजदूरों के अधिकारों और उनके शोषण के खिलाफ आवाज उठाने और संघर्ष करने का कोई माध्यम नहीं बचा है। ठेका पद्धति ने श्रमिकों को उनके मौलिक अधिकारों से वंचित कर दिया है। ऐसे में श्रमिकों की नाराजी इस तरह फूटती है। योगी सरकार ने त्वरित निर्णय लेकर संवेदनशीलता दिखाई है, लेकिन लिए गए फैसलों पर ठोस अमल की मॉनिटरिंग भी जरूरी है। वरना नोएडा से शुरू हुई चिंगारी धीरे-धीरे देश में आग की तरह फैल सकती है। जिससे निपटना सरकार के लिए टेढ़ी खीर हो जाएगा।

# हथियार नहीं, 'अनाज' है भारत की असली शक्ति

**अमेरिका-इजराइल और ईरान के मध्य युद्धविराम के पहले खाद्यान्न की बढ़ती वैश्विक कीमतों के बीच भारत में अनाज का रिकार्ड उत्पादन एक 'सुरक्षा कवच' की तरह रहा है। अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता की विफलता से वैश्विक स्तर पर राहत मिलने की संभावनाएं भी क्षीण होती दिख रही हैं। अब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से होर्मुज जलमार्ग को खोलने संबंधी एलान और इस पर ईरान के भारी विरोध से युद्ध की चुनौतियां बढ़ गई हैं। इससे दुनिया भर में खाद्य संकट बढ़ने की आशंका है। चूंकि इस युद्ध के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को नुकसान पहुंचा है, जिससे तेल एवं गैस समेत उर्वरकों की भी भारी कमी हो गई है और उसे ठीक होने में महीनों लग सकते हैं, इसलिए जरूरी वस्तुओं के दाम ऊंचे बने रहने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।**

**जयंती लाल भंडारी**




हाल में विश्व खाद्य कार्यक्रम की ओर से जारी रपट के मुताबिक, इस समय दुनिया में 31.9 करोड़ लोग भूख से पीड़ित हैं। अब पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण यह आंकड़ा और बढ़ने के आसार हैं। इस वैश्विक चुनौती के बीच भारत खाद्यान्न सुरक्षा के मामले में अनुकूल स्थिति में नजर आता है। भारत के पास 31 मार्च 2026 तक 6.02 करोड़ टन गेहूं और चावल का सुरक्षित भंडार (बफर स्टाक) मौजूद है, जो देश की आर्थिक ताकत बन गया है। इस खाद्यान्न भंडार से भारत एक साल तक की अपनी खाद्यान्न जरूरत को आसानी से पूरा कर सकता है। यह भी उल्लेखनीय है कि देश के अस्सी करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है।

भारत का रिकार्ड खाद्यान्न उत्पादन जहां देश के आम आदमी के लिए भोजन की गारंटी है, वहीं दुनिया के कई जरूरतमंद देशों के करोड़ों लोगों के लिए खाद्यान्न आपूर्ति का आधार भी है। भारत 'खाद्य सुरक्षा' के मामले में न केवल आत्मनिर्भर है, बल्कि मजबूत स्थिति में है। सरकार तकनीक और कृषि हितप्रद नीति के माध्यम से किसानों को केवल 'अन्नदाता' ही नहीं, बल्कि 'निर्यातक' बनाने की दिशा में भी काम कर रही है। खाद्य तेल और दलहन पर राष्ट्रीय मिशन तथा प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन सहित सभी कृषि क्षेत्रों को मजबूत किया जा रहा है। देश का लक्ष्य गेहूं और चावल के अलावा दलहन एवं तिलहन में आत्मनिर्भर होना है।

वर्ष 2025-26 के लिए मुख्य फसलों के उत्पादन के दूसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक, इस बार खाद्यान्न उत्पादन का परिदृश्य ऐतिहासिक स्तर पर है। खरीफ खाद्यान्न उत्पादन 17.41 करोड़ टन और रबी खाद्यान्न उत्पादन 17.45 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह पिछले वर्ष 2024-25 की तुलना में एक बड़ी छलांग है। पिछले वर्ष खरीफ उत्पादन 16.94 करोड़ टन था, जिसमें इस बार लगभग 2.8 फीसद की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, रबी उत्पादन पिछले वर्ष 16.91 करोड़ टन था, जिसमें इस दफा 3.2 फीसद की शानदार वृद्धि देखी गई है। थाली के सबसे अहम हिस्से यानी चावल और गेहूं के मोर्चे पर भी भारत ने अपनी जोरदार बढ़त कायम रखी है। दालों के उत्पादन में भी पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ोतरी दिखाई दे रही है।

अमेरिका-इजराइल और ईरान के मध्य युद्धविराम के पहले खाद्यान्न की बढ़ती वैश्विक कीमतों के बीच भारत में अनाज का रिकार्ड उत्पादन एक 'सुरक्षा कवच' की तरह रहा है। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि वर्ष 2008 की वैश्विक मंदी में देश की अर्थव्यवस्था खाद्यान्न ताकत की वजह से बहुत कम प्रभावित हुई थी। इतना ही नहीं, छह साल पहले कोरोना से जंग में देश के खाद्यान्न भंडार एक तरह से हथियार बन गए थे। हाल ही में प्रख्यात कृषि विशेषज्ञ और ब्राजील पोटाश के सीईओ मेट सिंपसन ने कहा कि दुनिया में लगातार खाद्य संकट बढ़ता जा रहा है। उर्वरक की कमी के कारण यूरोप और उत्तरी अमेरिका में फसलों की बुआई पर गंभीर असर पड़ रहा है। ऐसे में कई देशों के लिए खाद्यान्न का बड़े पैमाने पर आयात जरूरी होता जा रहा है। कोरोनाकाल में भारत ने जरूरतमंद देशों को खाद्यान्न का निर्यात किया था। अब एक बार फिर जब दुनिया में आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है, तब भारत खाद्यान्न निर्यात के लिए तत्पर दिखाई दे रहा है।

निस्संदेह कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार और देश के दीर्घकालिक विकास का एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ है। 'पीएम किसान सम्मान निधि' और न्यूनतम समर्थन मूल्य जैसे कई कार्यक्रमों से देश का कृषि क्षेत्र लगातार मजबूत हुआ है। अब तक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 22 किस्तों में चार लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लगभग दो लाख करोड़ रुपए के बीमा दावों का निपटारा किया गया है। देश के गांवों में अप्रैल 2020 से शुरू की गई पीएम स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनकी जमीन का कानूनी हक देकर उनके आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में काम किया जा रहा है। वैश्विक खाद्य संकट के बीच खाद्यान्न की बढ़ती मांग के मद्देनजर भारत की ओर से चालू वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के तहत कृषि को निर्यात उन्मुख बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। बजट में कृषि क्षेत्र के लिए 1,62,671 करोड़ रुपए का आबंटन किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में सात फीसद अधिक है। स्थानीय किसानों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने के महत्त्व को रेखांकित किया जा रहा है। भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है और वर्तमान में यहां लगभग 4.5 लाख टन मछली का उत्पादन हो रहा है, जबकि अतिरिक्त बीस लाख टन उत्पादन की अपार संभावना है। समुद्री अर्थव्यवस्था की क्षमता को बढ़ाने के लिए नए व्यावसायिक तरीके अपनाए जा रहे हैं। साथ ही कृषि में प्रौद्योगिकी संस्कृति को बढ़ावा देने और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के विकास पर भी जोर दिया रहा है। व्यापक भंडारण अभियान और कृषि-वित्तीय प्रौद्योगिकी तथा आपूर्ति श्रृंखलाओं में नवाचार को बढ़ाने के प्रयास जारी हैं।

इस बार के बजट के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को कृषि निर्यात उन्मुख बनने की कोशिश की गई है। इससे भारत के कृषि निर्यात और वैश्विक खाद्य आपूर्ति में और प्रभावी भूमिका निभाने की संभावनाओं को बल मिलता है। देश के पास खाद्यान्न की पैदावार और खाद्य प्रसंस्करण वस्तुओं का उत्पादन एवं निर्यात बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में विविध जलवायु है और कृषि अनुकूल जलवायु क्षेत्रों के मामले में वह समृद्ध है। ऐसे में भारत को निर्यात आधारित खेती, फसल विविधीकरण और खेती में आधुनिक तकनीक के एकीकरण के साथ आगे बढ़ना होगा।

भारतीय कृषि उत्पादों की गुणवत्ता, ब्रांडिंग और मानकों के सभी पहलुओं पर गंभीरता से काम करना होगा। चूंकि देश में अभी भी अनाज, दाल तथा तिलहन के उत्पादन का स्तर मौसम पर ही निर्भर होता है, ऐसे में क्षेत्रवार और फसलवार आधार का व्यापक अध्ययन करते हुए सिंचाई व्यवस्था की नई नीति तैयार करना लाभप्रद होगा। इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि अनाज बर्बाद होने से बचाने के लिए देश में वर्ष 2028 तक सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करने की महत्त्वाकांक्षी योजना को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। उम्मीद है कि खाद्यान्न संकट की वैश्विक चिंताओं के बीच भारत रिकार्ड खाद्यान्न भंडार से देश के आम आदमी की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खाद्यान्न निर्यात में भी अहम भूमिका निभाएगा।

अध्यात्म

# छोटे प्रयासों से, बहुत कुछ मिल जायेगा

एक आदमी समुद्रतट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुँचने पर आदमी ने उससे पूछाः और भाई, क्या कर रहे हो?युवक ने जवाब दियाः मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहाः ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है।अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोलाः इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इसतरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जायेगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोलाः आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जायेगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है? यह हम पर है कि हम कौनसी कहावत पसंद करते है... अकेला चना भांड नहीं फोड़ सकता। या बूँद बूँद से ही घड़ा भरता है हम सब आदर्शवादी और अच्छे कार्य करने की बातें करते रहते है। जैसे बिजली बचाना, सड़क पर कचरा न फेंकना, शादी समारोह अथवा अन्य आयोजनों या अपने घर में भोजन को वैस्ट न करना, ट्रेफिक नियमों का पालन करना, किसी जरूरतमंद की मदद करना और बहुत कुछ। लेकिन हम में से ज्यादात्तर लोग ऐसी बातों का पालन नहीं करते। ऐसा क्यों होता है कि हम पढ़े लिखे लोग ही इन छोटी छोटी बातों का पालन नहीं करते? सबसे ज्यादा खाना हम पढ़े लिखे लोग ही वैस्ट करते है जबकि दूसरी और भारत में रोजाना, लाखों लोग भूखे सोते है। हम पढ़े लिखे लोग ही बिजली का अपव्यय करते है जबकि भारत के हजारों गावों में अब भी बिजली नहीं है। ऐसे पढ़े लिखे लोग भी आसानी से मिल जायेंगे जिनके पास इतना भी टाइम नहीं कि वे सड़क पर पड़े हुए घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचा दे।

# परंपरा और पूंजी से बदलता भारतीय बीमा

**कहा जाता है कि विधाता की लिखनी को कोई नहीं टाल सकता, लेकिन आधुनिक युग में उस 'अनहोनी' के बाद की आर्थिक तबाही को टालने का नाम 'बीमा' है। भारतीय समाज में सदियों से एक धारणा रही है कि 'जो होना है, सो होगा'। इसी प्रारब्ध के भरोसे हमने जोखिमों को गले लगाया। कभी बीमा को 'मृत्यु के भय' का सौदा माना जाता था, जहाँ लोग अपनी मौत पर दांव लगाने से कतराते थे। लेकिन बदलते वक्त के साथ यह 'जीवन के भरोसे' की नींव बन चुका है। आज जब हम 2026 के पायदान पर खड़े हैं, तो भारतीय बीमा क्षेत्र एक ऐसे ऐतिहासिक चौराहे पर है जहाँ परंपरा और आधुनिक पूंजी का मिलन हो रहा है।**

**डॉ. सुधीर कुमार**

भारत में बीमा का इतिहास आर्थिक संप्रभुता और जन-कल्याण की सोच का प्रतिबिंब है। 1956 और 1972 के राष्ट्रीयकरण का मुख्य उद्देश्य गरीब जनता के पैसे को सुरक्षित रखना था, लेकिन 1999 में मल्होत्रा समिति के सुझावों और 'इरडा' के गठन ने उदारीकरण के द्वार खोल दिए। 26 प्रतिशत से शुरू हुआ विदेशी निवेश का सफर आज 2026 में 100 प्रतिशत तक पहुँच चुका है, जो यह दर्शाता है कि भारत अब वैश्विक पूंजी से डरता नहीं, बल्कि उसे अपनी शर्तों पर आमंत्रित करता है। वर्तमान में भारत में बीमा की पैठ जीडीपी का महज 4 प्रतिशत है, जिसका मुख्य कारण पूंजी की कमी रही है। 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के माध्यम से अब विदेशी कंपनियां न केवल 'डॉलर' लाएंगी, बल्कि 'एक्चुअरियल साइंस' की वह विशेषज्ञता भी साथ लाएंगी जो जलवायु परिवर्तन और महामारी जैसे भविष्य के जोखिमों का सटीक आकलन करने में सक्षम है।

हालांकि, यहाँ 'वित्तीय सुरक्षा' का प्रश्न सबसे महत्वपूर्ण है। जब विदेशी कंपनियों के पास शत-प्रतिशत मालिकाना हक होगा, तब भारतीय विनियामक की भूमिका एक सख्त अभिभावक की तरह और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि 140 करोड़ लोगों का यह विशाल 'बाजार' केवल मुनाफे का केंद्र न बनकर एक सुरक्षित 'इकोसिस्टम' में तब्दील हो, जहाँ भारतीय ग्राहकों का पैसा सीमाओं के भीतर ही सुरक्षित रहे। अगर यूपीआई ने भारत के लेन-देन के तरीके को बदला है, तो 'बीमा सुगम' बीमा के वितरण का चेहरा बदलने की कूवत रखता है। यह केवल एक वेब पोर्टल नहीं है, बल्कि यह भारत का 'डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर' है। दशकों से भारतीय बीमा क्षेत्र 'मिस-सेलिंग' के दाग झेलता रहा है। गली-मोहल्ले के एजेंटों द्वारा लुभावने वादे करना, बीमारियों को छिपाने की सलाह देना और फिर क्लेम के समय पॉलिसी के पीछे बारीक अक्षरों में लिखी 'शर्तें' दिखाकर मुकर जाना - यह एक आम कहानी रही है। 'बीमा सुगम' इस एजेंट राज को चुनौती देता है। यह एक ऐसी एकल खिड़की है जहाँ ग्राहक सीधे कंपनी से जुड़ता है। यहाँ तकनीक कानून के साथ कदमताल करती है। जब हर दस्तावेज डिजिटल होगा और रिकॉर्ड 'अपरिवर्तनीय' होगा, तो कंपनियों के लिए क्लेम से मुकर पाना नामुमकिन हो जाएगा। किसी भी कानून की असली परीक्षा कोर्ट रूम के ठंडे कमरों में होती है। बीमा कानूनों में धारा 45 (इनडिस्प्यूटेबिलिटी क्लॉज़) का संशोधन एक क्रांतिकारी कदम है। यह प्रावधान एक तरह से उपभोक्ता का सुरक्षा कवच है। यह कहता है कि यदि किसी व्यक्ति ने तीन साल तक ईमानदारी से प्रीमियम भरा है, तो कंपनी बाद में यह कहकर क्लेम नहीं रोक सकती कि 'पॉलिसी लेते समय कोई जानकारी छिपाई गई थी'। यह 'उत्तरोत्तर शुचिता' का सिद्धांत है। न्यायालयों ने भी इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 'लखमी चंद बनाम रिलायंस जनरल इंश्योरेंस' जैसे ऐतिहासिक




फैसलों में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि बीमा अनुबंध 'पवित्र' हैं। अदालत ने माना कि बीमा कंपनी और एक आम नागरिक के बीच शक्ति का असंतुलन होता है। कंपनी के पास वकीलों की फौज और असीमित संसाधन होते हैं, जबकि नागरिक अकेला होता है। इसलिए, कानून का झुकाव हमेशा कमजोर पक्ष की ओर होना चाहिए। विदेशी कंपनियों को भारत में व्यापार करने के लिए इस 'संवैधानिक नैतिकता' को समझना होगा। उन्हें यह समझना होगा कि भारत में 'प्रॉफिट' से ऊपर 'पब्लिक पॉलिसी' और 'सोशल जस्टिस' है।

2025-26 के सुधारों में 'कम्पोजिट लाइसेंस' की अवधारणा एक मास्टरस्ट्रोक है। अभी तक भारत में लाइफ इंश्योरेंस और जनरल इंश्योरेंस के लिए अलग-अलग कंपनियां और अलग-अलग लाइसेंस ज़रूरी थे। यह न केवल कंपनियों के लिए खर्चीला था, बल्कि ग्राहकों के लिए भी थकाने वाला था। अब एक ही कंपनी आपको जीवन बीमा भी दे सकेगी, आपकी कार का बीमा भी करेगी और आपकी स्वास्थ्य समस्याओं को भी कवर करेगी।

यह व्यवस्था विशेष रूप से ग्रामीण भारत के लिए वरदान साबित होगी। एक किसान को अब तीन अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने होंगे। इससे कंपनियों की 'ऑपरेटिंग कॉस्ट' कम होगी, जिसका सीधा फायदा प्रीमियम की दरों में कमी के रूप में आम आदमी को मिलेगा। यह 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और 'ईज ऑफ लिविंग' का एक बेहतरीन संगम है। जहाँ विदेशी पूंजी आती है, वहाँ डाटा की सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बनकर उभरती है। बीमा कंपनियों के पास नागरिकों का सबसे संवेदनशील डाटा होता है - उनकी बीमारियाँ, उनकी जीवनशैली, उनकी आर्थिक स्थिति और उनके परिवार की जानकारी। 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के युग में यह खतरा बना रहता है कि क्या भारतीय नागरिकों का यह संवेदनशील डाटा विदेशी सर्वरों पर सुरक्षित रहेगा? भारत के 'डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम' को यहाँ बीमा कानूनों के साथ मिलकर काम करना होगा। किसी भी विदेशी निवेश को अनुमति देते समय 'डाटा लोकलाइजेशन' की शर्त को अनिवार्य बनाना चाहिए। सुरक्षा केवल सीमाओं पर नहीं होती, आज के दौर में सुरक्षा 'डाटा' की भी होती है। यदि हमारा डाटा सुरक्षित नहीं है, तो हमारी आर्थिक संप्रभुता खतरे में पड़ सकती है। विदेशी पूंजी का आगमन कोई डरावना सपना नहीं है, बशर्ते हमारे कानून की तलवार धारदार रहे और रेगुलेटर की आँखें चौकन्नी। बीमा महज़ एक वित्तीय व्यापार नहीं है; यह समाज के प्रति एक 'सामाजिक अनुबंध' है। जब एक पिता अपनी गाढ़ी कमाई से प्रीमियम भरता है, तो वह केवल एक कागज नहीं खरीदता, वह अपने बच्चों का भविष्य और अपनी पत्नी की मुस्कान सुरक्षित करता है। विदेशी कंपनियों को केवल मुनाफा नहीं, बल्कि 'विश्वास' का व्यापार करना होगा। उन्हें यह समझना होगा कि भारत में व्यापार करने का अर्थ है भारत की विविधता और यहाँ की चुनौतियों को स्वीकार करना। उन्हें अपनी पॉलिसियों को केवल अंग्रेजी बोलने वाले शहरी वर्ग तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें उन भाषाओं और उन क्षेत्रों तक पहुँचना चाहिए जहाँ आज भी लोग 'साहूकार' के चंगुल में फंसे हैं। बीमा कानूनों का यह नया युग तभी सार्थक होगा जब गाँव के अंतिम छोर पर बैठा किसान भी अपनी फसल बर्बाद होने पर दर-दर न भटके, बल्कि 'बीमा सुगम' के ज़रिए उसका क्लेम स्वतः उसके खाते में पहुँच जाए। कानून की किताबों से निकलकर जब इंसाफ पीड़ित की चौखट तक पहुँचता है, तभी लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था दोनों मज़बूत होते हैं। विधाता की लिखनी को हम भले न बदल सकें, लेकिन उस लिखनी के कारण आने वाली परेशानियों को कम करने का साहस हम 'कानून' और 'करुणा' के मेल से ज़रूर जुटा सकते हैं। पूंजी विदेशी हो सकती है, लेकिन नागरिक भारतीय है। आने वाला समय यह तय करेगा कि हम 'बीमा' के इस नए समंदर में लहरों पर सवार होते हैं या उनमें डूब जाते हैं। उम्मीद है कि भारत का सशक्त विनियामक ढांचा और जागरूक न्यायपालिका मिलकर इस आर्थिक सुरक्षा की नाव को एक सुरक्षित और समृद्ध किनारे तक ले जाएंगे।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
पैतृक सम्पदा से जुड़े विवादों का आपके पक्ष में निपटारा हो सकता है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है।

**वृषभ**
उच्च अधिकारी आपको अपमानित कर सकते हैं। आज भूमि और सम्पत्ति में निवेश करने से बचें। आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है।

**मिथुन**
आत्मविश्वास के कारण काम बनते हुये नजर आयेंगे। किसी मित्र के माध्यम से आपको व्यापार के प्रभावी आइडियाज मिल सकते हैं।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपका अनादर कर सकते हैं। व्यापार में बड़ा जोखिम लेने से बचें। पैरों में चोट या दर्द की शिकायत हो सकती है।

**सिंह**
वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। जमीन से जुड़े कारोबार में उच्च आर्थिक लाभ मिल सकता है। आपका स्वास्थ्य बहुत ही अच्छा रहेगा।

**कन्या**
परिवार के लोगों से आपको सराहना मिलेगी। घर में मांगलिक उत्सव को लेकर खरीदारी कर सकते हैं। गर्मी के कारण फोड़े-फुन्सी जैसी समस्या हो सकती है।

**तुला**
लोकसेवा से जुड़े लोगों की आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। नये व्यवसाय को आरम्भ करने की योजना बनायेंगे। लोग आपके व्यवहार की प्रशंसा करेंगे।

**वृश्चिक**
आज कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता हो सकती है। अकारण यात्रायें करनी पड़ सकती हैं। पिता का सहयोग एवं आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**धनु**
कानूनी विवादों से छुटकारा मिलने की सम्भावना है। आपके सभी कार्य सरलता से पूर्ण हो जायेंगे। यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण लोगों से आपका परिचय हो सकता है।

**मकर**
आपके क्रोधी स्वभाव के कारण लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। ईर्ष्यावश किसी की भी आलोचना न करें। आज किसी को धन उधार न दें। उधार दिया हुआ धन फँसने की सम्भावना है।

**कुंभ**
कोई बड़ा व्यापारिक अनुबन्ध होने की सम्भावना बन रही है। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े करियर में उच्चपद प्राप्त हो सकता है। कार्यक्षेत्र का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा।

**मीन**
आपके मन में अज्ञात भय व्याप्त हो सकता है। लोगों को खुश करने के प्रयास में अपनी खुशियों को दाँव पर न लगायें। शाम के समय परिवार के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या के प्रयास मामले में फरार नामजद अभियुक्त गिरफ्तार, उधार की सिगरेट नहीं देने पर की मारपीट

**मसौढी (नबिटासं)।** हत्या के प्रयास मामले में नामजद फरार अभियुक्त को धनरूआ पुलिस ने मरबीघा गांव से एक युवक का गिरफ्तार किया है गिरफ्तार युवक का नाम दीपक कुमार पिता रविंद्र यादव है, थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि धनरूआ थाना क्षेत्र के महमदपुर पभेडा में बीते 14 मार्च को एक दुकानदार से मारपीट की गई थी इस दौरान गंभीर रूप में जख्मी हो गया था, घटना के कारण दुकानदार से उधरा का सिगरेट नहीं देने पर हुई थी जिसमें कुल 6 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया था, इस कांड के वादी सत्येंद्र कुमार पिता रामनंदन सिंह के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में बताया गया था कि हमारा बेटा पर पभेडा बाजार जा रहा था उसी समय हाई स्कूल के समीप सबों ने घेर कर लाठी डंडा से मारपीट की और देसी कट्टा साटकर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया था उक्त सभी घटना में फरार आरोपी के खिलाफ धनरूआ थाना की चल रही कार्रवाई के दौरान दीपक कुमार की गिरफ्तारी की गई है।

### हार्वेस्टर चालक से मांगी 50 हजार की रंगदारी, विरोध करने पर मारपीट कर छीनी सोने की चेन

**मसौढी (नबिटासं)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के तेतरी गांव में हार्वेस्टर चला रहे एक हार्वेस्टर चालक के साथ ₹50 हजार की रंगदारी मांगने और मारपीट का मामला प्रकाश में आया हैं, जहां पीड़ित रोहित कुमार पिता स्वर्गीय कौशल किशोर सिंह अवधारा पभज का रहने वाला है। जिन्होंने मसौढी थाना में बसौर के रहने वाले मुन्ना कुमार पिता रामनंदन सिंह पर ₹50 हजार रंगदारी मांगने मारपीट करने और सोने के चैन छीनने का आरोप लगाया है, दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा है कि हम तेतरी गांव में हार्वेस्टर चला रहे थे उसे इसमें बाइक से मुन्ना कुमार आया और सबसे पहले ₹50 हजार की रंगदारी की मांग की जब इसका विरोध किया तो मारपीट कर हमारा सोने का चेन छीन कर भाग गया है पुलिस इस मामले में छानबीन में जुटी है।

### दो मासूम बच्चों का अपहरण कर किडनी बेचने की दी धमकी, पीड़िता ने एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार

**मसौढी (नबिटासं)।** मामला मसौढी थाना क्षेत्र के तुलसीचक गांव की है, जहां पर तुलसीचक की रहने वाली गायत्री देवी पति स्वर्गीय सच्चिदानंद सिंह के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी के यहां आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है, दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा है कि बीते 14.4.2026 को हमारी नातनी सलोनी कुमारी (उम्र 14 वर्ष) और नाती रोहित कुमार (उम्र 11 वर्ष) समोसा लाने के लिए छाता मोड पर गए थे जहां तुलसीचक के ही रहने वाले इंदल कुमार पिता छोटन सिंह अपने चार साला जिसमें कुणाल कुमार, मुकेश कुमार, नीरज कुमार और पलवा चारो पिता शारदा सिंह ने मिलकर हमारे नाती और नतनी को अपहरण कर लिया है और हमें घर पर आकर धमकी देते हुए कहा है कि इन दोनों नाती नतनी का किडनी निकालकर बेच देंगे और जान से मार देंगेस इससे पहले भी 13.04 2026 को शाम को मेरे घर पर आकर मेरे पास साथ गाली गलौज मारपीट और अभद्र व्यवहार भी किया था, हम अपनी बेटी सुलेखा कुमारी के साथ रहकर सब्जी बेचने का काम करते हैं, यह सब हमारे घर को हड़पना चाहते हैं पति की मृत्यु के बाद इसके नियत बहुत खराब है अभी तक हमारे नाती और नतनी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है, हमें अंदेशा है कि कोई अप्रिय घटना ना कर दें,, इस मामले में अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा स्थानीय थाने को सूचित करते हुए कार्रवाई करने को कहा गया है, पुलिस बिंदुवार मामले की छानबीन में जुटी है।

### जर्जर सड़क और अधूरे पुल को लेकर ग्रामीणों ने विधानसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र

**नरकटियागंज (नबिटासं)।** प्रखंड के राजपुर से मठीया गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क और पुरानी पंडई नदी पर पुल निर्माण की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। वर्षों से उपेक्षा का दंश झेल रहे मठीया गांव के ग्रामीणों ने अब सीधे विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर गुहार लगाई है। मठीया के अरुण प्रसाद, अनिल चौबे, बिरेन्द्र यादव, जमीर मियां, हदीश मियां, इरफान मियां, आर्यन मिश्रा, आशीष मिश्रा, धर्मेन्द्र यादव, दिलशाद आलम, ईशरायल मियां समेत दर्जनों ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव के समय आश्वासन तो बहुत मिलते हैं, लेकिन आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि या अधिकारी ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। करीब डेढ़ किलोमीटर यह सड़क राजपुर और सोनासती गांव के समीप से निकलकर मठीया के पास साठी-भसुरारी सड़क को जोड़ती है। यह मार्ग मठीया, बरवा बरौली, बैतापुर, हिंगलहर और खजुरिया समेत कई गांवों की हजारों की आबादी के लिए लाइफलाइन है। इस सड़क के बनने से अनुमंडल और प्रखंड मुख्यालय की दूरी करीब 3 से 4 किलोमीटर कम हो जाएगी।कनेक्टिविटी का अभाव और वर्तमान में सड़क कच्ची होने के कारण ग्रामीणों को लंबी दूरी तय कर मुख्यालय पहुंचना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में यह सड़क कीचड़ और जलजमाव की वजह से नरक में तब्दील हो जाती है।जलजमाव के कारण ग्रामीण पंचायत मुख्यालय और पैक्स दुकान से कट जाते हैं। राशन लाने के लिए भी उन्हें कई किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है।इतना ही नही पुरानी पंडई नदी को पार करने के लिए सालों पहले पाइप डालकर कामचलाऊ रास्ता बनाया गया था, जो अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है। बारिश में पानी लचका के ऊपर से बहने लगता है, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है। ग्रामीणों ने विकास कार्यों में लापरवाही का मुद्दा भी उठाया है। सड़क पर बाढ़ के पानी की निकासी के लिए दो पुलिया का निर्माण तो कराया गया, लेकिन संवेदक ने उनके अप्रोच पथ का निर्माण नहीं किया। नतीजतन, इन पुलियों के होने के बावजूद चार पहिया वाहनों का परिचालन असंभव है। ग्रामीणों का कहना है कि हमने मुखिया, जिला परिषद, विधायक और सांसद से लेकर प्रखंड कार्यालय तक गुहार लगाई, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला। अब थक-हारकर विधानसभा अध्यक्ष को पत्र भेजा है। और सड़क और पूल का निर्माण कराने की मांग की है।

### जिले में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं : डीएम

**कटिहार (नबिटासं)।** जिले में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है।गैस की किल्लत को लेकर मिडिया में आई खबर भ्रामक है।खपत के अनुसार जिले में उपभोक्ताओं को सामान्य ढंग से घरेलू गैस की आपूर्ति की जा रही है। उक्त जानकारी जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने गुरुवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर दी है।उन्होंने बताया है कि जिले में अलग- अलग कंपनियों के कुल 54 गैस वितरण एजेंसी कार्यरत है।जिसमें आज 11,439 घरेलू व 929 व्यवसायिक गैस सिलेंडर उपलब्ध है। बुद्धवार को 5677 बुकिंग के विरुद्ध 4100 सिलेंडर उपलब्ध करायी जा चुकी है। डीएम ने बताया कि 16 अप्रैल को 10,298 घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा सकेगी।डीएम ने बताया कि गैस को लेकर उपभोक्ताओं को घबराने की कोई जरुरत नहीं है।उन्होंने बताया कि एलपीजी गैस जमाखोरी व कालाबाजारी के विरुद्ध जिला प्रशासन की ओर से कड़े कदम उठाये गये हैं।प्रखंडों के लिए गठित धावा दल,नोडल पदाधिकारी व अनुमंडल के स्तर से लगातार होटलों,गैस गोदामों सहित अन्य स्थानों में कालाबाजारी छापेमारी कर रही है।उन्होंने बताया कि इसको लेकर विभिन्न थानों में 05 प्राथमिकी भी की गई है।वहीं जिला कंट्रोल रूम से मिली 976 शिकायतों में 966 का निष्पादन कर दिया गया है।प्रेस वार्ता में अपर समाहर्ता डा.विनोद कुमार,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अभिषेक रंजन सहित अन्य उपस्थित रहे।

### यूरिया ऊर्वक के वितरण में किफायत बरतने के निर्देश

**मनिहारी /कटिहार (नबिटासं)।** जिला कृषि पदाधिकारी से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक मे प्रखंड कृषि पदाधिकारी गौरव कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के खुदरा ऊर्वरक दूकानदारों को एक किसान को अधिकतम दो बोरी यूरिया खाद बेचने की अपील की है। बीएओ श्री कुमार ने जानकारी दी है कि बेमौसम में भी यूरिया खाद की अप्रत्याशित मात्रा मे खपत को देखते हुए आनेवाले दिनों मे खरीफ मौसम में यूरिया की पर्याप्त भण्डारण सुरक्षित रखने के उद्देश्य से इस तरह के कदम उठाये गये हैं। जानकारी दी कि जिन किसानों को अधिक यूरिया खाद की आवश्यकता होगी संबंधित पंचायत के किसान सलाहकार के जांच प्रतिवेदन के आलोक में वैसे किसानों को आवश्यक्तानुसार यूरिया उपलब्ध करायी जा सकेगी। बीएओ ने कहा कि यूरिया की पर्याप्त मात्रा मौजूद है, सिर्फ इसके बेजा इस्तेमाल पर नियंत्रण को लेकर प्रभावी कदम खरीफ मौसम के मद्देनजर उठायी गयी है।

# जनगणना को लेकर प्रगणक व पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

## ऑन लाईन मोबाइल, ऐप डेटा प्रविष्टि, मकान का सूचिकरण, गणना व नजरी नक्शा के जरिए गणना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** भारत की आगामी जनगणना 2027 की तैयारियां प्रशासनिक स्तर पर तेज हो गई हैं। इसके प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए गुरुवार से मसौढी प्रखंड के प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण शुरूआत हो गई है। चार्ज पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय गिरजा कुंवर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, में आयोजित किया गया है। सुचारू संचालन के लिए सभी प्रतिनियुक्त कर्मियों को कुल तिन बैचों में विभाजित किया गया है।

बैच 1 एवं 2 प्रशिक्षण 16 से 18 अप्रैल तक चलेगा। बैच 3 एवं 4: इनका प्रशिक्षण 18 से 20 अप्रैल तक निर्धारित है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को प्रशिक्षण कोषांग का नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। बीडीओ प्रभाकर ने प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को सख्त निर्देश दिया है कि वे आपसी समन्वय स्थापित कर इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य का निष्पादन करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण में दी जाने वाली बारीकियों को ध्यान से समझें। बहरहाल पहले चरण में मकानों की गणना 2 से 31 मई तक होगी।



इसके लिए प्रगणकों को मकान का सूचिकरण करने, डिजिटल मोड में काम करने समेत अन्य तकनीकी जानकारी दी जाएगी। उन्हें मकानों की गणना फॉर्म भरने की विधि व आधुनिक तकनीक के उपयोग के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन ऑन लाईन मोबाइल, ऐप डेटा प्रविष्टि, मकान का सूचिकरण, गणना व नजरी नक्शा बनाने की जानकारी दी जाएगी। बीडीओ प्रभाकर ने प्रगणकों को कहा कि हाउस लिस्टिंग ब्लॉक क्षेत्र के जनसंख्या का आकलन, संबंधित क्षेत्रों का सीमांकन व डिजिटल मैपिंग का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाना है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दूसरे बैच के 145 प्रगणक-पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय डिजिटल जनगणना प्रशिक्षण शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा (सारण)।** डिजिटल जनगणना की तैयारी के तहत एकमा प्रखंड में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के दूसरे बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार से शुरू हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड चार्ज सह प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार, अपर चार्ज पदाधिकारी मिथलेश कुमार मेहता और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी योगेन्द्र बैठा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकान गणना से जुड़े कार्यों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।



प्रशिक्षणार्थियों को डिजिटल माध्यम से जनगणना कार्य करने के लिए तकनीकी पहलुओं से भी अवगत कराया जा रहा है। चार्ज पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम को तीन चरणों में विभाजित किया गया है। दूसरे बैच में 146 प्रगणक और पर्यवेक्षक 16 से 18 अप्रैल तक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। तीसरे बैच में 19 से 21 अप्रैल तक 136 सहित कुल 427 कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। वहीं इसके पहले पहले बैच में 145 को प्रशिक्षित किया जा चुका है। प्रत्येक बैच के लिए अलग-अलग सत्र निर्धारित किए गए हैं। प्रशिक्षण तीन कक्षों में संचालित हो रहा है, जहां छह फील्ड ट्रेनर और टीचर्स ट्रेनिंग सहयोगी संयुक्त रूप से प्रशिक्षण दे रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना के प्रथम चरण में मकानों की गणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी, इसलिए प्रशिक्षणार्थियों को कार्य की गंभीरता और सटीकता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान आईटी सहायक सैयद अंसारी, शिक्षक निर्भय कुमार सिंह, मास्टर ट्रेनर विशाल कुमार चंदेल, शशि कपूर, सुनील सिंह, सिकंदर कुमार, अरुण ओझा, सतीश कुमार, सुनील कुमार, रितेश कुमार, सत्यप्रकाश सिंह, प्रशिक्षणार्थी मंजीत कुमार तिवारी, शैलेश कुमार सिंह, दीपक कुमार, सुनील कुमार सिंह, योगेश कुमार सिंह, दिग्विजय कुमार गुप्ता, कमल कुमार सिंह, सच्चिदानंद आजाद, ब्रजेश उपाध्याय, रमेश सजल, सोनम मिश्रा, छविनाथ मांझी, रंजीत कुमार पासवान, कृष्ण मोहन पंडित, राजेश कुमार सिंह, शालिनी शुक्ला सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# पालीगंज अनुमंडल कार्यालय में पुराने सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज (पटना)।** वित्तीय संसाधनों की कमी का हवाला देकर जहां कई विकास कार्यों की रफ्तार धीमी पड़ी है, वहीं पालीगंज अनुमंडलीय कार्यालय में सभी सीसीटीवी कैमरों के बदलाव को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि पहले से लगे और सुचारू रूप से कार्य कर रहे सभी कैमरों को हटाकर उनकी जगह नए झ नए कैमरे लगाए गए हैं, जिससे सरकारी धन के अनावश्यक खर्च की चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों के बीच यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि कुछ वर्ष पूर्व लगाए गए कैमरे पूरी तरह कार्यशील थे, फिर भी उन्हें बदलने की आवश्यकता समझ से परे है। इसे सरकारी धन के संभावित दुरुपयोग के रूप में देखा जा रहा है। लोगों का तर्क है कि जब सरकार स्वयं वित्तीय संकट की बात कर रही है, तब ऐसे निर्णयों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए।

अंचल कार्यालय पालीगंज में तो पूर्व से लगे कैमरे के ठीक बगल में उसी दिशा में एक और कैमरा लगा दिया गया है। एक ही दिशा में दो-दो कैमरों की स्थापना ने लोगों को हैरान कर दिया है। सवाल उठ रहा है कि जब एक कैमरा पहले से निगरानी कर रहा था, तो उसी दिशा में दूसरा कैमरा लगाने की आवश्यकता क्यों पड़ी। इस मामले में संबंधित अधिकारियों की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इधर, आमजन में असंतोष बढ़ता जा रहा है और पूरे मामले की जांच की मांग उठने लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पुराने उपकरण कार्यशील थे, तो नए कैमरे लगाने के निर्णय का स्पष्ट कारण सार्वजनिक किया जाना चाहिए, ताकि अनावश्यक खर्च पर रोक लग सके। क्या पदाधिकारी द्वारा निजी लाभ के लिए ऐसे निर्णय तो नहीं लिए गए।

### धनरूआ में शादी की नीयत से अपहृत युवती मसौढी से बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** शादी की नीयत से अपहरण मामले में अपहृत युवति को धनरूआ पुलिस ने मसौढी से बरामद किया है। दरअसल धनरूआ थाना कांड संख्या 206 /26 के तहत बीते तिन अप्रैल को धनरुआ थाना क्षेत्र के काशीनगर गांव के रहने वाले रोहिणी देवी पति सत्येंद्र पासवान ने गांव के ही मनीष कुमार पिता नरेश चौहान पर शादी की नियत से अपहरण कर लेने का प्राथमिकी दर्ज करवाई थी, उक्त कांड दर्ज करते हुए पुलिस श्याम अनुसंधान के दौरान बुधवार को धनरूआ पुलिस ने मसौढी से अपहृत युवति को बरामद कर लिया है।

# मसौढी के सुगनी में मछली फार्म हाउस की खिड़की तोड़कर हजारों की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी ।** ब्राउन शुगर पीने वाले नशाखोर अब घरों को छोड़कर अब मछली फार्म हाउस पर भी चोरी करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में बिते बुधवार की रात में मसौढी थाना क्षेत्र के रेवा पंचायत की सगुनी गांव में एक मछली पालन फार्म हाउस में खिड़की तोड़कर फार्म हाउस में रखे मोटर के समान, फैन समेत कई उपकरण चोरी कर लिए हैं, इसके अलावा कुछ मछली भी मार लेने का आरोप लगाया है, इस मामले में मछली पालन फार्म हाउस के संचालक राजीव रंजन सिंह ने मसौढी थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी की दर्ज कराई है।

दर्ज प्राथमिकी में लिखा है की ब्राउन शुगर पीने वाले नशाखोर का ज्यादा गांव में प्रचलन बढ़ गया है जो आसपास के हसनपुरा, और जगपुरा के कई ऐसे असामाजिक तत्व इधर-उधर घूम-घूम कर चोरियां कर रहे हैं पुलिस इस मामले में छानबीन कर जांच में जुटी है।

# समकालीन विशेष अभियान के तहत अनुमंडल के विभिन्न थानों से 10 वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** विभिन्न मामलों में फरार चल रहे अपराधियों के खिलाफ और न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आधार पर पुलिस के द्वारा इन दिनों विशेष तौर पर समकालीन अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर छापेमारी के दौरान बुधवार की देर शाम से लेकर गुरुवार तक अब तक मसौढी अनुमंडल के मसौढ़ी, धनरूआ, पुनपुन, भगवानगंज समेत सभी थानों में कुल 11 वारंटी को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें धनरूआ थाना में छह वारंटी, पुनपुन थाना में एक वारंटी, भगवानगंज थाना में एक वारंटी समेत अन्य थानों में कुल 10 वारंटी को गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तार



किए गए यह सभी वारंटी कई पुराने मामलों में वांछित रहे हैं।

बहरहाल धनरूआ थाना अंतर्गत विभिन्न गांव में छापामारी कर कुल छह वारंटी को गिरफ्तार किया गया है जिसमें सुरेंद्र कुमार पे0 बालेश्वर प्रसाद 2. बालेश्वर प्रसाद स्वर्गीय ब्रह्मदेव प्रसाद दोनों साकीम बांसबीघा 3 अलख निरंजन सिंह पिता स्वर्गीय मोहन सिंह ग्राम ज्याउदीन जमालपुर 4. राजदेव प्रसाद पिता स्वर्गीय देवनंदन प्रसाद ग्राम सिगरामपुर, 5. बिंदेश्वर प्रसाद पिता स्वर्गीय सोमर राम ग्राम देवदहा 6. शंभू लाल प्रसाद पिता स्वर्गीय रामस्वरूप प्रसाद ग्राम सकरपुरा आदी है।

# मसौढी में उद्यान कार्यालय बंद रहने से किसान परेशान, कार्यालय नहीं आते हैं उद्यान पदाधिकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** मसौढी प्रखंड कृषि कार्यालय स्थित उद्यान पदाधिकारी का कार्यालय अकसर बंद रहता है। जिसको लेकर बागवानी मिशन से जुड़े सभी किसान परेशान हो रहे हैं। वहीं किसानों ने बताया की लगातार कई बार उद्यान पदाधिकारी से मिलने के लिए हम सभी लोग प्रखंड कृषि कार्यालय पहुंचते हैं लेकिन कार्यालय हमेशा बंद रहता है।

कार्यालय अक्सर बंद रहने से बागवानी से जुड़े किसानों को बागवानी से संबंधित कोई लाभ नहीं मिल रहा, जिसके कारण किसानों में




उद्यान पदाधिकारी के प्रति काफी रोष है। किसानों का कहना है कि कार्यालय में जब भी कोई किसान जाता है तो कार्यालय बंद रहता है।बेदौली के अवधेश सिंह, नदौना के पंकज कुमार, गड़िहारा भूपेंद्र सिंह, उस्मानचक अनिल सिंह आदि किसानों ने कहा कि बागवानी से जुड़े किसान कई तरह के फलदार पौधे खेतों में लगाए हुए है, वह पौधे अधिकांश सूख गए हैं। विभाग के अधिकारियों को भी वह पौधे दिखाना चाहते हैं, लेकिन पिछले एक कई माह से इस कार्यालय में उद्यान पदाधिकारी देखने को नहीं मिला,वहीं, इस संबंध प्रखंड कृषि पदाधिकारी से बात कही गई तो उन्होंने कहा कि संबंध में काफी शिकायतें भी मिली है अक्सर वह गायब रहते हैं मीटिंग में भी नहीं दिखते हैं। बहरहाल शिकायत पर जिला मुख्यालय से उन्होंने आश्वस्त किया कि कार्यालय बंद रहने की कोई शिकायत नहीं आएगी।

# एनएच 31 के किनारे की जमीन अतिक्रमण मुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अथमलगोला।** प्रखंड अधीन बख्तियारपुर मोकामा फोरलेन के किनारे दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से कब्जा की गई भूमि को ठलअक द्वारा स्थानीय प्रशासन के सहयोग से मुक्त कराया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए मौके पर मौजूद श्रीमती अंशु रानी, कनीय अभियंता, पीएचईडी, अथमलगोला ने बताया कि ठलअक के परियोजना निदेशक, पटना के निर्देश पर बाख्तियारपुर से मोकामा तक राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। इसी क्रम में गुरुवार को अथमलगोला क्षेत्र में करवाई की गई। जिसमें सामान्य प्रशासन और पुलिस



प्रशासन के सहयोग से सडक किनारे सरकारी जमीन पर बनी दर्जनों अवैध दुकानों और गुमटियों को हटाया गया। वहीं फेकन कुमार रजक, कृषि समन्वयक, अथमलगोला ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षित को मजबूत करना और दुर्घटना की संभावना को कम करना है। उन्होंने आगे बताया कि सडक किनारे सैकडों स्थानों पर अवैध दुकानें और अस्थायी ढांचे बना दिए गए थे, जिससे यातायात बाधित हो रहा था और दुर्घटनाओं का खतरा बढ रहा था। अधिकारी ने लोगों से अपील किया है कि वे सडक किनारे अवैध कब्ज न करें। असुविधा होने पर किसी भी आपात स्थिति में ठलअक के टोल फ्री नंबर 1033 पर संपर्क किया जा सकता है।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई आगे भी जारं रहेगी। ताकि सड़कों को पूरी तरह अतिक्रमण मूक्त किया ज सके और आम लोगों को सुरक्षित तथा सुगम आवागमन मिल सके।स्थानीय थाना की पुलिस टीम और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी इस कार्रवार्ड में शामिल थे।

# मसौढी में युवाओं का मिनी मैराथन : अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत शहर में जागरूकता का संदेश

## सेवा सप्ताह के माध्यम से घर-घर तक संदेश पहुंचाना कि सावधानी ही है बचाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** अग्निशमन विभाग द्वारा 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' (14 से 20 अप्रैल) के तहत जन-जागरूकता फैलाने और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। यह आयोजन आग से बचाव और आपदा प्रबंधन के प्रति नागरिकों को सतर्क करने के उद्देश्य से किया गया है। इसमें दमकल कर्मियों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। मसौढी में 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' के तीसरे दिन गुरुवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया।

यह आयोजन भीषण गर्मी और पछुआ हवा के कारण बढ़ने वाली आग की घटनाओं के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया। मैराथन दौड़ की शुरूआत गुरुवार सुबह






अग्निशमालय परिसर से हुई, जिसे अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दौड़ अग्निशमन कार्यालय से अनुमंडल कार्यालय चौक होते हुए सरवां रेलवे गुमटी तक किया गया, फिर वापस अग्निशमालय पर खत्म हुई। इस दौरान आग से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। दौड़ के समापन के बाद, अग्निशमालय परिसर में सभी जवानों के लिए पीटी परेड का आयोजन किया गया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि आग की घटनाओं के दौरान जवानों को प्रतिकूल परिस्थितियों में काम करना पड़ता है, जिसके लिए शारीरिक फिटनेस और मानसिक दृढ़ता आवश्यक है। परेड के जरिए जवानों को क्विक रिस्पांस और टीम वर्क का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में, अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी, मंजीत सिंह, सहायक अनुमंडल अग्निशमालय पदाधिकारी और सभी कर्मियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने स्वयं मैराथन में हिस्सा लेकर जवानों का मनोबल बढ़ाया। विभाग का उद्देश्य सेवा सप्ताह के माध्यम से घर-घर तक संदेश पहुंचाना है कि सावधानी ही बचाव है।

## संक्षिप्त समाचार

### राशन कार्डों के निरस्तीकरण में जिला राज्य में तीसरे स्थान पर

**बेतिया (नबिटासं)।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिले में चलाए गए विशेष सत्यापन अभियान का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। वर्ष 2025 में विधानसभा चुनाव को लेकर कराए गए एसआईआर के आधार पर चलाए गए इस अभियान में अब तक 3103 फर्जी राशन कार्डों को निरस्त किया जा चुका है। इस उपलब्धि के साथ जिला राज्य स्तर पर टॉप-5 में शामिल होते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। एडीएम सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि जिलाधिकारी तरनजोत सिंह के निर्देश पर राशन कार्डों का व्यापक सत्यापन कार्य किया जा रहा है। इस अभियान के तहत लाभार्थियों के दस्तावेज, आय, निवास और पात्रता की गहन जांच की जा रही है, ताकि केवल योग्य व्यक्तियों को ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।जांच के दौरान कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें अपात्र लोग लंबे समय से राशन का लाभ उठा रहे थे। वहीं कुछ मामलों में एक ही परिवार के नाम पर एक से अधिक राशन कार्ड भी पाए गए, जिन्हें नियमों के अनुसार रद्द कर दिया गया।डीएसओ ने बताया कि सत्यापन की प्रक्रिया अभी जारी है और आने वाले दिनों में और भी फर्जी राशन कार्डों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद और पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है।

### निगम के वार्ड पार्षद एनामुल हक पदमुक्त

**बेतिया (नबिटासं)।** बिहार राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निगम बेतिया के वार्ड संख्या 24 के पार्षद एनामुल हक को दो से अधिक संतान होने का तथ्य छिपाने के आरोप में तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर दिया है। आयोग ने वाद संख्या 04/2025 (जेबा जबीं बनाम एनामुल हक) की सुनवाई पूरी कर बुधवार को यह निर्णय सुनाया। आयोग के अनुसार एनामुल हक 4 अप्रैल 2008 के बाद दो से अधिक जीवित संतान होने के कारण चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य थे, लेकिन उन्होंने गलत शपथ पत्र और भ्रामक जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर चुनाव जीत लिया। इस पर बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 18(1)(एम) एवं 18(2) के तहत उन्हें अयोग्य घोषित किया गया। आयोग ने वार्ड 24 की सीट रिक्त घोषित करते हुए पुनः निर्वाचन कराने का निर्देश दिया है। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी को उनके विरुद्ध गलत हलफनामा देने के मामले में विधिक कार्रवाई करने को कहा गया है। आयोग ने जांच रिपोर्ट में विलंब को गंभीर मानते हुए संबंधित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण भी मांगा है। निर्णय के बाद नगर निगम में हलचल तेज हो गई है।

### भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व तस्करी रोकने को कड़े निर्देश

**बेतिया (नबिटासं)।** भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में विधि-व्यवस्था सुदृढ़ करने और तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर जिलाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस दौरान एनकॉर्ड की बैठक भी सम्पन्न हुई, जिसमें प्रशासन, पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल के वरीय अधिकारी शामिल हुए। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण चिन्हित कर उसे शीघ्र हटाने के निर्देश दिए। साथ ही नशा मुक्ति अभियान को तेज करने, जागरूकता बढ़ाने और नियमित छापेमारी चलाने को कहा। वित्तीय अनियमितताओं पर निगरानी के तहत संदिग्ध बैंक खातों, म्यूल अकाउंट और फर्जी लेन-देन की जानकारी साझा करने का निर्देश दिया गया। एटीएम में फेक करेंसी पहचान हेतु मशीन लगाने तथा एफसीआर फंडिंग की रिपोर्ट उपलब्ध कराने को भी कहा गया। जिलाधिकारी ने फर्जी आधार कार्ड के खिलाफ सख्ती, सीएसपी केंद्रों की जांच और विदेशी नागरिकों की पहचान कर वापसी प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन ने भी संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई पर बल दिया।

### सहारा वृद्धाश्रम का शुभारंभ, वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा सुरक्षित आश्रय

**बेतिया (नबिटासं)।** सामाजिक सुरक्षा निदेशालय, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार के तहत पश्चिमी चंपारण जिले के बेतिया में सहारा वृद्धाश्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। उमंग बाल विकास आवासीय दिव्यांग प्रशिक्षण संस्थान, पटना द्वारा संचालित यह पहल वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वृद्धाश्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन एवं रिबन काटकर किया गया। यह केंद्र बेतिया के बड़ा रमना अनाथालय परिसर में स्थापित किया गया है, जहां पूर्व में मुख्यमंत्री वृद्ध जन आश्रय स्थल संचालित था, जिसे अब समाज कल्याण विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है। उद्घाटन समारोह में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा विकास कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता शिवम गुप्ता, सहायक निदेशक बाल संरक्षण दिलीप कामत, नगर प्रबंधक संतोष कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया। कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के बीच हेल्थ किट, फूड किट एवं अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। संस्था द्वारा एक ई-रिक्शा भी उपलब्ध कराया गया है, जिससे बुजुर्गों के आवागमन एवं चिकित्सकीय जरूरतों में सहायता मिलेगी।

### भंगहा बॉर्डर से साढे चार लाख का गांजा जब्त, तस्कर धराया

**मैनाटांड (नबिटासं)।** भंगहा पुलिस ने बुधवार की शाम बार्डर से भारी मात्रा में गांजा एंव एक स्कूटी सहित एक तस्कर को धर दबोचने में सफलता हासिल की है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से मादक पर्दाथ की खेप भंगहा बार्डर के रास्ते भारतीय क्षेत्र में प्रवेश होने वाला है। सूचना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम के द्वारा चप्पा चप्पा घेराबंदी कर ली गई। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति स्कूटी से आता दिखाई दिया। पुलिस ने उक्त संदिग्ध को चारो तरफ से घेरकर पकड़ लिया और उसकी तलाशी लेनी शुरू कर दी। तलाशी के दौरान 10.630 गांजा सहित एक स्कूटी और तस्कर को धर दबोच लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर की पहचान गोपालपुर थाना क्षेत्र के डुमरा गांव के अनिल यादव के रूप में हुई है। उन्होने बताया कि तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं जब्त गांजा की किमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब साढे चार लाख रुपये आंकी गई है।

### शिकारपुर पंचायत भवन में पेंशन शिविर

**नरकटियागंज (नबिटासं)।** प्रखंड की शिकारपुर पंचायत में गुरुवार को मुखिया राहुल जायसवाल की पहल पर एक दिवसीय पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। पंचायत कार्यालय में आयोजित इस शिविर में डीके शिकारपुर, मालदा, मुजौना और इनरवा समेत विभिन्न गांवों के पेंशनधारियों ने अपनी आवेदन जमा किया, और लंबित आवेदनों को लेकर होने वाली समस्याएं रखीं। शिविर के दौरान 15 नए आवेदन प्राप्त हुए, वहीं प्रखंड स्तर पर लंबित 50 आवेदनों के निष्पादन की प्रक्रिया शुरू की गई। मुखिया राहुल जायसवाल ने बताया कि काफी समय से पेंशन न मिलने और आवेदन लंबित होने की शिकायतें मिल रही थीं। इसी को देखते हुए पंचायत कार्यपालक सहायक अविनाश श्रीवास्तव और प्रखंड सामाजिक सुरक्षा सहायक राहुल रंजन की उपस्थिति में समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। ग्रामीणों ने प्रखंड स्तर के कार्य को पंचायत में ही निपटाने की इस पहल की सराहना की। मौके पर उपसरपंच मगीर अंसारी, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि अमर राम, अमीर सहनी, अरविंद कुमार और सूरज ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### 72 घंटे में बिजली शिकायतों का समाधान

**मझौलिया (नबिटासं)।** बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए ऊर्जा विभाग ने एक सराहनीय पहल शुरू की है। इसके तहत पूरे अप्रैल माह में प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां दर्ज शिकायतों का 72 घंटे के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। इस पहल से आम उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।इन शिविरों का उद्देश्य बिजली से जुड़ी समस्याओं का सरल, तेज और पारदर्शी समाधान उपलब्ध कराना है। शिविर में बिजली बिल की गड़बड़ी सुधार, कम वोल्टेज, झुके हुए पोल, ढीले तार, खराब ट्रांसफार्मर जैसी तकनीकी समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा।

# स्कूल की व्यवस्था को लेकर डीपीओ ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हसनगंज (कटिहार)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय में मध्यान्ह भोजन योजना एमडीएम का निरीक्षण एमडीएम डीपीओ निशीथ परनित प्रणीत सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में भोजन के भंडारण की स्थिति, बच्चों को परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता, रसोईघर का रख-रखाव, छात्रों के नामांकन तथा संबंधित अभिलेखों की गहन जांच की गई।निरीक्षण के बाद डीपीओ निशीथ परवीन ने बताया कि विद्यालय में मध्यान्ह भोजन योजना की सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। उन्होंने विद्यालय प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया कि वर्तमान व्यवस्था को बनाए रखते हुए इसे और अधिक बेहतर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जाएं।इसके अतिरिक्त डीपीओ ने उच्च विद्यालय हसनगंज का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने कक्षा कक्षों की स्थिति, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास, फर्नीचर सहित अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं। विद्यालय परिसर में साफ -सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा था।निरीक्षण के समय विद्यालय में छात्र-छात्राएं निर्धारित यूनिफॉर्म में उपस्थित थे और शिक्षकों द्वारा नियमित रूप से कक्षाएं संचालित की जा रही थीं। कक्षा में अनुशासन और पढ़ाई का माहौल भी संतोषजनक पाया गया।दोनों विद्यालयों की व्यवस्थाएं काफी प्रशंसनीय पाई गईं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों द्वारा गंभीरता से कार्य किया जा रहा है।इस मौके पर प्रधानाध्यापक पवन कुमार भगत,साधनसेवी दाताराम पांडेय सहित अन्य संबंधित लोग भी उपस्थित रहे ।

# जयमाला शिक्षा निकेतन कटिहार का शानदार सीबीएसई 10वीं परिणाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान जयमाला शिक्षा निकेतन कटिहार ने एक बार फिर सीबीएसई 10 वीं परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परचम लहराया है। इस वर्ष विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।विद्यालय के मेधावी छात्र प्रियांश कुमार झा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं हर्ष आर्यन मिश्रा ने 96 फीसदी अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, शिवमंगल सिंह 95 फीसदी, गौरव कुमार सिन्हा, अफीफा तबस्सुम, कल्पना कुमारी ने 94-94 प्रतिशत, अंकित 93फीसद, कुणाल 93फीसद, हर्ष यादव 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भविष्य सूर्या, कुणाल 92, जबकि दीक्षा झा, अंकित कुमार,ने 92,- बबीता,शबाब अनवर 91 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय के गौरव को और बढ़ाया।




इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय के निदेशक डॉ. एस. के. सुमन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि इन सभी छात्र-छात्राओं ने नर्सरी से लेकर 10वीं तक की पढ़ाई इसी विद्यालय से पूरी की है, जो संस्था की निरंतर गुणवत्ता और समर्पण को दर्शाता है। डॉ. सुमन ने विद्यालय के परिश्रमी शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि वे बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार भी देते हैं, जो अत्यंत सराहनीय है। साथ ही उन्होंने अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे विद्यालय द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन करते हैं। जिससे बच्चों के समग्र विकास में मदद मिलती है।उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह केवल शुरूआत है। आगे उन्हें आईआईटी , नीट और एनडीए जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यालय का इतिहास गौरवशाली रहा है और हर वर्ष विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में यहां के छात्र उत्कृष्ट प्रदर्शन करते आए हैं। अंत में उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इसी तरह मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ते रहें और विद्यालय के गौरवशाली इतिहास को बनाए रखें।

# जनगणना प्रगणकों पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** प्रखंड कार्यालय परिसर सभागार में जनगणना कार्य मे प्रतिनियुक्त कर्मियों यथा प्रगणकों-पर्यवेक्षकों को विषय संबंधी जानकारी देने को लेकर प्रशिक्षण कार्य जारी है। प्रशिक्षण कार्य 24 अप्रैल 2026 तक निर्धारित है। 13 अप्रैल को अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकीनाथ सिंह, बीडीओ सनत कुमार, प्रखंड पंचायतराज पदाधिकारी सोनू गुप्ता ने प्रशिक्षण सत्र की आगाज संयुक्तरूप से दीप प्रज्जवलितकर की थी।



गुरुवार को मास्टर ट्रेनर बद्री प्रसाद, काशीराम, संजय पांडे, चितरंजन ओझा, अशोक कुमार, अरविंद कुमार पासवान के द्वारा प्रशिक्षण दी जा रही है। प्रशिक्षण के माध्यम से ऐप की तकनीकी पक्षों सहित मकान, भवन व अन्य रिहायसी क्षेत्रों की सूचीकरण सहित तकनीकी पक्षों की जानकारी दी जा रही है।

# मकई भुट्टा तोडने से मना करने पर पीटकर घुटना तोड़ा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** थाना क्षेत्र के नवाबगंज पंचायत के वार्ड संख्या दो निवासी संजय परिहार पिता मोती चौधरी ने मनिहारी थाना में आवेदन देकर गांव के ही चार लोगों पर मारपीट कर घुटना तोड देने की शिकायत दर्ज करायी है। अपनी लिखित शिकायत में पीडित पक्ष संजय परिहार ने कहा है कि जब वह गुरुवार अहले सुबह सात बजे के आसपास अपने मक्के खेत की रखवाली कर रहा था तो गांव के ही बिनोद मंडल,गुल्लु मंडल, पोदिया मंडल उर्फ उमेश मंडल,प्रदीप मंडल उनके खेत में लगी मक्के की भूट्टा तोड़ने लगा. भुट्टा तोडने से मनाकरने पर उन लोगों ने मारपीट की, मारपीट मे उनके दाहिने घुटने की जोड क्षतिग्रस्त हुआ है. ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें ईलाज हेतु अनुमंडल अस्पताल मनिहारी लाया गया. जहां चिकित्सकों ने बेहतर ईलाज के लिए रेफर कर दिया है. उन्होने पुलिस से आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है।दूसरे पक्ष के आरोपी बनाये गये बिनोद मंडल ने इस बाबत पूछे जाने पर बताया कि भुट्टा तोडने की बित मनगढंत है।

# धूमधाम से मनी भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा प्रतिमा की तृतीय वर्षगांठ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**साठी।** सेमरी पंचायत के सेमरी गांव में रेलवे स्टेशन के पीछे बुधवार की शाम श्री राम जानकी मंदिर में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा का तृतीय वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जागरण और भंडारे का भी आयोजन किया गया था। तृतीय वर्षगांठ उत्सव का उद्घाटन नरकटियागंज नगर सभापति रीना देवी ने फीता काटकर किया। इस दौरान नगर सभापति ने कहा कि ऐसे आयोजन से हमारे सभ्यता और संस्कृति की झलक नजर आती है। वहीं व्यवस्थापक सह कोषाध्यक्ष चंदन वर्मा ने बताया कि क्षेत्र की जनता के सहयोग से राम जानकी मंदिर में लगातार 3 वर्षों से प्राण प्रतिष्ठा का वर्षगांठ मनाया जाता आ रहा है। इस दौरान बुधवार को सुबह से ही भक्तों का ताता लगा रहा। शाम में विधिवत पूजा के बाद जागरण और भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बिहार सरकार के पूर्व आईएएस अधिकारी अजय द्विवेदी, भेड़िहरवा पंचायत के मुखिया अभिजीत कुमार उर्फ सनी दुबे, भाकपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश क्रांति, साठी भाजपा मंडल अध्यक्ष कुमारी किरण, पूर्व मुखिया राकेश मिश्रा, सत्येंद्र राव, वार्ड संघ के जिला अध्यक्ष दीपक रावत, पूजा समिति के अध्यक्ष राजकुमार साह, सचिव सुदेश कुमार कुशवाहा, सदस्य राकेश कुमार, पप्पू साह, टेकमन हाजरा, मनीष कुशवाहा, पप्पू राव, विजय सोनी, रामाधार साह, सहित सैकड़ो की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

# सदगुरु कबीर आश्रम का नौवां स्थापना दिवस मना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के साहेबनगर पंचायत के सदगुरु कबीर आश्रम मनसाही का नौवां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य प्रवक्ता पालन साहब ने कहा कि काल - कल्पित जग में हर जगह अत्याचार,उत्पीड़न, बेईमानी, बलात्कार,अपहरण का तांडव छाया हुआ हैं। इससे छुटकारा पाने के लिए प्राचीनकाल से ही ऋषि - मुनि,संत महापुरुष ने शांति स्थापित करने के लिए यज्ञ - सत्संग के द्वारा ज्ञान,प्रचार करते आए हैं। आज भी गली-गली घूमकर संत



महापुरुषों ने सत्संग का आयोजन कर भटकते हुए मानव को सही रास्ता पर लाने के लिए अधक प्रयासरत हैं।

इस तरह मानव कल्याण सदगुरु कबीर आश्रम, मनसाही में सत्संग के द्वारा शांति स्थापित की कामना के लिए दो दिवसीय सतगुरु कबीर सत्संग का आयोजन किया गया। मौके पर भजनों उपदेशक मंटू शरण दास ने कहा कि आज हमारा समाज का धरोहर हमारे माता-पिता व गुरु हैं। आज मानव के अंदर आपस में प्रेम सद्भाव सदाचार आचरण सच्ची माता-पिता व गुरु के प्रति सेवा का भाव से सत्संग के माध्यम से संदेश दी गई। उन्होंने कहा कि आज हम सभी मानव को मानवता का पाठ पढ़ाने हमारे सह सम्राट सतगुरु कबीर साहब आज से 650 ईसा पूर्व ये ही संदेश हम अबोध जीव को चेतना प्रदान किए। प्रेम ना नारी उपजे प्रेम ना हाट विकाय बिना प्रेम के मानवा नधी जमपुर जाए। इस अवसर पर पालन साहब,रामनरेश दास ,मनोज दास,रामदेव दास ,अखिलेश दास ,रामविलास ,नंदलाल साहब,जिछु दास,सरस्वती दास,रेखा दास,रामा दास, कुसमी दास आदि उपस्थित रहे। वहीं मंच का संचालन सत्यनारायण दास ने किया।

# उत्क्रमित उच्च विद्यालय भेड़मारा में सेनेटरी पैड का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** छात्राओं में मासिक धर्म में होने वाले परेशानियों से बचने के उद्देश्य से उत्क्रमित उच्च विद्यालय भेड़मारा में गुरुवार को वर्ग नवम में पढ़ने वाली छात्राओं को सेनेटरी पैड का वितरण उत्क्रमित उच्च विद्यालय भेड़मारा के प्रधानाध्यापक मामून रशीद एवं मध्य विद्यालय हरिप्रसाद के प्रधानाध्यापक मुहम्मद कमरुल हक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।



इस अवसर पर दोनों प्रधानाध्यापक ने किशोरियों को बताया कि राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाले लाभ को सभी विद्यार्थियों तक पहुंचाना हम शिक्षकों का दायित्व हैं। राज्य सरकार के इस सराहनीय कार्य से किशोरियों में होने वाले मासिक धर्म के परेशानियों से हद तक बचा जा सकता हैं। सैनिटरी पैड के उपयोग से कई परेशानियों एवं संक्रमण से बचाया जा सकता हैं । प्रधानाध्यापकों ने कहा कि आप लोग नियमित रूप से विद्यालय आए और राज्य सरकार के द्वारा दिए जाने वाले लाभ एवं सहयोग का फायदा उठाएं। इस अवसर पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय के वरीय शिक्षक चंद्रकांत यादव, गौतम कुमार, उमेश कुमार, नाजीर हुसैन, नीलू परवीन, नुसरत जहां, शाहीन इकबाल आदि उपस्थित रहे ।

# आपसी विवाद में चली गोली, एक धराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के रोशना थाना क्षेत्र के गौरीपुर बांध के पास हुई गोलीकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है।घटना में प्रयुक्त देशी पिस्टल,दो जिंदा कारतूस और एक खोखा के साथ पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस बाबत जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ अभिजीत कुमार सिंह ने बताया कि विगत 13 अप्रैल की रात रोशना थानान्तर्गत गौरीपुर बांध के पास दो अज्ञात अपराधियों द्वारा राजेश कुमार यादव पिता- कारु यादव, साकिन-सुरापार, थाना- मनिहारी, जिला-कटिहार को गोली मारकर घायल कर दिया था। पीड़ित के फर्द बयान पर रोशना थाना में प्राथमिक दर्ज की गई थी। एसडीपीओ ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए कांड अनुसंधान एवं अपराधियों की त्वरित गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बारसोई के नेतृत्व में विशेष जांच टीम का गठन किया गया था। जांच टीम ने त्वरित कारवाई करते हुए घटना में संलिप्त एक अपराधी नीतीश कुमार (19), पिता-किशन यादव गौरीपुर,थाना रोशना जिला कटिहार को एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

# प्रखंड प्रमुख के निरीक्षण में खुली आंगनबाड़ी केंद्रों पर भ्रष्टाचार की पोल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नरकटियागंज।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों की बदहाली और भ्रष्टाचार की शिकायत पर गुरुवार को प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी ने बिनवालिया और राजपुर तुमकड़िया पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्रों के संचालन में भारी अनियमितता, बच्चों की फर्जी उपस्थिति और विभागीय स्तर पर अवैध उगाही जैसे गंभीर मामले सामने आए हैं। राजपुर तुमकड़िया के केंद्र संख्या 100 पर हालात बेहद खराब मिले। सुबह साढ़े 10 बजे तक केंद्र पर एक भी बच्चा मौजूद नहीं था।

सेविका बिना ड्रेस कोड के उपस्थित थीं, जबकि सहायिका बिना किसी सूचना के गायब पाई गईं। प्रमुख द्वारा पूछने पर बच्चों को बुलाया गया। वही बच्चों ने बताया कि केंद्र पर उन्हें नियमित नाश्ता और एमडीएम भी नहीं मिलता। इतना ही नही प्रमुख के फटकार पड़ने पर सेविका सुचिता कुमारी ने सनसनीखेज खुलासा किया। उन्होंने बताया कि विभाग से अंडा और दूध नहीं मिलता, उल्टा पोषाहार की राशि में से 3500 रुपये कार्यालय को देने पड़ते हैं। वही केंद्र संख्या 337 पर भी फजीर्वाड़े का खेल उजागर हुआ। यहां निरीक्षण के समय केवल 17 बच्चे उपस्थित थे, जबकि उपस्थिति पंजी में 31 बच्चों की हाजिरी दर्ज थी। यहां भी सहायिका अनुपस्थित पाई गई। उधर बिनवलिया पंचायत के केंद्र संख्या 22 पर निरीक्षण के दौरान प्रमुख ने पाया कि मात्र 10 बच्चे मौजूद हैं।

# राजमिस्त्रियों को भूकंपरोधी भवन निर्माण का प्रशिक्षण

## बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में शुरू हुआ दस दिवसीय भूकंप रोधी भवन निर्माण प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलरामपुर (कटिहार)।** बिहार सरकार एवं बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बीएसडीएमए के तत्वाधान में प्रखंड मुख्यालय के बलरामपुर सभागार में भूकंपरोधी भवन निर्माण हेतु दस दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस मौके पर कार्यक्रम का उद्घाटन अंचलाधिकारी उदयकांत चौधरी प्रभोदिता सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रशिक्षक इंद्रजीत बेरा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विशेष प्रशिक्षण की शुरूआत की गई।

इस मौके पर अंचलाधिकारी उदयकांत चौधरी ने बताया कि प्रखंड के विभिन्न पंचायत से चयनित तीस राजमिस्त्रियों को इस प्रशिक्षण में




शामिल किया गया हैं। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर राजमिस्त्रियों को भूकंपरोधी भवन निर्माण की आधुनिक तकनीकों द्वारा दक्ष बनाना हैं,ताकि गांवों में सुरक्षित, टिकाऊ और आपदा - रोधी भवन का निर्माण संभव हो सके। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक दोनों प्रकार के प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा हैं। इसमें सही निर्माण सामग्री के चयन,निर्माण मानकों के मजबूती तथा भूकंपरोधी भवन निर्माण के अन्त विधियों पर विशेष बल दिया जा रहा हैं। मौके पर प्रशिक्षक इंद्रजीत बेरा ने बताया कि तेरह अप्रैल को शुरू हुए यह प्रशिक्षण बाइस अप्रैल को पूर्ण होने के उपरांत सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं भवन निर्माण की उपकरण सामग्री प्रदान की जाएगी,साथ ही डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से सात हजार की प्रोत्साहन राशि के रूप में उनके बचत खाते में भेजी जाएगी। इस अवसर पर अंचलाधिकारी उदयकांत चौधरी, प्रशिक्षक इंद्रजीत बेरा सहित विभिन्न पंचायत के चयनित 30 राजमिस्त्री उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में द्वितीय अपीलीय प्राधिकार की कॉज लिस्ट के अनुसार विभिन्न मामलों की सुनवाई की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी परिवादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। सुनवाई के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित लोक प्राधिकारों को निर्देशित किया गया कि सभी मामलों का नियमानुसार जांच करते हुए यथाशीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा की गई कार्रवाई से परिवादियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर अवगत कराया जाए। सुनवाई के दौरान परिवादी मुखदेव सिंह के द्वारा जमाबंदी पंजी में छेड़छाड़ करने से संबंधित शिकायत, अशोक कुमार सिंह के द्वारा जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के आदेश को निरस्त करने के संबंध में परिवाद, मंजू देवी के द्वारा स्वच्छता पर्यवेक्षक की बहाली में अनियमितता के संबंध में शिकायत, कमलेश सिंह द्वारा निजी रास्ते को अंचल अधिकारी के द्वारा बंद कर देने के संबंध में परिवाद, पूनम देवी के द्वारा सरकारी कुआं पर कब्जा करते हुए मकान निर्माण करने के समय परिवाद, राजेंद्र तिवारी के द्वारा वृद्धावस्था पेंशन योजना की राशि प्राप्त नहीं होने से संबंधित शिकायत, अभिमन्यु कुमार सिंह के द्वारा केवला के आधार पर जमाबंदी में खाता एवं प्लॉट अंकित करने से संबंधित परिवाद, शैलेंद्र कुमार सिंह के द्वारा कुटुंबा थाना कांड संख्या 50/74 एवं 55/74 को रिकार्ड उपलब्ध नहीं कराने के संबंध में परिवादों पर विचार किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी मामलों में संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को त्वरित न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।

# जनगणना को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** भारत की आगामी जनगणना-2027 को सुचारू और त्रुटिहीन बनाने के लिए गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय के सभागार में चार्ज स्तरीय प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रखंड चार्ज गणनाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियांशु बसु ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम चार बैच में 13 अप्रैल से 24 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। इस बार नागरिक स्वयं भी पोर्टल पर डेटा भर सकेंगे। स्वगणना के लिए 17 अप्रैल से 1 मई तक समय-सीमा निर्धारित की गई है। प्रथम चरण में मकान सूची करण तथा द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना की जाएगी। चूंकि इस बार की जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी, जिसके लिए आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर मुख्य जोर दिया गया। शिक्षकों को एचएलओ ऐप और मोबाइल पोर्टल के माध्यम से डेटा संग्रहण और उसे सर्वर पर अपलोड करने का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। प्रथम चरण के तहत मकानों का सूचीकरण, भवनों की जियो-टैगिंग और डिजिटल मैप के उपयोग की जानकारी दी गई। प्रगणकों को उन 33 मुख्य प्रश्नों के बारे में बताया गया, जो घर-घर जाकर नागरिकों से पूछे जाने हैं, जिनमें आवास की गुणवत्ता और उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित डेटा शामिल है। शिक्षकों को सिखाया गया कि वे नागरिकों द्वारा प्राप्त यूनिक आईडी को कैसे सत्यापित करें। फील्ड वर्क के दौरान संबंधित क्षेत्र का नजरी नक्शा तैयार करने और आंकड़ों की शुद्धता सुनिश्चित करने के तकनीकी टिप्स दिए गए। प्रशिक्षण सत्र के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सीबीएससी परीक्षा में अंकिता ने लाए 96.8 प्रतिशत अंक




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएससी) ने 10वीं का रिजल्ट 2026 को जारी कर दिया है। शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सरस्वती शिशु मंदिर, राष्ट्रीय उच्च पथ, औरंगाबाद के कक्षा 10 (सत्र 2025-26) के सीबीएससी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा जिसमें कई छात्रों ने उच्च अंक प्राप्त किए। विद्यालय की छात्रा अंकिता कुमारी ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सबसे अधिक अंक हासिल की। इसके अलावा दिवाकर नारायण ने 95.8 प्रतिशत, माधवी ने 94.2 प्रतिशत, रोहित कुमार 93 प्रतिशत, मनिकांत 93.4 प्रतिशत, खुशबू कुमारी 93.3 प्रतिशत, शौर्य कुमार मिश्रा 93 प्रतिशत, रीतु कुमारी 93 प्रतिशत, चाहत कुमारी 92.6 प्रतिशत एवं शिवम कुमार 92.4 प्रतिशत सहित कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत, जिया कुमारी 92.2 प्रतिशत, अनुष्का शाही 91.4 प्रतिशत, सुनिधि सिंह 91.4 प्रतिशत, पल्लवी कुमारी 91.4 प्रतिशत, निक्की कुमारी 90.6 प्रतिशत, समर कुमार 90.4 प्रतिशत, प्रियांशु राज 90.2 प्रतिशत एवं अंजलि कुमारी 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

# ओबरा में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव वाटिका उत्सव हॉल में मंगलवार को संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा और बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. श्री कृष्णा सिंह स्मृति मंच के उपाध्यक्ष तथा बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रत्याशी संजय कुमार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुदर्शन बौद्ध ने की, जबकि संचालन नागदेव कुमार ने किया। कार्यक्रम के उपरांत सबसे पहले उपस्थित लोगों ने संत पदार्थ भवन के समीप बाबा साहेब की स्मृति स्थल पर पहुंचकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद नगर भ्रमण किया गया, जिसमें लोगों ने झंडा और पटाखों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद मुख्य अतिथि संजय कुमार और अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों और प्रतिभागियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा उनके जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में संजय कुमार ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के पदचिह्नों पर चलना आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने संगठन और शिक्षा को समाज के उत्थान के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने 1936 में प्रकाशित अंबेडकर की पुस्तक "एनिहिलेशन ऑफ कास्ट" का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके विचारों के आधार पर कांशीराम ने संगठन को मजबूत किया था। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज को एकजुट होकर संगठित होने की जरूरत है, तभी शिक्षा और सामाजिक विकास संभव है।

## सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर ओबरा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा।** बिहार में सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के अवसर पर ओबरा मुख्यालय के कागजी मोहल्ला स्थित भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मालाकार की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने हर्ष और उत्साह के साथ जश्न मनाया। इस ऐतिहासिक अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और नए मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पटाखे छोड़कर भी उत्साह व्यक्त किया गया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मालाकार, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष पप्पू अग्रवाल, कृष्णा भगत और शिव नारायण प्रसाद सोनी ने कहा कि यह बिहार के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अनुभवी, कर्मठ और जनहित के प्रति समर्पित नेता हैं, जिनके नेतृत्व में राज्य में विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित होंगे। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा गरीब, किसान, मजदूर, युवाओं और समाज के सभी वर्गों के हितों के प्रति दृढ़ संकल्पित रही है और आगे भी इसी दिशा में कार्य करती रहेगी। इस मौके पर भाजपा नेता अतुल जायसवाल, कौशिक दुबे, जगमल कुमार, अनिल भगत, कपिल गुप्ता समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया।

# पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय का 10वीं रिजल्ट शत-प्रतिशत







नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बारून (औरंगाबाद)।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बारून (औरंगाबाद) ने इस वर्ष केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर शानदार उपलब्धि दर्ज की है। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है।

इस उत्कृष्ट परिणाम में छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक अर्जित किए। विद्यालय के प्राचार्य रवींद्र कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रणव कुमार सिंह ने 95.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं रजनीश कुमार ने 94% अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा दीपक कुमार ने 93.8% अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्य ने इस उपलब्धि पर सभी छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय के शिक्षकों ने भी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और निरंतर मार्गदर्शन के कारण ही यह शानदार परिणाम संभव हो सका है। इस अवसर पर विद्यालय में उत्साह और खुशी का माहौल है तथा सभी ने इस सफलता का जश्न मनाया। यह परिणाम न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए भी प्रेरणादायक साबित होगा।

# आरा मशीन व फर्नीचर कारखाने में भीषण आग मामले में प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के ब्लॉक रोड स्थित एक आरा मशीन एवं फर्नीचर कारखाने में 14 अप्रैल की सुबह लगी भीषण आग के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इस घटना को लेकर पीड़ित पक्ष ने साजिश की आशंका जताई है। जानकारी के अनुसार, रफीगंज निवासी इंद्रदेव शर्मा के पुत्र आर्यन कुमार ने थाना में आवेदन देकर बताया कि जिस स्थान पर उनकी आरा मशीन संचालित होती है, वहां आग लगने या शॉर्ट सर्किट जैसी कोई संभावना नहीं थी। उन्होंने अपने आवेदन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जानबूझकर आग लगाई गई है। बताया जाता है कि आग लगने से कारखाने में रखी मशीनें, लकड़ी व तैयार फर्नीचर को भारी नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी, हालांकि स्थानीय लोगों और अग्निशमन टीम की मदद से आग पर काबू पाया गया।

# रामकरण सिंह निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित कर्पूरी विचार मंच सभागार में गुरुवार को औरंगाबाद दस्तावेज लिपिक संघ का चुनाव कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में पूरी की गई, जिसमें विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया। चुनाव में रामकरण सिंह को अध्यक्ष पद पर तथा सुनील कुमार ओझा को कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं सचिव पद के लिए जितेंद्र कुमार यादव और सुदर्शन प्रसाद सिंह के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें जितेंद्र कुमार यादव ने 22 मतों से जीत दर्ज कर सचिव पद पर कब्जा जमाया। यह चुनाव प्रक्रिया चुनाव संचालन समिति के सदस्य जनार्दन प्रसाद, रामाशीष शर्मा, मृत्युंजय कुमार सिंह, मिथलेश शर्मा एवं नरेंद्र कुमार नारायण की देखरेख में संपन्न हुई। चुनाव के उपरांत सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामकरण सिंह ने कहा कि वे पिछले 40 वर्षों से कोर्ट में लिपिक के रूप में कार्यरत हैं और उन्हें सदैव सहयोग मिला है। उन्होंने कहा कि दूसरी बार अध्यक्ष बनने पर वे सभी सदस्यों को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे तथा अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद सतेन्द्र सिंह, बृजमोहन सिंह, रामाश्रय तिवारी, ब्रिसेन सिंह, दीनानाथ विश्वकर्मा सहित कई सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

# एक नजर

## पांच किमी मैराथन दौड़ का आयोजन

**रफीगंज, औरंगाबाद।** अग्निशमन विभाग रफीगंज द्वारा 14 से 20 अप्रैल तक मनाए जा रहे अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत गुरुवार को तीसरे दिन पांच किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में स्थानीय युवाओं एवं प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अग्निशमन प्रभारी मुन्ना कुमार ने बताया कि दौड़ प्रतियोगिता रफीगंज प्रखंड मुख्यालय से शुरू होकर मखदुमपुर के समीप तक गई और पुनः वहीं से लौटकर प्रखंड मुख्यालय पर समाप्त हुई। इस प्रकार कुल 5 किलोमीटर की दूरी तय कर मैराथन का समापन हुआ। उन्होंने कहा कि अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान लोगों को आग से बचाव एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मैराथन दौड़ का भी मुख्य उद्देश्य लोगों में जागरूकता फैलाना और फिटनेस के प्रति प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों में उत्साह देखने को मिला और विभाग द्वारा आगे भी कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की बात कही गई।

## जनगणना प्रशिक्षण का शुभारंभ

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भारत की आगामी जनगणना को लेकर प्रखंड परिसर स्थित सभाकक्ष में प्रथम चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी एवं फील्ड सह मास्टर ट्रेनरों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत बिहार गीत के साथ हुई, जिसका उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। बीडीओ ने बताया कि प्रथम चरण में कुल 126 प्रगणकों को तीन दिनों तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित सभी प्रक्रियाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनगणना कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, क्योंकि कार्य की निगरानी सीधे ऑनलाइन की जाएगी। प्रशिक्षण सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक तीन अलग-अलग कक्षों में संचालित हो रहा है। मास्टर ट्रेनरों व तकनीकी टीम के सहयोग से प्रगणकों को चार चरणों—पंजीकरण, सत्यापन, डेटा प्रविष्टि एवं अंतिम सबमिशन की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

## अधिकारियों से मुलाकात नहीं होने पर निराश लौटा शिष्टमंडल

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर महा परिवर्तन संघ का शिष्टमंडल प्रखंड कार्यालय पहुंचा, लेकिन किसी भी पदाधिकारी से मुलाकात नहीं हो पाने के कारण सदस्यों को निराश लौटना पड़ा। शिष्टमंडल ने बताया कि क्षेत्र में चल रही योजनाओं एवं स्थानीय समस्याओं को लेकर एक विस्तृत एजेंडा पहले से तैयार किया गया था, जिस पर अधिकारियों से चर्चा की जानी थी। हालांकि, निर्धारित समय पर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी की अनुपस्थिति के कारण उनकी समस्याएं अनसुनी रह गई। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि रामाश्रय प्रसाद सिंह, सरपंच बखोरा खान, श्याम किशोर यादव, सुरेंद्र कुमार सुमन, विजय कर्ण सहित कई सदस्य शामिल थे। सदस्यों ने निर्णय लिया कि वे शीघ्र ही समय निर्धारित कर बीडीओ एवं अन्य अधिकारियों से पुनः मुलाकात करेंगे। साथ ही, समस्याओं के समाधान के लिए लिखित आवेदन भी सौंपा जाएगा, ताकि जनहित के मुद्दों का जल्द निपटारा हो सके।

## संदिग्ध परिस्थिति में शव बरामद

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र के काजी विगहा स्थित उत्तरी बधार में गुरुवार की शाम पुलिस ने एक लगभग 55 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया। शव तार के पेड़ के पास पड़ा मिला, जिसके समीप एक बोतल एवं जहरीले पदार्थ (सेलफॉस) का पाउच भी बरामद हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक पहचान के अनुसार मृतक बाला विगहा निवासी नरेश प्रजापति बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से अस्वस्थ थे और इधर-उधर भटक रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मृतक के परिजनों के अनुसार, उनका पुत्र कमलेश पंडित जीविकोपार्जन के लिए गन्ने का जूस बेचता है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

## नई सरकार पर सियासी बयानबाजी तेज, एनडीए ने जताई विकास की उम्मीद

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** बिहार में सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार को लेकर राजनीतिक दलों के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। जहां एनडीए के नेता नई सरकार से विकास की उम्मीद जता रहे हैं, वहीं महागठबंधन के नेताओं ने इसे मजबूरी का फैसला बताते हुए बेहतर परिणाम को लेकर संशय व्यक्त किया है। जदयू के प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष दीपक पटेल ने कहा कि नई सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार की नीतियों के अनुरूप कार्य करेगी। उनके अनुसार, एनडीए की सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर विकास को आगे बढ़ाएगी। वहीं, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुशवाहा ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को युवा और ऊर्जावान बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार में विकास की गति और तेज होगी। दूसरी ओर, महागठबंधन के नेताओं ने सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने कहा कि सरकार से किसी प्रकार की विशेष उम्मीद नहीं है। वहीं, राजद प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि विकास के नाम पर स्थिति संतोषजनक नहीं है और आम जनता, विशेषकर छोटे व्यवसायी, विभिन्न नीतियों से प्रभावित हो रहे हैं।

# न्यायधीश अभय सिंह बने मुंसफ

**औरंगाबाद/नबिटा ब्यूरो।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के मुसंफ सौभित शौरभ के स्थानांतरण के बाद प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अभय सिंह ने पदभार ग्रहण किया है। आपको बता दे कि तत्कालीन मुंसफ सौभित शौरभ का स्थानांतरण बीते 23 मार्च को हो गया था। तब से यह पद रिक्त था। आज़ न्यायधीश अभय सिंह ने पदभार ग्रहण कर न्यायिक कार्य में भाग लिया। अभय सिंह को मुसंफ बनने पर जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव जगनरायण सिंह, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय सिंह, महासचिव सिद्धेश्वर विधार्थी ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

**बिहार सरकार**

## कार्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद

प्रपत्र–1

[देखिये नियम 12(1)]

**सूचना**

**नगर पंचायत, मदनपुर** के वार्ड संख्या **01 से 10** की मतदाता सूची

एतद् द्वारा उपरोक्त वार्ड का प्रारूप मतदाता सूची का सर्व साधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है। इस सूची में नाम दर्ज करने के लिए सभी दावा प्रपत्र–2 में, किसी प्रविश्टि से संबंधित विशिष्टियों पर आक्षेप प्रपत्र–2(A) तथा मतदाता सूची में दर्ज नाम के विरूद्ध आपत्ति प्रपत्र–3 में दिनांक 28.04.2026 तक दायर की जा सकेगी। रिवाईजिंग अथॉरिटी जिनके समक्ष ऐसे दावे एवं आपत्तियाँ दायर की जा सकती है, वह इस प्रकार है :–

| वार्ड संख्या | रिवाईजिंग पदाधिकारी का नाम | नागरिकों / मतदाताओं के मिलने का स्थान एवं समय (प्रतिदिन) | प्रारूप मतदाता सूची को निम्नांकित स्थानों पर सर्वसाधारण के निरीक्षण हेतु प्रकाशित किया जाता है। |
|---|---|---|---|
| 01 से 10 | श्री अवतुल्य कुमार आर्य, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मदनपुर | बहुदेशीय भवन प्रखंड मदनपुर पूर्वा० 10:00 बजे से अप० 05:00 बजे तक | (1) जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) का कार्यालय<br>(2) अनुमंडल कार्यालय, औरंगाबाद सदर<br>(3) नगर पंचायत, मदनपुर<br>(4) अंचल कार्यालय, मदनपुर<br>(5) प्रखंड कार्यालय, मदनपुर<br>(6) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित थाना<br>(7) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित डाकघर |

दावे एवं आपत्तियाँ रिवाईजिंग अथॉरिटी को संबोधित किये जायेंगे तथा या तो इस सूचना में विनिर्दिष्ट रिवाईजिंग अथॉरिटी के समक्ष उपस्थापित किये जायेंगे या डाक द्वारा इस प्रकार भेजे जायेंगे ताकि उन्हें दिनांक 28.04.2026 तक प्राप्त हो सके।

सीन : औरंगाबाद
दिनांक : 15.04.2026

निबंधन पदाधिकारी
–सह–
अनुमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 001171 (Election) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



# राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सक्रिय होकर जनगणना को सफल बनाएं : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा भारत की जनगणना-2027 के सफल संचालन को लेकर गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि इस बार की जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक होने जा रही है और इसमें आधुनिक तकनीक का व्यापक उपयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारतीय जनगणना के इतिहास में पहली बार आंकड़ों का संकलन पूर्णतः डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए विशेष मोबाइल ऐप का विकास महारजिस्ट्रार एवं जनगणना

## जनगणना के इतिहास में पहली बार आंकड़ों का पूर्णतः डिजिटल माध्यम से होगा संकलन

आयुक्त कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा किया गया है। जिसके माध्यम से प्रगणक और पर्यवेक्षक घर-घर जाकर सूचनाओं का संकलन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया भारतीय जनगणना अधिनियम, 1948 तथा जनगणना नियम, 1990 के प्रावधानों के अंतर्गत संपन्न की जाएगी। डीएम ने बताया कि जनगणना कार्य दो चरणों में संपादित किया जाएगा। नागरिकों की सुविधा के लिए स्व-गणना की व्यवस्था की गई है। जिसके अंतर्गत जिलेवासी 17 अप्रैल से 1 मई तक पोर्टल पर जाकर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसके बाद प्रथम चरण के अंतर्गत 2 मई से 31 मई तक प्रगणक घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण एवं गणना करेंगे। द्वितीय चरण के अंतर्गत 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक जनसंख्या गणना का कार्य संपादित किया जाएगा। जबकि 1 मार्च 2027 की मध्यरात्रि को इस जनगणना के लिए संदर्भ तिथि निर्धारित की गई है। जिले में कुल 24 चार्ज बनाए गए हैं। जिनमें 18 ग्रामीण एवं 6 शहरी क्षेत्र शामिल हैं। इस कार्य के लिए 2 मास्टर ट्रेनर, 114 फील्ड ट्रेनर, 1054 पर्यवेक्षक तथा 6749 प्रगणक नामित किए गए हैं। जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। जबकि प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 13 अप्रैल से 24 अप्रैल तक चार्ज स्तर पर संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि आम नागरिकों की सुविधा के लिए डिजिटल पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना की चरणबद्ध प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत नागरिकों को सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन करना होगा। इसके बाद परिवार के मुखिया का नाम दर्ज कर एक मोबाइल नंबर के साथ पंजीकरण करना होगा। भाषा का चयन करने के पश्चात ओटीपी के माध्यम से मोबाइल नंबर का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद जिला, गांव और मोहल्ले जैसे स्थान से संबंधित विवरण प्रदान करना होगा तथा मानचित्र पर अपने निवास स्थान को चिह्नित करना होगा। इसके उपरांत जनगणना से संबंधित सभी आवश्यक प्रश्नों के उत्तर भरने होंगे। अंत में दर्ज की गई जानकारी का पूर्वावलोकन कर उसे अंतिम रूप से सबमिट किया जाएगा। स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद संबंधित प्रगणक घर आकर उपलब्ध कराई गई जानकारी का सत्यापन करेंगे।

# डिजिटल मोड में होगा मकानों का सूचीकरण एवं गणना : डीएम

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो,

**दरभंगा।** जिलाधिकारी कौशल कुमार ने भारत की जनगणना 2027 को लेकर गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की।

उन्होंने बताया कि भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना इस बार पूर्णतः डिजिटल मोड में संपन्न कराई जाएगी।

जनगणना के इतिहास में पहली बार आम नागरिकों को मोबाइल एप्प एवं ऑनलाइन माध्यम से स्वयं अपने परिवार की गणना करने की सुविधा प्रदान की जा रही है।

जिलाधिकारी ने कहा कि नागरिकों को 17 अप्रैल 2026 से 01 मई 2026 तक स्वगणना का अवसर दिया जाएगा। इसके बाद 02 मई 2026 से 31 मई 2026 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मकानों की गणना की जाएगी।

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में कुल 34 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। स्वगणना के लिए व्यक्ति के पास स्मार्टफोन होना आवश्यक है। जिले में कुल 18 ग्रामीण एवं 11 नगरीय चार्जों में 7558 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक प्रस्तावित किए गए हैं।

जिले के सभी चार्जों में घर-घर जाकर गणना कार्य संपन्न कराने हेतु 7558 प्रगणक एवं 1294 पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि चार्ज स्तर पर प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 24 अप्रैल 2026 तक चलेगा।

उन्होंने कहा कि भाषा चयन में विशेष सावधानी बरतनी होगी, क्योंकि एक बार भाषा चुन लेने के बाद उसे बदला नहीं जा सकेगा।

इसके पश्चात परिवार के मुखिया का नाम, जिला, पिन नंबर, गांव अथवा शहर की जानकारी दर्ज करनी होगी।

इसके बाद स्क्रीन पर नक्शा प्रदर्शित होगा, जिसमें लाल रंग के मार्कर को खींचकर अपने घर का सही लोकेशन दर्ज करना होगा।

लोकेशन सत्यापित होने के बाद प्रश्नों की सूची प्रदर्शित होगी, जिसका उत्तर भरकर अंतिम रूप से सबमिट करना होगा। सबमिट करने के बाद 11 अंकों का एए-क्ळू जनरेट होगा, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक है। प्रगणकों के भ्रमण के समय यह आईडी उन्हें उपलब्ध करानी होगी।

## दो वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** थानाक्षेत्र में क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों से बुधवार की रत दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी नावकोठी के ही पृथ्वी शर्मा का पुत्र चंद्रशेखर शर्मा एवं हसनपुर बागर के मो इसलाम का पुत्र मो हिकमत है। चंद्रशेखर शर्मा नावकोठी थाना कांड संख्या 136ɛ20 उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम तथा हिकमत नालिसी वाद संख्या 1105ɛ2023 में नामजद था। गाँव के ही नाजमा खातुन ने न्यायालय में नालिसी वाद दायर कर मामला दर्ज किया था लंबे अंतराल से न्यायालय में दोनों अपनी उपस्थिति नहीं दे रहे थे।

## बाल संसद का गठन

**नावकोठी।** प्रखंड के मध्य विद्यालय में बाल संसद के गठन हेतु आम सभा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने की। सर्वसम्मति से आशिका गौतम को प्रधानमंत्री एवं रवि कुमार को उप प्रधानमंत्री चुना गया। अन्य पदों में आदर्श गौतम (शिक्षा मंत्री), श्रेया कुमारी (उप शिक्षा मंत्री), अंकेश राज (खेल मंत्री), माया कुमारी (उप खेल मंत्री), पल्लवी मेहता (स्वास्थ्य मंत्री), छोटू कुमार (उप स्वास्थ्य मंत्री), साक्षी कुमारी (पुस्तकालय व विज्ञान मंत्री) सहित अन्य का चयन किया गया। प्रधानाध्यापक ने सभी सदस्यों को लोकतांत्रिक ढंग से कार्य करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माहौल बनाने का संदेश दिया। मौके पर शिक्षक अनिल कुमार महतो, आलोक कुमार, पंकज कुमार सहित कई शिक्षिकाएं एव बच्चे मौजूद थे।

## स्कॉटिश पब्लिक स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अररिया।** स्कॉटिश पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए 100% परिणाम हासिल किया है। विद्यालय ने अपनी उत्कृष्ट परंपरा को बरकरार रखते हुए सभी छात्रों को सफलता दिलाई है।

विद्यालय के मेधावी छात्रों ने उच्च अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। प्रमुख सफल विद्यार्थियों में परी कुमारी ने 95.8% अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अलावा इन्द्र कुमार (93.8%), प्रत्युष कुमार (93%), हर्षित अग्रवाल (92.8%), अभिजीत सिंह (92.4%), निवेदिता (91.8%), सागर दास (91.6%), माधव आनंद (90.8%) एवं ऋचा राज (90.8%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## मछली पकड़ने के दौरान मछुआरे की मौत

**अमरपुर ( बांका)।** शहर के वार्ड संख्या 11 स्थित पैन बांध में गुरुवार को मछली पकड़ने के दौरान एक मछुआरे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान भागलपुर जिले के परवत्ती निवासी 50 वर्षीय रंजीत मंडल के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, करीब 10 मछुआरे बांध में मछली पकड़ने के लिए पानी में उतरे थे। इसी दौरान रंजीत मंडल की अचानक तबीयत बिगड़ने लगी और उन्हें सांस लेने में परेशानी होने लगी। साथ मौजूद मछुआरों ने आनन-फानन में उन्हें पानी से बाहर निकाला और करीब 3 बजे अमरपुर रेफरल अस्पताल पहुंचाया।अस्पताल में मौजूद चिकित्सक डॉ. दिवाकर सिंह ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं।

## पेट्रोल-डीजल की भारी किल्लत

अमरपुर( बांका)। प्रखंड क्षेत्र में पिछले 24 घंटों से पेट्रोल और डीजल की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। क्षेत्र के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर तेल उपलब्ध नहीं होने के कारण वाहन चालकों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है।ईंधन की इस कमी से आम लोगों के साथ-साथ रोजाना आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई वाहन चालकों ने पेट्रोल पंप से खाली हाथ लौटते समय सरकार के प्रति नाराजगी भी जताई।इस संबंध में आनंद पेट्रोल पंप के मैनेजर ने गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे बताया कि पंप पर सीमित मात्रा में ही स्टॉक उपलब्ध है, जिसे फिलहाल इमरजेंसी सेवाओं जैसे एंबुलेंस और अन्य आवश्यक वाहनों के लिए सुरक्षित रखा गया है।स्थिति को देखते हुए स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द ईंधन आपूर्ति बहाल करने की मांग की है, ताकि जनजीवन सामान्य हो सके।

## सृष्टि कुमारी बनी टॉपर

**अररिया।** सीबीएसई द्वारा बुधवार को घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता हासिल की। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के उत्तीर्ण होने से पूरे स्कूल परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय की टॉपर सृष्टि कुमारी रही, जिन्होंने 98% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं हर्षित राज ने 97% अंक लाकर दूसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा यश केडिया, पीयूष कुमार और यशवी मित्तल ने 95-95% अंक प्राप्त किए। अन्य प्रमुख सफल छात्रों में हमजा (94%), दीपन्निता दास गुप्ता (94%), शिल्पी (93%), एहसान जमील (92%), जिया कुमारी (90%), अदिति (90%), तस्लीम कौसर (90%), ताबीज नसीम (90%) एवं तासिब नसीम (90%) शामिल हैं। इस वर्ष सीबीएसई परीक्षा में विद्यालय के कुल 196 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था, जिनमें सभी ने सफलता प्राप्त कर शत-प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. संजय प्रधान एवं प्राचार्य डॉ. पाराशर त्यागी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। वहीं मोहिनी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष आर. एस. रुंगटा एवं उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद रुंगटा ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप एवं सम्मानित करने की घोषणा की।

## उद्योग संवाद का आयोजन

**बेगूसराय नगर।** गुरुवार को आईजीसी स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में निवेशकों एवं उद्यमियों के साथ उद्योग संवाद का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा की गई। बैठक में जिले के औद्योगिक विकास को गति देने, निवेशकों एवं उद्यमियों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने तथा उनकी समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा पूर्व में आयोजित उद्योग संवाद बैठकों में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गई। सभी संबंधित अधिकारियों को पिछली बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था।

# सीबीएसई 10वीं परीक्षा में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी होते ही जमुई जिले में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस वर्ष भी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। बेहतर परिणाम के साथ विद्यालय ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन का परिचय दिया है। विद्यालय के निदेशक डॉ. मनोज कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष स्कूल से कुल 293 छात्र-छात्राएं सीबीएसई 10वीं परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें से अधिकांश ने शानदार अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। इस वर्ष विद्यालय की छात्रा ज्ञान प्रभा ने




95 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया और टॉपर बनीं। वहीं कोमल कुमारी ने 94 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा पृथ्वी राज और आदित्य आर्यन ने 92 प्रतिशत, राजन कुमार ने 91 प्रतिशत तथा अनिशा भारती ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप सूची में अपनी जगह बनाई। इसी क्रम में प्रिया कुमारी, सागर कुमार और निशा भारती ने 89 प्रतिशत तथा मोहित कुमार ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के टॉप टेन में स्थान बनाया। अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय की मुख्य संरक्षिका डॉ. स्मृति पासवान ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यालय में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सकारात्मक माहौल का परिणाम है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वहीं मुख्य संरक्षक डॉ. निरंजन कुमार ने विद्यालय के निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि पिछले ढाई दशकों से ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल जमुई में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम कर रहा है। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों और प्रबंधन की भूमिका को सराहनीय बताया। रिजल्ट घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में जश्न का माहौल देखने को मिला। सफल विद्यार्थियों ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। इस अवसर पर अभिभावक भी अपने बच्चों की सफलता पर गौरवान्वित नजर आए।

# माउंट लिट्रा के बच्चे सीबीएसई में रहे अव्वल




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर ।** माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल उलाव ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित सत्र 2025ɛ26 की कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया। स्कुल के बच्चो ने शाट प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया है। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर स्कूल और क्षेत्र का नाम गर्व से ऊँचा किया है।इस वर्ष विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत और लगन का शानदार परिचय दिया।विद्यालय की छात्रा राज लक्ष्मी ने 98.6ः प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

उन्होंने संस्कृत एवं गणित में 100-100 अंक हासिल कर विशेष उपलब्धि दर्ज की।द्वितीय स्थान पर सौम्या ठाकुर ने 95.8प्रतिशत प्राप्त किए तथा हिंदी विषय में 100 अंक हासिल किए।तृतीय स्थान पर जिया भारद्वाज ने 95.4 प्रतिशत प्राप्त किए।इसके अतिरिक्त वैष्णवी अग्रवाल (95.2प्रतिशत), शगुन कश्यप (94.8प्रतिशत), आर्यन शर्मा (94प्रतिशत), देवव्रत (93.2प्रतिशत), पिहू रानी (93प्रतिशत), अनन्या सिंह (92.2प्रतिशत), संस्कृति जायसवाल (92.2प्रतिशत), सुष्मिता कुमारी (92प्रतिशत), अतुल्य भारत (91प्रतिशत), गीतांजलि (90.6प्रतिशत) एवं आदित्य राज (90प्रतिशत) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ शीतल ने कहा यह सफलता हमारे विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। हमें अपने बच्चों पर गर्व है और हमें विश्वास है कि वे आगे भी ऐसे ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

विद्यालय के निदेशक डॉ मनीष देवा ने कहा यह परिणाम हमारे विद्यालय की अच्छी शिक्षा और अनुशासन का प्रमाण है। मैं सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

## ग्रामीण छात्रों का सीबीएसई 10वीं में शानदार प्रदर्शन

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के बीपीएस पब्लिक स्कूल, नावकोठी में सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ग्रामीण प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यालय के 123 परीक्षार्थियों में से 118 छात्र सफल हुए। जिनमें 102 प्रथम श्रेणी एवं 16 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।परिणाम में शेख मासूम ने 95प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया। माधव (93प्रतिशत) दूसरे तथा आदित्य भारती (91प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहे। प्रिंस और ऋषभ कुमार ने 90प्रतिशत अंक के साथ चैथा स्थान प्राप्त किया। गोपाल और समीर ने 87प्रतिशतअंक लाकर पांचवां स्थान हासिल किया।आदित्य कुमार सिंह (85प्रतिशत) छठे स्थान पर रहे। जबकि आयुष, कृष्णा और अंकित राज ने 84प्रतिशत अंक के साथ सातवां स्थान प्राप्त किया।इस शानदार सफलता पर प्राचार्य डॉ अरविन्द कुमार, उपप्राचार्य सुशील कुमार, अजय कुमार, प्रीति कुमारी, रंजन कुमार, गुलशन कुमार सहित सभी शिक्षकों ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अवैध बालू खनन के आरोप में 11 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** जिले में अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। बेलागंज थाना क्षेत्र के बरैनी घाट पर बुधवार को पुलिस टीम ने अचानक छापेमारी कर खनन माफियाओं में हड़कंप मचा दिया। पुलिस की दबिश पड़ते ही वहां मौजूद लोग वाहन छोड़कर भाग निकले।

जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई। अभियान का नेतृत्व डीएसपी (विधि-व्यवस्था) रवि प्रकाश सिंह कर रहे थे। उनके साथ चंदौती, मेन थाना और पाई बिगहा थाना की पुलिस टीम भी शामिल रही। संयुक्त टीम ने घेराबंदी करते हुए घाट पर चल रहे अवैध खनन कार्य को मौके पर ही बंद करा दिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने बालू लदे 11 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। ये सभी वाहन घाट से बालू लेकर निकलने की तैयारी में थे। अचानक हुई कार्रवाई से खनन में

## बालू माफियों में दहशत कायम

लगे लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई और कई चालक अपने वाहन मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए।

लगातार अभियान से माफियाओं में दहशत पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों के बीच भय का माहौल है। प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिया है कि अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

अधिकारियों का कहना है कि जिले में अवैध बालू खनन पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नए निर्देशों के तहत पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों का रौद्र रूप देखा गया।

## मुख्यमंत्री बनने पर भाजपा नेताओं ने दी बधाई

बांका। बिहार के नए मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी के शपथ लेने के बाद भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। प्रदेश भर के साथ-साथ बांका जिले में भी भाजपा समर्थकों ने खुशी जताई और एक-दूसरे को बधाई दी। इसी क्रम में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता तथा अंतरराष्ट्रीय हिन्दू सेना की सह राष्ट्रीय सचिव रीमा सिंह ने सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी एक कर्मठ, ऊजार्वान और जनहित के प्रति समर्पित नेता हैं।

# संत पॉल स्कूल का रहा शानदार प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तेघड़ा।** संत पॉल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में शीर्ष स्थान हासिल किया है। विद्यालय के कुल 215 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 21 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।इस वर्ष उत्कर्षा रंजन ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अर्नव झा (95प्रतिशत), आयुष कुमार पंडित (94प्रतिशत), साक्षी कुमारी (93.5प्रतिशत), स्वेत (93प्रतिशत), सौम्य साहू (93प्रतिशत), स्तुति आनंद (93प्रतिशत), सत्यजीत (92प्रतिशत), निखिल (92प्रतिशत), आयुषी (91.5प्रतिशत), अनिकेत राज (91प्रतिशत) एवं श्रेया भरद्वाज (90प्रतिशत) सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।विद्यालय के 43 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। जबकि शेष सभी छात्र-छात्राएं अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए।विद्यालय के निदेशक सुनील कुमार सिंह ने इस सफलता का श्रेय प्राचार्य के कुशल नेतृत्व, शिक्षकों की मेहनत एवं विद्यार्थियों की लगन को दिया। संत पॉल एजुकेशनल सोसायटी के सचिव रामबली सिंह ने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ये बच्चे भविष्य में देश के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे।विद्यालय की प्रेसिडेंट लक्ष्मी कुमारी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वहीं प्राचार्या श्रीमती तनु सौरव ने इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों की गुणवत्ता एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा को दिया।विद्यालय के इस उत्कृष्ट परिणाम से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। स्थानीय बुद्धिजीवियों एवं शिक्षाविदों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण राम कुमार मिश्रा,रंजीत कुमार, संजीव कुमार सिंह, त्रिपुरारी कुमार सिंह, रंजन कुमार, राज किशोर, एस. रामचंद्रन, राम पुनीत राय, कंचन कुमारी, प्रेम माधुरी, राकेश कुमार, संजीत कुमार एवं भारती कुमारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# रेल सेवा पुरस्कार समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा आज 70 वें रेलवे सप्ताह-2025 के उपलक्ष्य में रेल सेवा पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया।

रेलमंडल मुख्यालय (मालदा) स्थित रेलवे इंस्टीट्यूट में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता एवं अध्यक्षा, पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन की मालदा मंडल की अध्यक्षा श्रीमती मनीषा गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर अपर मंडल रेल प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार मौर्य; मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुपा घोष, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्तिक सिंह सहित कई विभागीय अधिकारी और महिला संगठन के सदस्यगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित लेखा, अभियंत्रण, वाणिज्य, विद्युत, यांत्रिक, परिचालन, कार्मिक तथा सिग्नल एवं दूरसंचार विभागों के कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, समर्पण तथा सुरक्षित एवं कुशल रेल संचालन में योगदान हेतु कुल 33




कर्मचारियों को रेल सेवा पुरस्कार प्रदान किया गया।

जबकि 13 कर्मचारी रेलवे सुरक्षा एवं परिचालन उत्कृष्टता में उल्लेखनीय योगदान हेतु सेफ्टी अवार्ड से सम्मानित किये गये हैं।इस मौके पर अपने संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता ने पुरस्कार पाने वाले कर्मचारियों बधाई देते हुए कहा कि समर्पित रेलकर्मियों का सम्मान न केवल मनोबल बढ़ाता है, बल्कि अन्य कर्मचारियों को भी उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रेरित करता है। उन्होंने संगठनात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु सुरक्षा, दक्षता तथा यात्री सेवा के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम मालदा रेलमंडल की सेवा उत्कृष्टता, सुरक्षा संस्कृति एवं कर्मचारी प्रोत्साहन के प्रति सतत प्रतिबद्धता का पुनः प्रमाण रहा, जो भारतीय रेल के मूल्यों के अनुरूप है।

# ‘खिलाड़ी डरते हैं, नहीं जाना चाहते’

## मुनाफ पटेल ने लगाए NCA में ठीक से काम न होने का आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों की देखभाल की जिम्मेदारी बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी (अब सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) पर होती है। सीओई खिलाड़ियों के शरीर और फिटनेस का ध्यान रखता है, चोटिल होने पर वह वही रिहैब करते हैं। भारत के पूर्व क्रिकेटर मुनाफ पटेल ने एनसीए के कामकाज पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि फिजियो और ट्रेनर जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते। मुनाफ ने कहा कि एनसीए को 100 प्रतिशत बदलना होगा। वह आज भी उसी ढर्रे पर चल रहा जिस पर वह 2000 में शुरू होने पर चल रहा था,



जबकि ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों की ऐसी व्यवस्था दर्जनों बार बदलाव से गुजरी है।

मुनाफ पटेल ने टाइम्स ऑफ इंडिया को इंटरव्यू देते हुए कहा, ‘ईमानदारी से फिजियो और ट्रेनर जिम्मेदारी लेना नहीं चाहते। उनका वर्कलोड बढ़ जाता है। आप सेटअप देखो। आप एनसीए के सेटअप में घुस जाओ आपको पूरा सिस्टम पता चल जाएगा। आपको कहीं और नहीं जाना है। एनसीए को 100 प्रतिशत बदलना होगा। पूरे वर्ल्ड के सिस्टम को बीसीसीआई चला रहा है। मैं इंजर्ड हुआ। मुझे एनसीए जाना है। क्यों जाना है फिट होने के लिए। मतलब मैं ऐसा बॉलर हूं कि मेरी गलती नहीं है। मैं ऐसा बैट्समैन हूं कि मेरी गलती नहीं है तो एनसीए फिटनेस सेंटर रखा हुआ आपने। अस्पताल बन गया है। आप फिट हो जाओ वापस आ जाओ सीधे टीम में हो और वो परमिशन दे रहा है।’

**प्लेयर्स भी एनसीए जाने से डरते हैं**– मुनाफ पटेल ने कहा, ‘एनसीए दे रहा है तो मेरी गलती नहीं है मेरी गलती भी तो सुधारेगा कोई बंदा जो बॉलिंग कोच आपको रखा हुआ है या बैटिंग कोच वहां रखा हुआ है तो आप कितने दिन वर्क करते हो उनके पीछे वो बता दो जरा। प्लेयर्स भी एनसीए जाने से डरते हैं। कोई जाना नहीं चाहता है।

# बच गई इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की जान

## इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान का चेहरे पर लगी चोट को लेकर खुलासा

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स चेहरे पर लगी चोट से उबर रहे हैं। उन्होंने खुलासा किया है कि भाग्यशाली रहे कि गेंद एक–दो इंच इधर या उधर नहीं लगी। ऐसा होता तो वह जान गंवा सकते थे। स्टोक्स इस चोट से उबरकर मई में मैदान पर वापसी करने की कोशिश में हैं। उनकी योजना है कि जून में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले तीन प्रथम श्रेणी मैच खेलने की है। वह इंग्लैंड लायंस के लिए भी खेलते दिख सकते हैं।



इंग्लैंड को पिछली टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से एशेज के दौरान 4–1 से हार का सामना करना पड़ा था। इस दौरान स्टोक्स ग्रोइन इंजरी हुई। इसकी उन्होंने सर्जरी कराई। वह अप्रैल–मई में काउंटी चैंपियनशिप के दौरान मैदान पर उतरने की कोशिश में थे, लेकिन वह घरेलू टीम डरहम को कोचिंग देते हुए चोटिल हो गए। अभ्यास सत्र के दौरान एकेडमी के एक खिलाड़ी का शॉट स्टोक्स के चेहरे पर लगी। इसके कारण मैदान पर वापसी में देरी हो गई। इसी चोट को लेकर स्टोक्स ने खुलासा किया उनकी जान जा सकती थी।

### स्टोक्स ने क्या कहा?

ईसीबी के दिए इंटरव्यू में स्टोक्स ने कहा, ‘चेहरे पर चोट लगी। यह बहुत गंभीर थी, लेकिन मजेदार बात यह है कि बुरे समय में यह सबसे बेहतर परिणाम था। मैंने अपना सिर नहीं मोड़ा होता तो एक–इंच इधर या उधर गेंद लगती और मैं आज यहां इंटरव्यू नहीं कर रहा होता।



## लखनऊ सुपर जायंट्स को झटका

# ऋषभ पंत चोटिल

## आरसीबी के खिलाफ कीपिंग करने नहीं उतरे

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 (IPL 2026) में बुधवार (15 अप्रैल) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स को बड़ा झटका लगा। कप्तान ऋषभ पंत चोटिल होने के कारण कीपिंग करने नहीं उतरे। मुकुल चौधरी ने उनकी जगह कीपिंग की जिम्मेदारी संभाली। पंत की गैर-मौजूदगी में निकोलस पूरन ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली। पंत को बल्लेबाजी के दौरान बाएं हाथ की कोहनी पर चोट लगी थी। इसके कारण उन्हें रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा। बाद में वह बल्लेबाजी के लिए आए, लेकिन कुछ खास नहीं कर पाए।

आरसीबी के खिलाफ मैच में ऋषभ पंत नंबर-3 पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। एडेन मार्कराम को रासिख सलाम डार ने चौथे ओवर में पवेलियन भेजा था। उन्होंने 12 रन बनाए थे। पंत ने पांचवें ओवर में पहली गेंद का सामना किया। उन्हें चौथी गेंद पर चोट लगी। हेजलवुड ने ऑफ स्टंप से बागर शॉर्ट गेंद की थी। पंत ने लेग साइड में शॉट लगाने की कोशिश की। गेंद ने बल्ले का किनारा लिया और उनकी कोहनी पर लगकर विकेटकीपर के पास गई।

### पंत रिटायर्ड हर्ट

इसके बाद पंत दर्द में दिखे। लखनऊ सुपर जायंट्स के फिजियो पैट्रिक फरहार्ट उनका उपचार करने मैदान पर पहुंचे। दर्द के कारण पंत को बल्लेबाजी छोड़कर पवेलियन लौटना पड़ा। वह 16वें ओवर में आयुष बदोनी के आउट होने के बाद बल्लेबाजी के लिए लौटे। उनकी बाईं कोहनी पर पट्टी बंधी थी।

### पंत बल्लेबाजी के लिए लौटे

रसिख सलाम की ऑफ स्टंप से बाहर की फुलटॉस गेंद पर पंत शॉट लगाने से चूक गए। उन्होंने पांचवीं गेंद पर खाता खोला, लेकिन भाग्यशाली रहे कि शॉर्ट थर्ड मैन पर सुयस शर्मा कैच नहीं लपक पाए। पंत को तीन गेंद बाद ही भुवनेश्वर कुमार ने पवेलियन भेजा। डीप मिड विकेट पर फिल साल्ट ने शानदार कैच लपका। इस तरह से पंत 6 गेंद पर 1 रन बनाकर पवेलियन लौटे। लखनऊ सुपर जायंट्स की बल्लेबाजी काफी खराब रही और टीम 146 पर आउट हो गई।



### मुंबई इंडियंस को झटक

## पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच से बाहर हो सकते हैं रोहित शर्मा

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच से पहले मुंबई इंडियंस को झटका लगा है। रोहित शर्मा गुरुवार (16 अप्रैल) के मैच से लगभग बाहर हो गए हैं। फिलहाल वह टीम के मेडिकल स्टाफ की निगरानी में हैं। पिछले रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बड़े स्कोर वाले मैच के दौरान मुंबई इंडियंस की पारी के छठे ओवर में रोहित को पैर की मांसपेशियों में परेशानी महसूस हुई थी। इसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे। रोहित शर्मा रिटायर्ड हर्ट होकर बाहर गए तब वह 13 गेंद पर 19 रन बनाकर खेल रहे थे। इसके बाद मुंबई इंडियंस यह मैच 18 रन से हार गई जो मौजूदा सत्र में टीम की लगातार तीसरी हार थी। मुंबई इंडियंस के ट्रेनिंग सत्र के दौरान बुधवार (15 अप्रैल) को टीम के एक अधिकारी ने रोहित को लेकर कहा, ‘मेडिकल टीम और कोचिंग स्टाफ उनकी जांच कर रहे हैं और हमें जल्द ही पता चल जाएगा।’

### विल जैक्स जल्द मुंबई इंडियंस से जुड़ेंगे

इस बीच इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स जल्द ही मुंबई इंडियंस से जुड़ने वाले हैं। वह मौजूदा सत्र में अब तक टीम के चारों मैच से बाहर रहे हैं और गुरुवार (16 अप्रैल) को भी नहीं खेल पाएंगे। जैक्स और न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर (अब तक दो मैच खेले हैं) ने भारत में टीम से जुड़ने से पहले कुछ और समय मांगा था।

# आरसीबी ने लखनऊ को 5 विकेट से हराया

### 29 गेंद पहले मैच खत्म

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 23वें मैच में बुधवार (15 अप्रैल) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लखनऊ सुपर जायंट्स (स्स्त) को 5 विकेट से हरा दिया। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। लखनऊ सुपर जायंट्स 146 रन पर आउट हुई। लखनऊ के लिए मिचेल मार्श, मुकुल चौधरी और आयुष बदोनी ही 30 का आंकड़ा पार कर पाए। 147 रन के लक्ष्य के जवाब में आरसीबी ने 15.1 ओवर में 5 विकेट पर 149 रन बना लिए। चोट के कारण इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेले विराट कोहली ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। आरसीबी इस जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची।

ऋषभ पंत चोटिल होकर रिटायर्ड हर्ट हुए। बाद में बल्लेबाजी के लिए आए, लेकिन कुछ खास नहीं कर पाए। आरसीबी के लिए रसिख सलाम डार और भुवनेश्वर कुमार



ने शानदार गेंदबाजी की। जोश हेजलवुड ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया।लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए मिचेल मार्श ने 32 गेंद 40 रन बनाए।

मकुल चौधरी ने 28 गेंद पर 39 रन बनाए। आयुष बदोनी ने 24 गेंद पर 38 रन बनाए। एडेन मार्कराम ने 8 गेंद पर 12 रन बनाए। जॉर्ज लिंडे 7, ऋषभ पंत, निकोलस पूरन और आवेश खान 1-1 रन बनाकर आउट हुए।

अब्दुल समद और मोहम्मद शमी खाता नहीं खोल पाए। दिग्वेश राठी बगैर खाता खोले नाबाद रहे। आरसीबी के लिए रसिख सलाम डार ने 4, भुवनेश्वर कुमार ने 3 और क्रुणाल पंड्या ने 2 विकेट लिए। जोश हेजलवुड को 1 विकेट मिला, लेकिन उन्होंने केवल 20 रन दिए। आरसीबी के लिए विराट कोहली ने 34 गेंद पर 49 रन बनाए। रजत पाटीदार ने 13 गेंद पर 27, जितेश शर्मा ने 9 गेंद पर 23 र बनाए। टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड ने 14-14 रन बनाए। देवदत्त पडिक्कल ने 10 और फिल साल्ट ने 7 रन बनाए।

## आरसीबी शीर्ष पर, विराट कोहली का ऑरेंज कैप पर कब्जा, प्रसिद्ध के सिर पर्पल कैप

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 23 वें मैच में बुधवार (15 अप्रैल) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 5 विकेट के हारकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर कब्जा जमा लिया। लखनऊ सुपर जायंट्स 4 अंक के साथ सातवें स्थान पर है। वह 5 में से 2 मैच हार गई है। राजस्थान रॉयल्स दूसरे, पंजाब किंग्स तीसरे और सनराइजर्स हैदराबाद चौथे नंबर पर है। दिल्ली कैपिटल्स पांचवें नंबर पर है। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेले विराट कोहली ने 49 रनों की पारी खेली। उन्होंने ऑरेंज कैप पर कब्जा जाम लिया। सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन उनसे 4 रन से पीछे हैं।




# NADA की RTP सूची में बड़ा बदलाव

## श्रेयस-स्मृति मंधाना की जगह अभिषेक शर्मा-अक्षर पटेल; गिल-बुमराह समेत कई स्टार बरकरार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी की पंजीकृत परीक्षण पूल सूची में इस बार बड़ा बदलाव देखने को मिला है। श्रेयस अय्यर और स्मृति मंधाना की जगह युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ऑलराउंडर अक्षर पटेल को शामिल किया गया है। हालांकि, जसप्रीत बुमराह और शुभमन गिल समेत टीम इंडिया के कई प्रमुख खिलाड़ी पहले की तरह इस सूची में बरकरार हैं। आरटीपी (त्र्ङ्कक्क) में शामिल खिलाड़ियों को अपने ठिकाने की नियमित जानकारी देनी होती है और तय समय पर डोपिंग टेस्ट के लिए उपलब्ध रहना अनिवार्य होता है। पने ठिकाने की जानकारी देने में तीन बार विफल रहना डोपिंग का उल्लंघन माना जाता है। यही वजह है कि यह सूची खेल जगत में खास महत्व रखती है।




**गिल, यशस्वी, हार्दिक, ऋषभ, बुमराह, केएल, अर्शदीप और तिलक पहले से ही शामिल**– नाडा की आरटीपी की नवीनतम सूची में 348 खिलाड़ी शामिल हैं। टेस्ट और वनडे के कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, अर्शदीप सिंह और तिलक वर्मा पहले की तरह इस सूची में बने रहेंगे। पिछले साल वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तथा शैफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर इस सूची में बनी हुई हैं।

**नाडा की आरटीपी सूची में कुल 14 क्रिकेटर शामिल**– कुल मिलाकर नाडा की इस सूची में 14 क्रिकेटरों को शामिल किया गया है। नाडा की इस सूची में सर्वाधिक खिलाड़ी एथलेटिक्स से जुड़े हुए हैं। पिछली बार इनकी संख्या 118 थी जो अब बढ़कर 134 हो गई है। इनमें स्टीपलचेज के एथलीट अविनाश साबले, बाधा दौड़ की धाविका ज्योति याराजी, डेकाथलॉन खिलाड़ी तेजस्विन शंकर और फर्राटा धावक अनिमेष कुजुर जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं।




# धोनी को देखने के लिए करना होगा इंतजार

### मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलने की संभावना

**नई दिल्ली।** वेंकट कृष्णा बी। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को खेलते देखने का इंतजार एक हफ्ते और बढ़ गया है। वह मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े में 23 अप्रैल को खेलते दिख सकते हैं। 44 साल के धोनी सीजन से पहले कैंप में पिंडली में खिंचाव से जूझ रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के सूत्रों के अनुसार वह पूरी तरह से फिट होने के करीब हैं। चेन्नई सुपर किंग्स का अगला मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हैदराबाद में है, लेकिन इस बात की कोई पुष्टि नहीं हुई है कि धोनी टीम के साथ यात्रा करेंगे या नहीं। आईपीएल 2026 की अंक तालिका में चेन्नई सुपर किंग्स 8वें नंबर पर है। वह पांच में से दो मैच जीती है। ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली टीम लगातार तीन मैच हारी। इसके बाद उसने दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स को पिछले दो मैचों में हराया। चेन्नई सुपर किंग्स के घरेलू मैचों के दौरान भी धोनी होटल में ही रहते हैं। हालांकि, वह अभ्यास सत्र में दिखे हैं। थ्रोडाउन लेते हुए उन्हें कोई दिक्कत नहीं हुई है।



### धोनी ने प्रमुख गेंदबाजों का सामना नहीं किया

चेन्नई सुपर किंग्स का पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स से मुकाबला हुआ था। इस मैच से पहले अभ्यास सत्र में बल्लेबाजी कोच माइकल हसी की देखरेख में बल्लेबाजी की थी, लेकिन उन्होंने प्रमुख गेंदबाजों का सामना नहीं किया। उन्होंने चाइनामैन स्पिनर नूर अहमद के साथ समय बिताया। सीएसके के गेंदबाजी कोच श्रीधरन श्रीराम ने कहा, ‘एमएस (धोनी) ने एक अभ्यास सत्र में उनसे लंबी बातचीत की और उनकी लेग ब्रेक को ठीक कराया।

### प्लेइंग 11 में कैसे फिट होंगे धोनी

थ्रोडाउन लेते वक्त धोनी बगैर किसी दिक्कत के शॉट लगाते दिखे। दो मैच जीतने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स को धोनी को प्लेइंग 11 में फिट करने के लिए रास्ते तलाशने होंगे। चेन्नई सुपर किंग्स की बल्लेबाजी में गहराई नहीं है। गेंदबाज नंबर 8 पर खेल रहे हैं। धोनी को प्लेइंग 11 में सरफराज खान की जगह मौका मिल सकता है। सरफराज ने अच्छी बल्लेबाजी की है, लेकिन वह कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ तेजी से बल्लेबाजी करने में संघर्ष करते दिखे। उन्होंने 18 गेंद पर 23 रन बनाए। धोनी को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खिलाने का भी विकल्प है।

# जनगणना के दौरान पूछे जाएंगे 33 सवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि भारत की जनगणना का आयोजन दो चरणों में किया जाएगा प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं आवासीय विवरण का कार्य तथा द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना का कार्य संपन्न किया जाएगा। इन दोनों चरणों के माध्यम से जिले के प्रत्येक घर, परिवार एवं नागरिक से संबंधित आवश्यक सूचनाओं का व्यापक संकलन किया जाएगा। मुख्य सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य 02 मई से 31 मई तक किया जाएगा। इसके पूर्व, आम नागरिकों की सुविधा हेतु पहली बार स्व-गणना की विशेष व्यवस्था 17 अप्रैल से 01 मई तक उपलब्ध कराई गई है। स्व-गणना एक सरल एवं सुविधाजनक व्यवस्था है जिसके माध्यम से परिवार का कोई भी सदस्य पोर्टल पर जाकर अपनी पारिवारिक जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकता है। इसके लिए नागरिकों को अपने राज्य का चयन कर मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी द्वारा लॉगिन करना होगा। तत्पश्चात जिला एवं क्षेत्र का चयन करते हुए डिजिटल मैप पर अपने घर को चिन्हित कर, परिवार से संबंधित कुल 33 प्रश्नों के उत्तर भरने होंगे। प्रक्रिया पूर्ण होने पर एक स्व-गणना आईडी ( एसई आईडी) प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना अनिवार्य है। गणनाकर्मी द्वारा 02 मई से 31 मई 2026 के बीच क्षेत्र भ्रमण के दौरान नागरिकों को यह एसई आईडी प्रस्तुत करना होगा जिससे डेटा सत्यापन की प्रक्रिया सुगम हो सके। उक्त निर्देश के आलोक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी विभागीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि इस अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएं ताकि अधिक से अधिक नागरिक स्व-गणना प्रक्रिया में भाग लेकर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करें। जिला प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि नागरिकों द्वारा प्रदान की गई सभी जानकारियां पूर्णतः गोपनीय एवं सुरक्षित रखी जाएंगी। यदि कोई नागरिक स्व-गणना नहीं कर पाता है तो निर्धारित अवधि में गणनाकर्मी उनके घर पहुंचकर आवश्यक जानकारी संकलित करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और जिले, राज्य एवं देश के समग्र विकास में योगदान दें।

# दिल्ली में औरंगाबाद के फिल्म निर्माता-निर्देशक राज कुंवर सिंह को मिला प्रथम पुरस्कार

## राज कुंवर सिंह की दूसरी लघु फिल्म का हुआ प्रीमियर





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अरावली अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के तहत एम.एल भारतीय ऑडिटोरियम में युवा प्रतिभा राज कुंवर सिंह की दूसरी लघु फिल्म का प्रीमियर आयोजित किया गया। इस महोत्सव में राज कुंवर सिंह को बेस्ट थ्रिलर कैटेगरी में उनकी फिल्म 'नाइट वुमन' के लिए प्रथम पुरस्कार भी मिला। इस अवसर को राज कुंवर सिंह और उनके परिवार के लिए गर्व का क्षण बताया गया। इस मौके पर राज के पिता कर्नल सुधीर सिंह भी मौजूद थे। राज मूलतः औरंगाबाद के निवासी हैं और उनके चाचा (छोटे पापा) औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह हैं। वे दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं। कार्यक्रम में फिल्म के प्रदर्शन के दौरान दर्शकों ने राज के प्रयास और रचनात्मकता की सराहना की। परिवार की ओर से बताया गया कि यह उपलब्धि राज की मेहनत और सभी के आशीर्वाद का परिणाम है, जिसने इस मुकाम तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अरावली अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव जैसे मंच पर दूसरी लघु फिल्म का प्रीमियर होना ही राज के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इससे न केवल उनकी प्रतिभा को पहचान मिली है, बल्कि भविष्य में फिल्म निर्माण के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए नई संभावनाएं भी खुली हैं।

# जन सुरक्षा व अपराध नियंत्रण को लेकर जारी रहेगा विशेष अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के निर्देशानुसार जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखते हुए जिले में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस अभियान के तहत पुलिसकर्मी दिन-रात प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर तैनात हैं। दोपहिया और चारपहिया वाहनों की बारीकी से जांच की जा रही है, जिसमें वाहन के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट और अन्य सुरक्षा मानकों की जांच शामिल है। संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष ध्यान देते हुए पुलिस तुरंत कार्रवाई भी कर रही है। अभियान की खास बात यह है कि इसमें स्थानीय पुलिस के साथ-साथ अन्य सुरक्षा बलों की भी भागीदारी देखी जा रही है। ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक हर जगह पुलिस की सतर्कता बढ़ाई गई है। इससे न केवल अपराधियों में भय का माहौल बना है बल्कि आम जनता में भी सुरक्षा का विश्वास मजबूत हुआ है।

# सीबीएसई दसवीं परीक्षा : संस्कार विद्या के छात्रों ने लहराया सफलता का परचम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के अंतर्गत संचालित संस्कार विद्या के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई मैट्रिक परीक्षा 2026 में शानदार और दमदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। परीक्षा परिणाम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में ओम राज ने 96.4% अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं अविनाश चंद्रा (95.6%), बब्लू कुमार (95.4%), अनुकृति कुमारी (95%), अभिषेक कुमार (94%), रोहित कुमार (93.2%), नीरज कुमार (93.2%), खुशी कुमारी (92.6%) और सन्नी कुमार (92.2%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा अनमेषा कुमारी (90.4%), अंकित राज (89.4%), पीयूष कुमार (89.2%), विष्णु कुमार (88.8%), इशांत कुमार (88.6%) एवं आकृति सिंह (83%) सहित कई विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की मान-प्रतिष्ठा बढ़ाई। इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक सुरेश कुमार गुप्ता ने सभी सफल छात्रों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि ये छात्र विद्यालय के 'ब्रांड एंबेसडर' हैं और इन्होंने संस्थान का मान-सम्मान बढ़ाया है। सीईओ आनंद प्रकाश ने कहा कि विद्यालय का सपना छात्रों के माध्यम से साकार हो रहा है और वे निरंतर सफलता के उच्च शिखर की ओर अग्रसर हैं। डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि आज के तकनीकी युग में ये विद्यार्थी देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश ने कहा कि बदलते परिवेश में नवाचार ही सफलता की कुंजी है और विद्यालय के छात्र इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्रबंधन ने इस शानदार परिणाम के लिए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सफलता से पूरे विद्यालय परिवार में खुशी और गर्व का माहौल है।

# पुलिस की मौजूदगी में घरेलू गैस सिलेंडर का किया वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला अंतर्गत विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7132 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 7009 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धत है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। 16 अप्रैल तक जिला में कुल नए 169 पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके है।

# प्राथमिकता के आधार पर लोगों को मिले योजनाओं का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** एनपीजीसीएल के अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने अपने कार्यालय कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य एनपीजीसीएल के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत जिले में चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा करना तथा भविष्य की कार्ययोजना तैयार करना रहा। बैठक के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण एवं आधारभूत संरचना जैसे क्षेत्रों में सीएसआर के माध्यम से किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थानीय आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं का चयन किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। एनपीजीसीएल के अधिकारियों द्वारा भी अपने सीएसआर के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों एवं आगामी योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की गई तथा जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने का आश्वासन दिया गया। जिले के समग्र विकास हेतु प्रशासन एवं एनपीजीसीएल के बीच सतत समन्वय बनाए रखते हुए योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर गुरुवार को विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस क्रम में अग्निशमन भवन, औरंगाबाद परिसर से 5 किलोमीटर मैराथन का आयोजन किया गया, जो पुलिस लाइन, कर्मा मोड़, समाहरणालय एवं रमेश चौक होते हुए पुनः कर्मा मोड़ के रास्ते अग्निशमन भवन, औरंगाबाद में समाप्त हुआ। मैराथन में बिहार अग्निशमन सेवा, बिहार पुलिस, बिहार गृह रक्षा वाहिनी के पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय क्रिकेट अकादमी के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को जिला अग्निशमन पदाधिकारी द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया।

# रिकॉर्ड परिणाम के साथ लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल ने लिखी सफलता की नई कहानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय का परिणाम न केवल उत्कृष्ट रहा, बल्कि जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल भी कायम की है। इस वर्ष कुल 395 परीक्षार्थियों में से 393 छात्र-छात्राएं सफल रहे, जो 99.71% की प्रभावशाली उत्तीर्णता दर को दर्शाता है। विद्यालय का सर्वोच्च स्कोर 98% रहा। खास बात यह रही कि 45 छात्रों ने ए वन (91-100%) तथा 103 छात्रों ने ए टू (81-90%) ग्रेड प्राप्त कर विद्यालय के अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। मेधावी छात्रों में अंकुश कुमार (98%) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नेहा तिवारी (97%) एवं समीक्षा सिंह (97%) ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं सुम्बुल अकरम (96%) और नंदिनी सुहानी (96%) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा रौशन कुमार, सिद्धार्थ गुप्ता, गौतम कुमार, आदित्य राज एवं फरहीन फातमा ने 95% अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विषयवार प्रदर्शन भी बेहद उत्कृष्ट रहा। गणित में 8 छात्रों ने शत-प्रतिशत (100/100) अंक प्राप्त किए, जबकि 22 छात्रों ने 99 अंक हासिल किए। सामाजिक विज्ञान और विज्ञान में 35 छात्रों ने 99 अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की। कुल मिलाकर 60% से अधिक छात्रों ने 80% से ऊपर अंक प्राप्त किए। विद्यालय की इस सफलता के पीछे निदेशक डॉ. धनंजय कुमार की दूरदर्शी सोच और नेतृत्व को प्रमुख कारण माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम छात्रों और शिक्षकों की मेहनत का प्रतिफल है। हमारे विद्यार्थी देश-प्रदेश में नाम रोशन करने की क्षमता रखते हैं। प्राचार्य विजय कुमार एवं उप-प्राचार्य ओम प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में बोर्ड परीक्षा की तैयारी सुव्यवस्थित ढंग से कराई गई। शिक्षकों की मेहनत, नियमित परीक्षण, विशेष कक्षाएं और अभिभावकों के साथ समन्वय इस सफलता की आधारशिला बने। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभाशाली छात्रों को भी अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस शानदार उपलब्धि पर पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है और सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है।

# सीबीएसई 10वीं में डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष भी डीएवी पब्लिक स्कूल, दयानंद विहार के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में आकृति सोनम एवं अर्णव सिसोदिया ने 96.6% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं गार्गी सिंह ने 96.4% अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा साक्षी सिंह ने 95.4% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों ने विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम के आंकड़ों पर नजर डालें तो विद्यालय के 45 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 116 छात्र-छात्राओं ने 80% से अधिक अंक हासिल कर शानदार सफलता दर्ज की। यह उपलब्धि विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत को दर्शाती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य वी. के. पाठक ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन में योगदान देने वाले सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पॉक्सो समेत विभिन्न मामलों में 29 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में बुधवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 29 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 10 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार पॉक्सो में एक, एसटी-एससी एक्ट में 5, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 6 तथा अन्य मामलों में 17 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 188 लीटर देसी शराब एवं एक बाइक बरामद किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत 1319 वाहनों की जांच की गई जिसमें 85500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 1000 लीटर महुआ घोल विनिष्ट एवं एक भट्ठी को ध्वस्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है।

# युवक ने विधवा महिला से रचायी शादी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के शाहपुर स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण में एक युवक ने दोस्त की विधवा पत्नी से विवाह रचा समाज को आईना दिखाया है। जानकारी के अनुसार सदर प्रखंड क्षेत्र के अमोला बिगहा निवासी नीतीश ठाकुर की मई 2025 में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। घटना के बाद से पत्नी सोनी कुमारी एवं उसकी तीन बेटियां बेसहारा हो गई थी। महिला की बेवशी को देखते हुए उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के देवकली गांव निवासी नवलेश ठाकुर ने प्रबुद्ध लोगों के समक्ष विधवा का हाथ थामा। इससे उन तीन बेटियों को भी पिता का साया मिल गया है। युवक के इस कार्य की सराहना सभी लोग कर रहे हैं।

# विवेकानंद ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने सीबीएसई 10वीं में रचा कीर्तिमान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में विवेकानंद ग्रुप ऑफ स्कूल्स के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे पूरे संस्थान में खुशी का माहौल है। इस वर्ष कलेर निवासी रौनित राज ने 98% अंक प्राप्त कर टॉप किया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं नुरसबा ने 97% अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रमुख छात्रों में काजल राज, श्रेया भारती एवं अमरीन परवेज ने 95-95% अंक प्राप्त किए। आमना खान ने 94%, गुनगुन कुमारी ने 93.4%, हर्षित कुमार व सूर्यदेव मेहता ने 93%, जबकि ध्रुव कुमार यादव एवं राशि कुमारी ने 92.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसके अतिरिक्त प्रितिका साक्या, अनुराग कुमार, नगमा प्रविण, लक्ष्मी कुमारी एवं रॉकी कुमार सहित कई छात्रों ने 92% के आसपास अंक प्राप्त किए, जबकि सुकृति कुमारी (91%), अर्नव कुमार (91%), साक्षी सिन्हा एवं रागिनी कुमारी (90-90%) तथा अंशिका गुप्ता (90%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के निदेशक डॉ. शम्भू शरण सिंह ने कहा कि नई पीढ़ी ही श्रेष्ठ भारत का निर्माण करेगी। उन्होंने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चेयरमैन मनीष वत्स ने भी छात्रों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता जताई। इस अवसर पर प्राचार्य नरेन्द्र कुमार सिंह, प्रबंधक सुनील कुमार सिंह एवं उप-प्राचार्या सूची कुमारी ने कहा कि यह परिणाम विद्यालय के अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और छात्रों की मेहनत का प्रतिफल है। छात्रों ने भी अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**

31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**

मो.- 09818366269


RUNGTA INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT

RITM INSTITOTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT

*RUN BY - R. K. RUNGTA CHARITABLE TRUST*

(Approved by AICTE New Delhi, Affiliated to AKU/BEU Patna & SBTE Patna)

NEAR BLOCK OFFICE FORBESGANJ, ARARIA-854318. Contact No.: +91-9123283050

**NOTIFICATION FOR RECRUITMENT**

Applications are invited for the following positions in various departments. (Qualification and Experience as per relevant norms).

| S.No. | Post | Branch / Department | Qualification | Exp. | Vacancy |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Vice-Principal | [ - ] | (AICTE/AKU/BEU Norms) | ( - ) | (01) |
| 2 | Professor | [ - ] | (AICTE/AKU/BEU Norms) | ( - ) | (08) |
| 3 | Associate Professor | [ - ] | (AICTE/AKU/BEU Norms) | ( - ) | (08) |
| 4 | Assistant Professor | [ - ] | (AICTE/AKU/BEU Norms) | ( - ) | (26) |
| 5 | Principal | [ - ] | (M.Tech) | (7 Yrs) | (1) |
| 6 | HOD | [ - ] | Diploma in Engineering (CE/CSE/AI&ML/ME/EE)) | (5 Yrs) | (05) |
| 7 | Lecturer | [ - ] | Diploma in Engineering (CE/CSE/AI&ML/ME/EE)) | As per AICTE/ SBTE Norms | (14) |
| 8 | Lab Assistant | [ - ] | (Graduation) | ( - ) | (05) |
| 9 | Account Officer | Non-Tech | B.Com / M.Com / Knowledge of Tally | ( - ) | (01) |
| 10 | Librarian | Non-Tech | M.Lib | ( - ) | (01) |
| 11 | Office Manager | Non-Tech | Graduation | ( - ) | (03) |
| 12 | Admission Counselor | Non-Tech | Graduation | ( - ) | (04) |
| 13 | Receptionist | Non-Tech | Graduation | ( - ) | (02) |
| 14 | Clerk | Non-Tech | B.Com | ( - ) | (02) |
| 15 | Peon | Non-Tech | Intermediate | ( - ) | (06) |
| 16 | Electrician | Non-Tech | ITI | ( - ) | (01) |
| 17 | Generator Operator | Non-Tech | ITI | ( - ) | (02) |
| 18 | Hostel Supt. | Non-Tech | Graduation | ( - ) | (01) |
| 19 | Hostel Warden | Non-Tech | Graduation | ( - ) | (02) |
| 20 | Driver | Non-Tech | Matriculation with HMV License | ( - ) | (05) |
| 21 | Matron | Non-Tech | Matriculation | ( - ) | (02) |
| 22 | Gardener | Non-Tech | Middle School | ( - ) | (02) |
| 23 | Plumber | Non-Tech | ITI | ( - ) | (01) |
| 24 | ANM | Non-Tech | Nursing | ( - ) | (01) |
| 25 | Housekeeping Staff | Non-Tech | Middle School | ( - ) | (10) |

**DESIRABLES**

- Competency in Research and Industry Connect.
- Proficiency in Innovation and Product Development.
- Working knowledge related to NAAC/NBA processes.
- Exposure to technologies like AI/ML/Data Science (from the Branch list).

Interested candidates can mail their application with all the necessary testimonials and CV to **hr@ritm.ac.in** on or before **10 days from this advertisement.**

For - Chairman

*101-107, 1st Floor, Pragati Tower, 26, Rajendra New Delhi Reg. No. - 2026.*